जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 20 अगस्त, 2022



## विचार बिन्दु

**उत्साह से बढ़कर कोई दूसरा बल नहीं है, उत्साही मनुष्य के लिए संसार में कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है। –वाल्मीकि**

# शिक्षा में भी भयावह भ्रष्टाचार

प्रधानमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस 2022 के उद्बोधन में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की आलोचना की है। यह सही भी है कि ये दोनों बुराइयाँ इस देश को दीमक की तरह चाट कर खोखला कर रही हैं। प्रत्येक भारतीय इसका शिकार है। जहाँ तक परिवारवाद का प्रश्न है वह एकतंत्र, राजशाही और तानाशाही से कम नहीं है। रुका हुआ पानी सड़ने लगता है। परिवारवाद में भी जब एकाधिकार हो जाता है तो विकृतियाँ आना स्वाभाविक है। आख़िर क्यों पीढ़ी दर पीढ़ी हम शासन को अपनी बपौती मानने लगते हैं। क्या कोई स्थायी पट्टा उनके नाम का ईश्वर ने भेज दिया है? देश के कई प्रांतों में परिवारवाद की झलक मिल जायेगी, या तो वह है या उसका सदैव प्रयास रहता है। कर्नाटक, तमिलनाडू, आंध्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, ओडिसा, पश्चिम बंगाल, आदि में कुछ ने पूर्व में परिवारवाद भोगा है और कुछ में यह बुराई लाने का प्रयास चलता रहता है। इससे ही जुड़ा एक मुद्दा और है कि मुख्यमंत्री जो भी एक बार बन जाता है वह जीवनपर्यंत मुख्यमंत्री रहना चाहता है भले ही उसे अनुचित काम ही क्यों न करना पड़े। राजस्थान और बिहार इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। राजस्थान में वर्तमान मुख्यमंत्री येन केन प्रकारेण सदैव मुख्यमंत्री रहना चाहते हैं तो बिहार में मुख्यमंत्री ने गठबंधन बदल-बदल कर अनेक बार मुख्यमंत्री की शपथ ली है। यह घोर अनैतिकता है। नैतिक मूल्यों की धज्जियाँ उड़ा कर ये राज्य व देश की जनता के सामने घोर चारित्रिक पतन और सत्ता लिप्सा का उदाहरण रखते हैं।

इस प्रकार के भ्रष्ट आचरण से जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्ट आचरण को बढ़ावा मिलता है। राजनीतिक गठबंधन के साथ कइ नीतिगत समझौते करने पड़ते हैं। स्वार्थ पूर्ति करनी पड़ती है और अनुचित कार्य भी करने पड़ते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री की छवि कुछ अच्छी थी, परंतु उनके लिये अब तो 'पलटूराम' शब्द प्रचलित हो गया है। ऐसे भ्रष्ट आचरण की जहाँ कहीं भी वह हो भर्त्सना करनी चाहिये।

राजनीतिक भ्रष्टाचार का प्रभाव शिक्षा पर भी पड़ता ही है और बिहार, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में फर्ज़ी डिग्री, फर्ज़ी विश्वविद्यालय व नकल के सबसे अधिक प्रकरण सामने आते रहते हैं।

शिक्षा में भ्रष्टाचार उसके अंकुरण से ही प्रारंभ हो जाता है। छात्र हैं तो स्कूल नहीं और स्कूल है तो छात्र नहीं। कहीं भवन नहीं तो कहीं शिक्षक नहीं। शिक्षक हैं तो अधिकांश अयोग्य और अकर्मण्य। उनकी शिक्षा भी तो ऐसी हुई कि पढ़ना चाहा नहीं, या तो सभी उत्तीर्ण कर दिये गये या नकल करके पास हो गये। हाँ अपवाद तो होते ही हैं पर ये नगण्य हैं। शिक्षकों को न विषय का ज्ञान है और न ही हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में सही अभिव्यक्ति का। शिक्षण ही नहीं प्रशिक्षण भी बिना उपस्थिति के पूरा हो जाता है। अब बारी आती है शिक्षक भरती की तो कहीं परिवीक्षक नकल कराते हैं तो कहीं छात्र व शिक्षक सभी स्तरों पर नकल के नये-नये तरीके अपनाते हैं। इलेक्ट्रोनिक माध्यमों से भी यह नकल का धंधा खूब चलता है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा में राजस्थान व बिहार व पश्चिम बंगाल में अनुचित साधनों की खूब चर्चा होती है। पश्चिमी बंगाल ने तो भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मेरिट लिस्ट ही बदल गई। भर्ती के नाम पर लाखों रुपये लिये गये और करोड़ों के ढेर स्नान घर में लगाये गये। एक मंत्री हटाये गये और वे हिरासत में हैं।

यही हाल विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों का है। अधिकांश शिक्षक स्वयं विषय निष्णात नहीं हैं।

> **हाँ, एक अत्यावश्यक कदम और उठाना होगा राजकीय शिक्षकों की प्राइवेट ट्यूशन और राजकीय चिकित्सकों की प्राइवेट प्रेक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध हो, राजकीय कर्मचारियों/अधिकारियों व पदासीन राजनेताओं की शिक्षा व चिकित्सा राजकीय विद्यालयों व चिकित्सालयों में हो। कोचिंग सेन्टर बंद किये जायें।**

सिफारिशों से अधिकांश भरती होती है या फिर रिश्वत दी जाती है। कई कुलपति भरती घोटालों में लिप्त रहे हैं और उन्हें हटाया भी गया है। राजस्थान में उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर आदि सभी प्रमुख विश्वविद्यालय के कुलपति भ्रष्टाचार में लिप्त पाये गये हैं। कुलपतियों ने विश्वविद्यालय होने, उसका भवन तैयार होने का प्रमाण पत्र दिया जबकि वहाँ कुछ नहीं था।

एक विश्वविद्यालय ने फर्ज़ी मार्क शीट और वह भी उसका शुल्क हड़प कर भ्रष्टाचार हुआ। कहीं 120 सीट के स्थान पर 180 सीट कर दी गईं। ये सब भ्रष्टाचार के नमूने हैं। विश्वविद्यालय में नौकरी चलती रहती है, पदोन्नति होती रहती है और शिक्षक राजनीति में पूर्णकालिक सेवा देते रहते हैं। लेक्चरर हेतु पीएचडी को निरंतर मान्यता देकर फर्ज़ी व निम्नस्तरीय डिग्री को बढ़ावा मिला है।

शिक्षा व चिकित्सा में नैतिकता किसी भी राष्ट्र के नैतिक स्तर के मानदंड हैं, पर हमारे देश में इन दोनों ही क्षेत्रों में घोर भ्रष्टाचार पनप रहा है। चिकित्सा हेतु करोड़ों की राशि वसूल की जाती है और साधनों के पूर्ण अथवा आंशिक अभाव में प्रशिक्षण होता है। शिक्षा व चिकित्सा दोनों में रिज़र्वेशन (आरक्षण) ने कोढ़ में खाज का काम किया है। अयोग्य शिक्षक व चिकित्सक ही नहीं, भ्रष्ट आचरण वाले शिक्षकों व चिकित्सों को इससे बढ़ावा मिला है।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन में भ्रष्टाचार का उल्लेख है, पर उसका उन्मूलन अपने आठ वर्ष के शासन में तो नहीं कर पाये हैं। शायद यह कहना ठीक होगा कि भ्रष्टाचार बेशर्मी व बेझिझक से खुलेआम शिष्टाचार की तरह हो गया है।

केन्द्र व राज्य सरकार का कोई भी विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। मंत्रियों की नाक के नीचे अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार करते हैं। केन्द्र व राज्य सरकारों ने कभी भी भ्रष्टाचार मिटाना ही नहीं चाहा, क्योंकि प्रत्येक राजनेता व अधिकारी को पैसा चाहिये। प्रति वर्ष जो गोपनीय प्रतिवेदन भरे जाते हैं उनमें सभी राजनेताओं से अपने व परिवार की सम्पत्ति का ब्यौरा देना होता है, क्या उसकी कभी कोई जाँच होती है? वह प्रारंभ करें। राजनेता शिक्षा से प्रत्येक स्तर पर दूर रहें, दखल न दें। प्रत्येक स्तर पर चयन में पारदर्शिता लायें।

चुनाव हेतु भ्रष्ट तरीकों से पैसा वसूल न करें। बेईमान कर्मचारियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर नई भरती करें। भ्रष्टाचार तभी मिटेगा।

हाँ, एक अत्यावश्यक कदम और उठाना होगा राजकीय शिक्षकों की प्राइवेट ट्यूशन और राजकीय चिकित्सकों की प्राइवेट प्रेक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध हो, राजकीय कर्मचारियों/अधिकारियों व पदासीन राजनेताओं की शिक्षा व चिकित्सा राजकीय विद्यालयों व चिकित्सालयों में हो। कोचिंग सेन्टर बंद किये जायें। राजकीय शिक्षा व चिकित्सा संस्थानों में शिक्षण अथवा उपचार की व्यवस्था न होने पर ही अन्यत्र शिक्षा व चिकित्सा संस्थानों में भेजा जाय। विदेशों में सरकारी व्यय पर शिक्षा व चिकित्सा स्वदेश में उपलब्ध नहीं हो तो ही भेजा जाय। डिजिटिलाइज़ेशन में भी वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखा जाय, क्योंकि कई के लिये उसे सीखना अब संभव नहीं है। जनता भी निश्चय ही भ्रष्टाचार में सहभागी है। वह भी अपने उचित-अनुचित सभी कार्यों हेतु भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, उसे भी भ्रष्ट कर्मचारियों/अधिकारियों व राजनेताओं के आचरण की जानकारी उच्च अधिकारियों, मंत्रियों को बताना चाहिये और उसके आधार पर पदोन्नति व चुनाव लड़ाने पर रोक हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

## राशिफल शनिवार 20 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 4:40 तक, व्याघात योग रात्रि 9:41 तक, तैतिल करण दिन 12:04 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 4:40 तक रहेगा। ज्वालामुखी योग रात्रि 1:09 तक है। आज बुध कन्या राशि में रात्रि 2:06 तक है। आज गोगा नवमी, नन्द महोत्सव, रोहिणी व्रत, अश्वत्थ मारूती पूजन है। आज राजीव गांधी जयन्ती और सद्भावना दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:41 से 9:17 तक, चर 12:30 से 2:07 तक, लाभ-अमृत 2:07 से 5:20 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:04, सूर्यास्त 6:56

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

**वृष**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृश्चिक**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। धन प्राप्त होगा।

**धनु**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। भाई-बंधुओं-मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# उदयपुर संभाग में गवरी लोकानुष्ठान की धूम

उदयपुर संभाग में भील समुदाय का धार्मिक लोक नाट्य अनुष्ठान गवरी का पावन पर्व रक्षाबंधन के दूसरे दिन (ठंडी राखी) भादो महीने की एकम से प्रारंभ हो गया है। मेवाड़ क्षेत्र में यह गवरी लोक नाट्य अश्विन माह की नवमी तक पूरी आस्था, भक्ति भाव, उत्साह एवं धूमधाम से मंचित किया जा रहा है। मेवाड़ अंचल में भील समुदाय के लोगों ने गौरजा देवी के देवरों में जाकर परंपरा अनुसार पाती लेकर गवरी लोक नाट्य का मंचन प्रारंभ कर दिया है। चालीस दिन तक चलने वाले इस पर्व में भील समुदाय देवी पार्वती की प्रतीक गौरजा देवी की आराधना में तल्लीनता के साथ जुट गए हैं।



पन्नालाल मेघवाल

राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं में यह नृत्य नाटिका सबसे अनूठी है। यह भील जनजाति का लोक नाट्य नृत्यानुष्ठान है, जो सैकड़ों वर्षों से प्रतिवर्ष नियमित रूप से मनाया जाता है। भील समाज की मान्यता है कि भगवान शिव उनके दामाद है और गौरजा अर्थात् पार्वती बहन-बेटी है। ठंडी राखी के दिन कैलाश पर्वत से गौरजा अपने पीहर मृत्यु लोक में सभी से मिलने आती है। गवरी खेलने के बहाने सवा माह तक अलग-अलग गांव में यह सबसे मिलती है। जनजाति के लोग गौरजा देवी को सर्व कल्याण तथा मंगल की प्रदात्री मानते हैं।

गवरी लोक नृत्य नाटिका खेलने वालों को खेल्ये कहा जाता है। गवरी लोक नाट्य मंचन के दौरान पूरे सवा महीने तक यह खेल्ये मात्र एक समय भोजन करते हैं। वह नहाते नहीं है तथा हरी सब्जी, मांस-मदिरा, स्त्री गमन का त्याग करते हैं। पांव में जूते नहीं पहनते हैं। एक बार घर से बाहर निकलने के बाद सवा माह तक अपने घर भी नहीं जाते हैं।

एक गांव का गवरी दल केवल अपने गांव में ही नहीं नाचता है, अपितु हर दिन उस अन्य गांव में जाता है, जहां उनके गांव की बहन-बेटी ब्याही गई है। नृत्य के अंत में गवरी को न्यौतने वाली बहन-बेटी उन्हें भोजन कराती है और कपड़े भेंट करती है, जिसे पहरावणी कहते हैं। कई बार जिस बहन-बेटी के गांव में गवरी खेली जाती है उस गांव में सभी मिलकर भोजन एवं पहरावणी का बंदोबस्त करते हैं।

गवरी नृत्य के लिए दल का गठन करते समय कलाकारों के लिए कपड़ों, गहनों और साज सज्जा आदि पर आने वाले खर्च को पूरे गांव के सभी जातियों के लोग मिल-जुल कर वहन करते हैं। जो कलाकार गवरी में जिस पात्र का अभिनय करता है, अक्सर वह हर समय उसी की वेशभूषा पहने रहता है। गवरी का आयोजन शहर एवं गांव के अलग-अलग स्थानों पर प्रात: 9 बजे से सांय 6 बजे तक चलता है। इसमें 15-16 वर्ष के युवकों से लेकर 50-60 वर्ष तक के पुरुष भाग लेते हैं। नृत्य नाटिका में 50-60 लोग पूर्ण हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हैं। गांव में हर तीसरे वर्ष गवरी ली जाती है।

गवरी खेल में दो मुख्य पात्र राईबुड़िया और राईमाता सबसे अहम होते हैं। राईबुड़िया को शिव तथा राईमाता को पार्वती माना जाता है। इसलिए दर्शक इन पात्रों की पूजा भी करते हैं। गवरी का मूल कथानक शिव और भास्मासुर से संबंधित है। इसका नायक राईबुड़िया होता है, जो शिव तथा भस्मासुर का प्रतीक है। राईबुडिया की वेशभूषा विशिष्ट होती है। गवरी के मुख्य खेलों में कान्ह-गुजरी, कालू कीर, बणजारा, मीणा, नाहर-सिंही, नाहर, कालका देवी, कालबेलिया, रोई-माछला, सूर-सूरडी, भंवरा-दानव, बडल्या-हिंदवा, कंजर-कंजरी, नौरतां, हरिया-अंबाव, खेतूड़ी एवं बादशाह की सवारी जैसे कई खेल आकर्षण का केंद्र होते हैं।



रक्षाबंधन के दूसरे दिन से ठीक चालीसवे दिन गडावण- वलावण पर्व के साथ गवरी का समापन किया जाता है। इस दिन गौरजा देवी की गजारूढ प्रतिमा को जल में विसर्जित किया जाता है। खेल्ये मिट्टी से गौरजा देवी की हाथी पर आरुढ़ प्रतिमा बनाते हैं। जिस दिन गौरजा देवी की प्रतिमा बनाई जाती है, उसी दिन गडावण पर्व मनाया जाता है। जिस दिन इसे विसर्जित किया जाता है उस दिन को वलावण पर्व कहा जाता है।


**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक**
**एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# आई सी यू मत भेजजे

ठाकुर जी की पूजा के सामने बैठी माँ, माला के मणिये घुमा रही थी। प्रणाम करने आया तो इशारे से बैठने को कहा। माला का फेरा पूरा होने पर दोनों आखों से लगा, माला को रखा। बोली, 'म्हारा माथा पर हाथ रख'र कह कै मैं कहूं बो करैगो।' कहने लगी, 'मनै आखरी 'टेम' अस्पताल मत लेज्याजे। :दुरगत' 'म'तां कराजे।' दुर्गति (इनडिग्निटी) की उनकी अपनी सोच अपनी अवधारणा थी। माँ की इच्छा :-

**माळा मनका फेरती, बोली थी यूं मात।**
**के करणों उण टेम पर, सुण तू म्हारी बात।।**
**नीचै मनै उतारजै, गोडो दीजे माथ।**
**म्हारी खुली हथेलियां, रखजे थारा हाथ।।**
**चेत नहीं, चित सै घणीं, ल्यूँगी मैं पहचाँण।**
**साँ का सुर, साँ की छुअन, रोम रोम की बाण।।**
**दुर्गत मता करायजे, सघन इकाई ष्जे।**
**नळी, षेगळया जकड़ कर, मोत जोहती सेज।।**
**अपणो जीवण जी चुकी, थाँ मैं जीउँ चाह।**
**मौत टळै दुर्गत हु'अै, आ म्हारी नी चाह।।**
**दुर्गत मता करायजे, नळयाँ, षेगळयाँ डाळ।**
**कंठा अटकै जीव ओ, टक-टक जोऊँ काळ।।**
**थाँ खातिर ही मैं जिई, ओ ही म्हारो नेम।**
**आई. स्यू. मत ष्जजे, मनै आखरी टेम।।**

मैंने अपने सहयोगी को माँ की इच्छा के बारे में बताया। छूटते ही बोले-'यह तो आत्म हत्या है।' मैंने उन्हें समझाया कि किसी भी व्ययस्क सक्षम व्यक्ति के होशो हवाश में लिए गए निर्णय के खिलाफ आप उसके शरीर पर कुछ नहीं कर सकते। उसकी स्वीकृति (कसेन्ट) आवश्यक है। नकारात्मक निर्णय (डिनायल आफ कसेन्ट) भी बाध्यकारी होता है। यह व्यक्ति की स्वायत्तता (ऑटोनोमी) के अधिकार में आता है। भविष्य के लिए लिए गए ऐसे निर्णय को एडवांस डायरेक्टिव अथवा लिविंग विल



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

(वसीयत) कहते हैं। 'मुझे वेन्टीलेटर न लगाया जाए', 'जब मेरे दिल की धड़कन बंद हो जाय तब सी पी आर कर मुझे वापस जिलाने की चेष्टा न की जाए', 'डू नॉट रिसेसिटेट' ऐसे एडवांस डायरेक्टिव देने का अधिकार सक्षम व्यक्ति का है। इसे चिकित्सकीय भाषा में 'डी एन आर' कहा जाता है। हर व्यक्ति को डिग्निफाईड डेथ – मर्यादित मृत्यु का अधिकार है। क्या मर्यादित है, दुर्गति क्या है, यह हर व्यक्ति की व्यक्तिगत अवधारणा होती है। देह का मोह त्याग, मृत्यु को सहज स्वीकारना सरल नहीं होता। पीड़ा रहित सहज स्वाभाविक मृत्यु की अपेक्षा और आकांक्षा हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति की अपनी अपनी अवधारणा होती है।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# किरवाड़ा निवासी राजेश वर्मा राष्ट्रपति के सचिव बने

**श्रीमहावीरजी,** (निसं)। भारत सरकार ने उड़ीसा केडर से 1987 में आईएएस बने राजेश वर्मा को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का सचिव नियुक्त किया है। इससे पहले राजेश वर्मा उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सचिव व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के विभाग में सचिव पद पर कार्यरत रहे।

राजेश वर्मा के पिता श्रीराम वर्मा चीफ जनरल मैनेजर (आई ई एस ) से 2003 में सेवानिवृत्त हुए। राजेश वर्मा के छोटे भाई राकेश वर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बहन डॉ. आशा वर्मा जनाना हॉस्पिटल एसएमएस जयपुर की अधीक्षक है। गांव किरवाडा में राजेश वर्मा के राष्ट्रपति के सचिव बनने पर खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर के आपस में मिठाई खिला कर प्रसन्नता जाहिर की।



**भारत सरकार ने उड़ीसा केडर से 1987 में आईएएस बने राजेश वर्मा को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का सचिव नियुक्त किया।**

# आपणी पाठशाला में पहुंचा जापान का प्रतिनिधि मंडल

- **प्रतिनिधि मंडल ने सांसद राहुल कस्वां के साथ किया निरीक्षण**
- **जापानी प्रतिनिधि मंडल ने अनूठी पहल की प्रशंसा की**

**चूरू,** (कासं)। बच्चों से रूबरू होने के लिए जापान के प्रतिनिधि मंडल के साथ सांसद राहुल कस्वां चूरू ज़िला मुख्यालय पर चल रही आपणी पाठशाला में पहुंचे। उन्होंने यहां धर्मवीर जाखड़ द्वारा संचालित आपणी पाठशाला का निरीक्षण किया। संस्था संरक्षक प्रो एच आर इसरान ने बताया कि गरीब व वंचित बच्चों के हितार्थ धर्मवीर जाखड़ द्वारा चलाई जा रही आपणी पाठशाला समाज सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। गरीब बच्चों के भविष्य को सुधारने का अनुकरणीय प्रयास आपणी पाठशाला चूरू द्वारा किया जा रहा है। जापानी प्रतिनिधि मंडल ने इस अनूठी पहल की प्रशंसा की। जापानी दूतावास के राजनीतिक सलाहकार केनतारो ओरिता ने कहा कि आपणी पाठशाला की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर जापान सरकार को भेजेंगे।

केनतारो ने इस पूरे कार्य में शिक्षक की भूमिका निभा रहे शिक्षक टीम की सरहाना की। इस पर धर्मवीर जाखड़ ने उपस्थित शिक्षक टीम से परिचय करवाया। मौके पर मौजूद सभी शिक्षकों ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जापान दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धार्थ कुमार, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिला प्रमुख वंदना आर्य सहित प्रशासनिक अधिकारी, संस्था सदस्य धर्मवीर जाखड़, मुकेश देवी, दिलीप सरावग, राजेन्द्र सुंडा, दीपचंद सहारण आदि उपस्थित रहे।

# किंजर धाम मेले में रहा कुश्तियों का रोमांच

**हिण्डौन/ टोडाभीम,** (निस)। समीपवर्ती आस्थाधाम किंजर धाम में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक मेले में हजारों भक्तों ने दर्शन कर मन्नतें मांगी।इस अवसर पर कुश्तियों का रोमांच रहा, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आस्थाधाम स्थित पवित्र गुफा के दर्शन कर भक्तों ने चरणामृत लिया।

- **किसान नेता रामनिवास ने पहलवानों को किया पुरस्कृत**

गांव भंडारी की पहाड़ी की तलहटी स्थित प्राचीन तपोभूमि किंजर बैकुंठ धाम पर हर वर्ष की भांति शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। मेले में सुबह से ही धर्मप्रेमियों का आना शुरू हो गया। दोपहर तक उपखंड सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए हजारों भक्तों ने ठाकुरजी महाराज तथा पवित्र गुफा के दर्शन कर मन्नतें मांगी। इस अवसर कुश्ती एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों प्रतियोगियों ने भाग लिया। मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की माकूल व्यवस्था रही। मेला आयोजन से जुड़े राजेन्द्र सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान, बिशन सिंह चौहान, भवानी सिंह चौहान आदि ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन व्यवस्था में पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया। मेले में मुख्य आकर्षण कुश्तियों का रोमांच रहा। कुश्ती दंगल में आसपास सहित दूरदराज से आए पहलवानों ने दांवपेंच दिखाए। आखिरी 31 हजार की इनामी कुश्ती बयाना के पहलवान लाखन और अलवर के पहलवान तौफीक के बीच हुई, जो बराबर में छूटी।



**आस्थाधाम किंजर धाम में आयोजित वार्षिक मेले में कुश्तियों का रोमांच रहा, जिसमें विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।**

## पगड़ियां बांधकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बीकानेर,** (कासं)। सुजानदेसर, बीकानेर के कमल भाटी ने एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 15 अगस्त के दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानदेसर में बच्चों के सिर पर मात्र 57 मिनट में 215 साफा बाँधकर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने पहले भी दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हुए हैं। ये लगभग 150 से ज्यादा तरह के साफा बाँध सकते हैं। इन्होंने 675 मीटर लम्बी पगड़ी बांधकर भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है और साथ ही माचिस की तीली पर भी पगड़ी बाँधकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। आंखों पर पट्टी बाँधकर कर भी ये साफा बांधने में माहिर हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि कमल ने भगवान लड्डू गोपाल के लिए साफा फ्री सेवा कर रखी है।

- **कमल भाटी ने 57 मिनट में 215 साफे बांधे**

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 19 प्रभात जयपुर, शनिवार 20 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT



The call of the mountains comes at a price

Today, I live with full acceptance & gratitude: I am here because the mountains have let me.

SPACE: Origin Of The Moon

CULTURE: Immunity-Boosting Food

A recipie has no soul but the ingredients & culture of food does.



*जॉर्जिया में इस बार लॉगरहैड सी टर्टल नैस्टिंग का नया रिकॉर्ड बना है। इस वर्ष तीन अगस्त को यहां टर्टल नैस्ट की गिनती 3,960 पहुंच गई जो कि 33 साल में, अर्थात् 1989 से सर्वे शुरु होने के बाद से, सर्वाधिक थी। वर्ष 2004 में सबसे कम 358 नैस्ट देखे गए थे, उसे देखते हुए नैस्ट की संख्या दस गुना बढ़ गई है। जॉर्जिया सी टर्टल प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर मार्क डॉड, जो वरिष्ठ वन्यजीव वैज्ञानिक हैं, ने कहा कि लॉगरहैड टर्टल लम्बा जीते हैं और 35 साल की उम्र के बाद प्रजनन कर पाते हैं। जॉर्जिया की लॉगरहैड टर्टल की आबादी को अमेरिका में ''खतरे में'' माना गया है। हालांकि इनकी आबादी 1990 के बाद से प्रति वर्ष चार प्रतिशत बढ़ी है, पर लक्ष्य हासिल करने में 20 साल और लगेंगे। लगभग 300 पाउण्ड वजनी मादा लॉगरहैड मई से अगस्त के बीच प्रजनन के लिए तट पर आती है और जमीन में गड्ढा करके प्रायः रात में अंडे देती है। यहां जितने भी सी टर्टल घर बनाते हैं, सभी की सुरक्षा और निगरानी जॉर्जिया सी टर्टल कोऑपरेटिव नामक संस्था करती है। संस्था लगभग तीस साल से नैस्टिंग सीज़न के दौरान क्षेत्र की निगरानी कर रही है।*

# ''गैर स्थानीय'' निवासियों को मतदान का अधिकार मिलेगा कश्मीर में

## इस नयी व्यवस्था से 23 लाख नये वोटर जुड़ेंगे कश्मीर के टोटल 76 लाख मतदाता की सूची में

-श्रीमंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। बिहार की राजनीतिक सत्ता के हाथ से जाने और बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी के मुद्दो पर नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रदर्शन को लेकर आम जनता की असहजता से निराश भाजपा गुजरात के आगामी विधानसभा चुनावों में एक बार फिर कश्मीर मुद्दे का बढ़ा-चढ़ा कर प्रचार कर सकती है। गुजरात के बाद कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं।

जम्मू और कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी हृदेश कुमार ने बुधवार को घोषणा की कि अगले वर्ष होने जा रहे विधानसभा चुनावों में राज्य से बाहर के लोगों को भी वोट देने की अनुमति दी जाएगी। इसका मतलब है कि 3 लाख अतिरिक्त वोटर्स का जुड़ना या क्षेत्र के मतदाताओं की सूची में 30 प्रतिशत वोटर्स बढ़ जाना। इस सूची में वर्तमान में 76 लाख वोटर्स हैं। नए वोटर्स में सैन्य कर्मी, प्रवासी मजदूर और प्राइवेट सैक्टर के कर्मचारी होंगे। यह कदम भाजना के ''एक देश-एक संविधान'' सिद्धान्त पर फिट बैठता है क्योंकि अपने गृह राज्य के बजाए अन्य राज्यों में रह रहे भारतीय नागरिक कुछ निश्चित मापदण्डों को पूरा करते हैं तो उन्हें वोट देने की अनुमति है। कश्मीर जो कि भारत का एकमात्र मुस्लिम बाहुल्य राज्य है और जिसने पिछले तीन दशकों में बगावत फेली है, में इसको लेकर चिन्ताएं बढ़ गई हैं, कि केन्द्र सरकार यहां बड़े प्रभावी जनसांख्यिकीय परिवर्तन करना चाहती है। अगस्त 2019 से जब धारा 370 समाप्त की गई, भारत सरकार ने नए आवास कानून सहित कई विधायी कदम उठाए हैं, इनके तहत क्षेत्र में 15 वर्षो से अधिक समय तक निवासरत प्रत्येक भारतीय को नागरिकता का अधिकार प्रदान किया गया है। गैर कश्मीरीयों को भी घाटी में जमीन खरीदने के अधिकार दिए गए हैं।

मोदी सरकार ने पूर्व में राज्य के एक नये चुनावी मानचित्र की घोषणा की थी, जिसमें हिन्दू बाहुल्य जम्मू क्षेत्र में विधानसभा सीटों की संख्या 37 से बढ़ाकर 43 कर दी गई थी। यद्यपि कश्मीर घाटी में एक ही निर्वाचन क्षेत्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सेना के जवान व अफसर, माइग्रैंट लेबर तथा प्राइवेट सैक्टर व पब्लिक सैक्टर के कर्मचारी अब कश्मीर में मतदान के अधिकारी होंगे, अगर वे पन्द्रह साल से ज्यादा समय से कश्मीर में रह रहे हैं। इन लोगों को कश्मीर में सम्पत्ति खरीदने का अधिकार भी मिलेगा।**
- **यह नयी व्यवस्था, जिसकी घोषणा कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी हृदेश कुमार ने बुधवार को की थी, भाजपा के ''एक देश, एक संविधान'' सिद्धांत पर आधारित है।**
- **अतः अगर इस व्यवस्था का भाजपा को कश्मीर के चुनाव में ज्यादा लाभ मिले ना मिले, पर देश में गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, व छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावों में जरूर लाभ मिलेगा।**
- **महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्ला आदि, कश्मीर के नेताओं ने इसे, ''बाहरी वोटर'' लाकर कश्मीर में चुनाव जीतने की मोदी सरकार की साजिश बताया।**

# 'प्रॉफैशनल जीवन में पिछड़ने से रोकने के लिये अंग्रेजी माध्यम के स्कूल व कॉलेज खोलेंगे'

## हिन्दी भाषी छत्तीसगढ़ ने भी बच्चों व युवाओं को अंग्रेजी में पारंगत करने की स्कीम बनायी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। हिन्दी बैल्ट के राज्य छत्तीसगढ़ ने निर्णय लिया है कि उसे अपने युवाओं को व्यवसाय एवं रोज़गार बाजार की प्रतिस्पर्द्धा में खड़ा करने के लिये अंग्रेजी की जरूरत है।

यही कारण है कि छत्तीसगढ़ सरकार अगले शैक्षणिक सत्र, 2023 से अंग्रेजी माध्यम के 10 कॉलेज खोलेगी। राज्य में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय तो पहले से ही बड़ी संख्या में संचालित हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्विटर पर अपने इस निर्णय की घोषणा करते हुये कहा कि सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को और बढ़ावा देना है।

कई राज्यों ने उनकी सरकारों द्वारा संचालित चयनित स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षण के माध्यम के रूप अंग्रेजी का चयन कर लिया है क्योंकि अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना आज युवाओं की आम आकांक्षा बन चुका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, ने इस आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाते हुये, कुछ सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम शुरु कर दिया था क्योंकि वे चाहते थे कि राज्य के बच्चे प्रतियोगिता के क्षेत्र में पीछे न रहें। इसी प्रकार, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने भी कई साल पहले अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय खोल दिय हैं।

अभी-अभी आंध्र प्रदेश ने भी अपने स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का रूप दे दिया है तथा राज्य सरकार चाहती है कि आगामी कुछ ही वर्षों में राज्य के सभी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बन जायें। राज्य के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने इस प्रोजैक्ट में निजी रुचि ली है तथा राज्य सरकार का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों तथा कैरियर निर्माण के अवसरों के लिए पूरी तरह तैयार करना तथा उन्हें वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित होने में समर्थ बनाना है। अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की माँग समाज के सभी वर्गों, खासतौर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की ओर से आती रही है।

श्री वास्तव ने कहा कि लेकिन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती होगी- विभिन्न विषयों को अंग्रेजी भाषा में पढ़ाने में सक्षम शिक्षकों और व्याख्याताओं की तलाश। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि विभिन्न सरकारी कॉलेजों के मौजूदा शिक्षकों के पास इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने लायक अंग्रेजी भाषा हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता।

राज्य सरकार ने अभी-अभी हाल ही में 1300 असिस्टैंट प्रोफेसर रखे हैं जिनमें से बहुत से लोग अंग्रेजी माध्यम में पढ़ा सकते हैं तथा इसलिये नये कॉलेजों के लिये और शिक्षक लेने की जरूरत नहीं है।

सरकार ने तय किया है कि राज्य में 422 नये स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और खोले जायेंगे। ज्ञातव्य है कि इस समय अंग्रेजी माध्यम के 247 विद्यालय संचालित हैं।

लेकिन आलोचकों ने सरकार के इस कदम का स्वागत करने में सचेत रहते हुए, प्रतीक्षा करने, देखने तथा उसके बाद कोई टिप्पणी करना बेहतर समझा है। ये लोग अभी बहुत आशंकित है क्योंकि इस समय संचालित 44000 सरकारी विद्यालयों में से कुछ विद्यालयों में तो मूलभूत सुविधाएं तक भी नहीं हैं।

- **यह स्कीम नरेन्द्र मोदी ने चालू की थी, जब वे गुजरात के मु.मंत्री थे तथा अब इस सोच को अपनाने वालों में उत्तर प्रदेश, आंध्र, आदि हैं।**
- **पर, सभी जगह वो ही दिक्कत सामने आ रही है, जो राजस्थान में आई है, इन नये स्कूल कॉलेजों के लिये अध्यापक कहां से लायें।**
- **कई राज्यों में, उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ के 44,000 सरकारी स्कूलों में काफी स्कूलों में से अभी बेसिक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं, नये टीचर्स की नियुक्ति तो दूर की बात है।**

# 35 लाख रू. की लूट

चिड़ावा, 19 अगस्त (निसं)। शहर के पिलानी बाइपास पर श्याम मंदिर के सामने गली में रहने वाले रिटायर्ड फौजी के घर हथियाबन्द लुटेरों ने घुसकर, फौजी को बंधक बनाकर लाखों की लूट की वारदात को अंजाम दिया।

मिली जानकारी कर अनुसार गुरुवार को देर रात, करीब एक बजे के बाद लुटेरे घर में घुसे, उस समय रिटायर्ड फौजी महेंद्र मेघवाल घर में अकेले थे।

लुटेरों ने पिस्तौल दिखाकर फौजी के मुंह पर कपड़ा बांधकर उसे रस्सियों से बांध दिया। इसके बाद लुटेरे कमरों में गहने और रुपए खंगालने लगे। फौजी ने हाथ खोलने की कोशिश भी की। लेकिन बदमाशों ने फौजी को कई थप्पड़ मारे।

बदमाश हिंदी और स्थानीय हरियाणवी -मारवाड़ी बोल रहे थे। लुटेरे करीब 35 लाख रुपए के गहने और 15 हजार रुपए नगद ले गए। बाद में फौजी ने बड़ी मुश्किल से अपने हाथ पैर खोले और पड़ोसी राजेश कुमार डेला को घटना से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस उपाधीक्षक सुरेश शर्मा, सीआई इन्द्रप्रकाश यादव सहित पुलिस जाब्ता वारदात स्थल पर पहुंचा। इसके बाद मोबाइल टीम भी मौके पर आई। डॉग स्क्वॉड टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

पीड़ित महेंद्र मेघवाल ने बताया कि लुटेरे करीब पांच थे। सभी स्थानीय लोग ही लग रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं जिसमें कुछ संदिग्ध युवक बाइकों पर नजर आ रहे हैं। इसी आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

- **चिड़ावा में लुटेरों ने एक रिटायर्ड फौजी को बंधक बनाकर करीब 35 लाख रू. के गहने व 15 हजार नकद लूट लिए।**

# रिज़र्व बैंक की चेतावनी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। कांग्रेस महासचिव तथा मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने शुक्रवार को सरकार से कहा कि वह आर.बी.आई. के मासिक बुलेटिन में दी गई इस चेतावनी पर ध्यान दे कि ''पी.एस.बी. (पब्लिक सैक्टर बैंक) के बड़े पैमाने पर निजीकरण से देश का भला होने की बजाय, बुरा ज्यादा होगा।

रमेश ने एक ट्वीट में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की संख्या 27 से 12 तो पहले ही हो चुकी है और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **कांग्रेस ने कहा कि, आर.बी.आई. के मासिक बुलेटिन में दी गई इस चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए कि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण से नुकसान हो सकता है।**

# सी.बी.आई. ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के निवास पर छापा मारा

## सिसोदिया, जो आबकारी मंत्री भी हैं, पर आरोप है कि, उन्होंने नयी आबकारी नीति के तहत शराब की दुकान प्राइवेट पार्टियों को देने की मुहिम चालू कर, भारी रकम प्राप्त की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री के आवास पर आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोपों पर रेड डाली। आरोप है कि गत नवम्बर में शुरू हुई इस नीति में प्राइवेट कम्पनियों को शराब के लाइसैंस देने में भारी घोटाला किया गया है।

एक एफ.आई.आर. दर्ज करते हुए सी.बी.आई. ने राष्ट्रीय राजधानी में 20 से ज्यादा स्थानों पर रेड की, सिसोदिया ने ट्वीट किया कि, ''सी.बी.आई. मेरे घर पर है। मैं जांच एजेंसी के साथ को ऑपरेट करूंगा। उन्हें मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिलेगा।''

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, सी.बी.आई. आ गई है। हम ईमानदार हैं लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि इस देश में जो भी अच्छा काम करता है उसे ऐसे ही सताया जाता है। यही वजह है कि अभी भी हमारा देश न. वन नहीं है।''

सिसोदिया के घर के आसपास धारा 144 लगा दी गयी है और वहां एकत्रित सैकड़ों आप कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **दिल्ली में इस नयी नीति से पहले शराब की बिक्री केवल सरकारी दुकानों से ही होती थी।**
- **आप नेता राघव चड्ढा ने कहा, पहले भी सी.बी.आई. ने मु.मंत्री केजरीवाल के घर पर छापा मारा था तथा चार मफलर से ज्यादा कुछ नहीं मिला, अब सिसोदिया के घर से भी पैंसिल, नोट बुक, ज्यॉमैट्री बॉक्स ही मिलेंगे, क्योंकि सिसोदिया शिक्षा मंत्री भी हैं।**

# 'मछलियों का कोविड टैस्ट करो संक्रमण रोकने के लिये'

## चीन हास्यास्पद कदम उठा रहा है, कोविड के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिये

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। कहा जाता है कि कोविड के प्रसार को लेकर इतना ज्यादा चिन्तित एवं हताश हो चुका है कि उसने मछुआरों के साथ ही, उनके द्वारा पकड़ी जाने वाली मछलियों की भी कोविड जाँच शुरु कर दी है। चीन के इस कदम का खूब मखौल उड़ाया जा रहा है तथा सोशल मीडिया पर इससे संबंधित चुटकूलों की बाढ़ आ रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के कुछ टिप्पणीकारों ने सुझाव दिया है कि चीन जीवित मछलियों की कोविड जाँच कर रहा है ताकि मछुआरों मछलियों को समुद्रों में ही बने रहने दें। मछलियों का महासागर में उनके लिये एक प्रकार का क्वारंटीन ही है।

लेकिन चीन की कोविड-नियंत्रण व्यवस्था एक प्रकार से मजाक बनकर रह गई है। कोविड-नियंत्रण एक बहुत बड़ा राजनैतिक मुद्दा बन गया है क्योंकि देश के शीर्ष नेता शी जिनपिंग ने सुस्थापित राजनैतिक परम्परा को उलट दिया है, जिसके अन्तर्गत, सर्वोच्च पद पर बैठे नेता के कार्यकालों की भी प्रतिबंधों द्वारा नियंत्रित होती थी।

शी राजनैतिक व्यवस्था तथा सामान्यजनों के सामाजिक जीवन के सभी पहलुओं पर भी अपनी पकड़ बढ़ा दी है क्योंकि जल्दी ही कम्प्यूनिस्ट पार्टी का अधिवेशन होना है, जिसमें शी को जीवनभर राष्ट्रपति बने रहने के लिये उनके कार्यकाल-विस्तार का समर्थन होना है। इसके लिये सभी मोर्चों पर शान्ति होना जरूरी है।

लेकिन विडम्बना यह है कि सभी मोर्चों पर चीन की स्थिति खराब है। चीन की अर्थव्यवस्था जबरदस्त रूप से पतोन्मुखी होती जा रही है। जनता में प्रॉपर्टी कंपनियों को लेकर बड़े पैमाने पर नाराज़गी है क्योंकि वे उन खरीदारों को भी घर नहीं दे पा रही हैं, जो कर्ज लेकर मकानों की कीमत का भुगतान उन्हें पहले ही कर चुके हैं।

और सबसे बुरी स्थिति कोविड ने कर रखी है जो जंगल की आग की तरह फैलता ही जा रहा है, जबकि पूरे देश में आवागमन पर जबरदस्त प्रतिबंध लगे हुये हैं तथा ''नो-कोविड'' नीति पूरी सख्ती के साथ अमल में लाई जा रही है जिसकी देख-रेख तथा नेतृत्व स्वयं शी जिनपिंग व्यक्तिगत रूप से कर रहे हैं। लेकिन तथ्य यह है कि इसे सीमित एवं समाप्त करने के तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद, महामारी फैलती ही जा रही है।

इससे शी की व्यक्तिगत छवि एवं पकड़ प्रभावित हो रही है। हाँगकाँग में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **राष्ट्रपति शी का कार्यकाल बढ़ाने का मुद्दा तथा उन्हें जीवन पर्यन्त राष्ट्रपति पद देने के लिये, संविधान में परिवर्तन करने का समय आ गया है, कम्युनिस्ट पार्टी की साधारण सभा में।**
- **इस मौके पर राष्ट्रपति शी का प्रयास है कि, देश में सभी क्षेत्रों में अमन, चैन व समृद्धि का वातावरण दिखे।**
- **पर, राष्ट्रपति शी के लिये, ज्ञात है कि कठिन समय गुजर रहा है। बैंक बंद होने के कगार पर है, क्योंकि जिन लोगों ने बैंकों से ऋण लिया था, मकान/फ्लैट खरीदने के लिये, बिल्डर उन्हें मकान/फ्लैट उपलब्ध नहीं करा पा रहे, क्योंकि निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। मकान नहीं मिलने के कारण, ऋण लेने वाले ऋण की अदायगी नहीं कर रहे हैं।**
- **चीन की ''इकोनॉमिक ग्रोथ रेट'', जिसकी 5.2 प्रतिशत होने की संभावना थी, अब नवीन आकलन में घट कर 3.2 आंकी गई है।**

# 7 लाख रू. का मुआवजा

जयपुर, 19 अगस्त (का.सं.)। रेलवे दावा अधिकरण ने, सफर के दौरान ट्रेन से गिरकर घायल होने के मामले में रेलवे को जिम्मेदार माना और रेलवे को आदेश दिए कि वह ट्रेन से गिरकर घायल हुए यात्री को सात लाख बीस हजार रुपए की हर्जाना राशि नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करे। अधिकरण ने यह आदेश लियाकत की क्लेम याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरिशंकर गौड़ और अधिवक्ता नम्रता शर्मा ने बताया कि प्रार्थी आठ जुलाई, 2019 को हिसार-जयपुर पैसेंजर ट्रेन में बावल से अलवर की यात्रा कर रहा था। इस दौरान पडीसल स्टेशन के नजदीक वह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **रेल्वे दावा अधिकरण ने यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरे यात्री के लिए रेल्वे को जिम्मेवार माना तथा उक्त यात्री का 7.20 लाख रू. का हर्जाना देने के आदेश दिए।**

# पुलिस-प्रशासन से वार्ता के बाद पुजारी गिर्राज शर्मा का शव उठाने के लिए तैयार हुए परिजन

## एडीएम-एसीपी ने परिजनों को सीएम सहायता कोष से 5 लाख रु. का चैक सौंपा; बेटे को संविदा नौकरी, डेयरी बूथ और विधवा पेंशन देने पर भी सहमति बनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुरलीपुरा क्षेत्र में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी गिर्राज शर्मा की गुरूवार देर रात एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई। शुक्रवार को दिनभर मोर्चरी के बाहर हंगामा हुआ। परिजनों और ब्राह्मण संगठनों ने 50 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया था। देर शाम एडीएम अशोक शर्मा और एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी व एसीपी

- **सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी पर शुक्रवार को दिनभर परिजनों व ब्राह्मण संगठनों ने हंगामा किया**
- **मुरलीपुरा एसएचओ ने मंदिर ट्रस्ट व विकास समिति से जुड़े एक और पदाधिकारी मालीराम स्वामी को गिरफ्तार किया, सभी पांचों आरोपी रिमांड पर**

चौमूं राजेन्द्र सिंह के साथ परिजनों की समझौता वार्ता हुई। प्रशासन ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रुपये का चैक परिजनों को सौंपा। साथ ही पुजारी के बेटे को संविदा पर नौकरी, डेयरी बूथ, पुजारी की पत्नी को विधवा पेंशन का लाभ तथा 5 बेटियों को सभी सरकारी योजनाओं का फायदा देने पर सहमति दी। इस समझौता वार्ता के बाद शनिवार सुबह मोर्चरी से पुजारी गिर्राज शर्मा का शव उठाया जायेगा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार होगा। इस समझौता वार्ता को सफल कराने में एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी की अहम भूमिका रही।

उधर मुरलीपुरा थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने पुजारी गिर्राज शर्मा आत्मदाह प्रकरण में मंदिर ट्रस्ट व समिति से जुड़े एक और पदाधिकारी मालीराम स्वामी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पुजारी गिर्राज शर्मा ने अपनी मौत से पहले पुलिस को पर्चा बयान दिया था और इसी पर्चा बयान आधार पर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शंकर विहार विस्तार मुरलीपुरा निवासी दिनेश चंद धारीयाल, मूलचंद मान, रामकिशन शर्मा, सांवरमल अग्रवाल को गुरुवार को अरेस्ट कर लिया था और पांचवे आरोपी शंकर विहार विस्तार निवासी मालीराम स्वामी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो पुजारी ने आत्मदाह से पहले सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें लिखा कि सुबह इन लोगों ने धमकी दी और शाम को चाकू व गंडासा लेकर मारने आ गए। 25 वर्ष से यहां पर भगवान की सेवा कर रहा हूं। मुझे परेशान कर रहे हैं। मूलचंद मान, शंकर जोशी, अशोक खंडेलवाल, सांवरमल अग्रवाल, रामप्रसाद, दिनेश धारीयाल ने फर्जी विकास समिति बना ली। विकास समिति का चुनाव कब हुआ और किसने करवाया। अंत में पुजारी ने अपना नाम लिख रखा था।

गौरतलब है कि शंकर विहार में लक्ष्मी नारायण तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में गिर्राज शर्मा पूजा-पाठ का काम करते हैं। सुबह मंदिर के पुजारी गिर्राज शर्मा ने खुद को आग लगा ली थी। यह देख आसपास के लोगों ने पुजारी गिर्राज शर्मा को एसएमएस अस्पताल में बर्न वार्ड में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि पुजारी गिर्राज शर्मा मंदिर में वर्ष 2002 से पूजा का काम देख रहे हैं। मंदिर में पूजा की बात को लेकर गिर्राज शर्मा का मंदिर समिति से विवाद चल रहा है। समिति के सदस्य उन्हें हटाना चाहते थे। इस बात को लेकर वह कई दिनों से परेशान चल रहे थे। आज सुबह उन्होंने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां देर रात को उनकी मौत हो गई।



सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजन विलाप करते रहे।



पुजारी की मौत के बाद शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान ताले में बंद रहे।



ब्राह्मण संगठनों सहित कॉलोनी के लोगों ने मंदिर के बाहर रोड पर बैठे कर पुजारी परिवार की मांगें पूरी करने के लिए धरना दिया।

## 'हजारीबाग को सौंदर्य से दूर रखने पर होती है निराशा'




**जयपुर, (का.सं.)।** आई.ए.एस. एसोसिएशन राजस्थान की ओर से शुक्रवार को आई.ए.एस. लिटरेरी सोसायटी राजस्थान के फेसबुक पेज पर एक जीवंत पुस्तक वार्ता आयोजित की गई। चर्चा लेखक मिहिर वत्सा लिखित पुस्तक टेल्स ऑफ हजारीबाग-एन इंटिमेट एक्सप्लोरेशन ऑफ द छोटानगर प्लैट्यू पर आधारित रही। वे आई.ए.एस. लिटरेरी सेक्रेटरी, आई.ए.एस. एसोसिएशन, राजस्थान मुग्धा सिन्हा बातचीत कर रहे थे। चर्चा लेखक की लेखन यात्रा, हजारीबाग की उत्पत्ति, प्राकृतिक स्थानों के सौंदर्यीकरण, वन्य जीवन सहित कई अन्य विषयों पर केंद्रित रही। इस दौरान लेखक ने पुस्तक से अपना पसंदीदा भाग भी पढ़ा।

- **लेखक मिहिर वत्सा पुस्तक पर जीवंत चर्चा**

पुस्तक की लेखन यात्रा पर वत्सा ने कहा कि हजारीबाग के साथ उनका जुड़ाव 2017 से भी पुराना है। उन्हें अक्सर निराशा महसूस होती थी। हजारीबाग को सौंदर्य शब्द के साथ क्यों नहीं जोड़ा जाता, जबकि इस शहर में अपना ही आकर्षण है। हजारीबाग के लिए पहले से ही रूढ़िवादी आख्यानों के बीच वे बिहार की सुंदरता का वर्णन करने के लिए जद्दोजहद कर रहे थे। यहां फोटोग्राफी ने उन्हें एक संग्रह बनाने में मदद की। उस संग्रह को स्पष्ट करने के लिए कविता का उपयोग किया। उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग कोई दूरवर्ती शहर नहीं है। अंग्रेजों ने शहर में प्रशासनिक केंद्र स्थापित करने का विकल्प शहर की उच्चतम ऊंचाई, अनुकूल वातावरण और जलवायु के कारण चुना। हजारीबाग नाम एक हजार बागों और बाघों की भूमि की व्याख्या से आया है। लेखक ने कहा कि सौंदर्यीकरण ठेकेदारों को अमीर और भूमि को गरीब बनाता है। यह समझने की जरूरत है कि प्राकृतिक स्थानों में बुनियादी ढांचे का निर्माण क्षेत्र को प्रदूषित करने के लिए मनुष्यों के लिए एक खुला निमंत्रण है। जब ईको-टूरिज्म की बात आती है, तो इकोलॉजी को आगे रखना चाहिए पर्यटन को इसका अनुसरण करना चाहिए।

## धोखाधड़ी के आरोप में निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-7 महानगर प्रथम ने फ्लैट्स का इकरारनामा निरस्त करने और लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एफएस हाउसिंग के निदेशक चरण सिंह खंगारोत के खिलाफ बजाज नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अदालत में इस संबंध में नरेश कुमार जैन ने परिवाद पेश किया था।

परिवाद में बताया गया कि परिवादी ने दुर्गापुरा स्थित आरोपी के आवासीय प्रोजेक्ट में 6 जून 2016 और 12 अक्टूबर 2017 को दो फ्लैट्स की खरीद का इकरारनामा किया था, लेकिन आरोपी ने शर्तों के अनुसार फ्लैट्स बनाकर कब्जा नहीं दिया। परिवादी ने फ्लैट्स खरीद के रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने कहा कि वह फ्लैट्स उसे वापस देकर उनका इकरारनामा निरस्त करवा दे। इसके साथ ही वह उसका बैंक लोन चुका देगा और शेष रुपए उसे दे देगा। दोनों फ्लैट्स की कीमत करीब 3.27 करोड़ रुपए तय करते हुए उसने परिवादी को करीब 90 लाख रुपए वापस देना और बैंक का बकाया लोन चुकाने का आश्वासन दिया, लेकिन आरोपी ने उसे केवल 23 लाख रुपए का भुगतान ही किया। वहीं आरोपी ने ना तो बैंक का लोन ही चुकाया और ना ही परिवादी के बकाया रुपए ही दिए। वहीं बैंक वाले अब लोन नहीं चुकाने के कारण फ्लैट्स की कुर्की पर आमादा हैं। आरोपी ने उसकी लाखों रुपए की राशि हड़प ली है। इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पुजारी की मौत सरकार पर एक कलंक है : अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर, (का.सं.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि, मुरलीपुरा स्थित शंकर विहार कॉलोनी के श्रीलक्ष्मीनारायण तत्कालेश्वर महादेव मंदिर के महंत गिर्राज प्रसाद शर्मा की जिन पस्थितियों में मौत हुई है, वह फिर राजस्थान सरकार के ऊपर एक कलंक साबित हुआ है।

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान सरकार की घोषणा, कि हम मंदिर और मंदिर के पुजारियों के लिए अनुदान देंगे, जिससे मंदिर का प्रसादा भी होगा और पुजारियों के परिवार का भरण-पोषण भी होगा, की एक बार फिर से पोल खुली है। डॉ. चतुर्वेदी ने राज्य सरकार से इस पूरे मामले में निष्पक्षता से जांच करने की मांग की है, साथ ही पीड़ित परिवार की सहायतार्थ 50 लाख रुपए के अनुदान व 2 बेटियों को सरकारी नियुक्ति देने की भी राज्य सरकार से मांग की है।

वहीं, राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि, जन्माष्टमी के आनंददायक अवसर पर जयपुर में पंडित गिर्राज प्रसाद शर्माद्वारा आत्मदाह करना अत्यन्त दु:खद है। भगवद्भक्तों द्वारा ऐसे कदम उठाना अशोक गहलोत सरकार पर कलंक है, न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि पूरा हिंदू समाज इस दुर्घटना से सकते में है। उन्होंने कहा, राजस्थान प्रदेश की अंधी-बहरी अशोक गहलोत सरकार से मेरी मांग है कि, परिजनों को 50 लाख रुपए व उनके पुत्रों को तुरंत नौकरी प्रदान की जाए, जिससे शोकग्रस्त परिजनों को संबल मिल सके। साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार अपराधियों के विरुद्ध पुलिस कठोरतम कार्रवाई करे।

## 'पुजारी परिवार को न्याय मिलना चाहिए'

**जयपुर (का.सं.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत ने बताया कि पुजारी की घटना को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरी टीम पुजारी के घर पहुंची और पीड़ित परिवार से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। सारस्वत ने बताया कि थाने में जाकर डीसीपी से बात की और पूरी घटना की जानकारी लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा व विप्र कल्याण बोर्ड के चेयरमैन महेश शर्मा को अवगत कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने पुरे प्रकरण की जानकारी लेने के बाद कहा कि पुजारी परिवार को न्याय मिलना चाहिये।

## पुजारी परिवार को 50 लाख और सरकारी नौकरी दें : पाठक

**जयपुर।** राजधानी के मुरलीपुरा इलाके के शंकर विहार पार्क में लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी के आत्मदाह मामले में अब ब्राह्मण समाज राजस्थान सड़क पर उतर गया है। ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने मृतक पुजारी परिवार को 50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता और परिवार में एक जने को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। इसको लेकर पाठक ने शुक्रवार को पहले एमएमएस अस्पताल जाकर पुजारी परिवार से बात की और उसके बाद निवास पर समाजजनों के साथ धरना दिया।

पाठक ने बताया कि सरकार की ओर से दिनभर वार्ताओं का दौर चला तथा राज्य सरकार ने पहले 5 लाख और डेयरी बूथ तथा बाद में 10 लाख और डेयरी बूथ देने का आश्वासन दिया है लेकिन ब्राह्मण समाज सरकार के थोथे आवश्वसनों के झांसे में नहीं आएगा। जब तक पुजारी परिवार को 50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिए जाने की घोषणा नहीं की जाएगी तब तक समाज के लोग विरोध करेंगे। पाठक ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पुजारी परिवार को न्याय दिलाया जाए ताकि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रह सके। दिन में पुजारी परिवार से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में ब्राह्मण समाज राजस्थान के जयपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भुवनेश तिवारी, गोड़ विप्र समाज के गोपाल शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा, एडवोकेट सुषमा पारीक, प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जमुना लाल शर्मा, गोवर्धन लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## महाविद्यालयों में जन्माष्टमी अवकाश रद्द करने की निंदा

**जयपुर, (का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने एक वक्तव्य जारी कर राजस्थान सरकार द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र संघ चुनावों की आड़ में राजस्थान के महाविद्यालयों में जन्माष्टमी के अवकाश को रद्द करने के सरकार के निर्णय की कड़े शब्दों में आलोचना की है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. चतुर्वेदी ने सरकार के इस निर्णय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार लगातार बहुसंख्यक हिंदू समाज के आयोजनों को प्रतिबंधित कर रही है या उनको सीमित करने के प्रयास में लगी हुई है। सावन के महीने में कावड यात्राओं को अलग-अलग तरह के प्रतिबंध लगाकर सरकार ने सीमित करने का प्रयास किया, इसी प्रकार रीट परीक्षा के दौरान हिंदू समाज की महिलाओं के मंगलसूत्र उतरवाए गए उनके दुपट्टे तक उतरवाए गए। जबकि सरकार को हिजाब से किसी प्रकार की आपत्ति नहीं थी। आज फिर जन्माष्टमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर सम्पूर्ण राजस्थान के महाविद्यालयों में अवकाश रद्द करके सरकार ने अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता को प्रकट किया है। सरकार चाहती तो छात्र संघों के चुनावों को एक दिन के लिए स्थगित भी कर सकती थी या फिर आज के काम को आने वाले दिनों के कामों में विभाजित कर सकती थी।

## जोधपुर में अस्पताल भवन के लिए 21.63 करोड़ रुपये मंजूर

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में राज्य सरकार द्वारा अहम फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के राजकीय सैटेलाइट अस्पताल डिगाड़ीकला के भवन निर्माण कार्य के लिए 21 करोड़ 63 लाख 64 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

गहलोत की स्वीकृति से अस्पताल के लिए तीन मंजिला भवन निर्माण होगा। यहां सर्जरी, मेडिसिन, पीडियाट्रिक, गायनिक के वार्ड (महिला और पुरूष) और आउटडोर, डायग्नोस्टिक लैब के लिए अलग विंग सहित सैटेलाइट अस्पताल के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण कार्य होंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# जेकेके में नज़र एग्जीबिशन का आगाज

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुरवासियों के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास रहा। वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के उपलक्ष्य पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र में नज़र फोटो एग्जीबिशन की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने एग्जीबिशन में संजोई गयी तस्वीरों को देखा।

राजस्थान के कैबिनेट मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला, निर्मल पंवार, चेयरपर्सन महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय, पवन गोयल, जे.डी. माहेश्वरी, सुधीर माथुर, आर.ए.एस. पंकज ओझा, आई.ए.एस. अजय सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर फोटोग्राफी के इस महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस दौरान पत्रकार गण, कई गणमान्य लोग व आगंतुक मौजूद रहे। तीन दिवसीय 'नज़र' एग्जीबिशन में 100 से अधिक फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले की गयी हैं। खास बात यह है कि फोटो जर्नलिस्ट, प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स एवं फोटोग्राफी स्टूडेंट्स के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खींची गयी फोटोज भी यहाँ पेश की गयी हैं। जेकेके की सुरेख व सुदर्शन आर्ट गैलरी में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक आगंतुक प्रदर्शनी का लाभ उठा सकेंगे।

- **तीन दिवसीय 'नज़र' एग्जीबिशन में 100 से अधिक फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले की गयी हैं**



वर्ल्ड फोटोग्राफी-डे के उपलक्ष्य पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र में नज़र फोटो एग्जीबिशन का मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला ने अवलोकन किया।

एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि नज़र सभी फोटोग्राफर्स को मंच प्रदान करने का प्रयास है। एग्जीबिशन में वाइल्डलाइफ, राजस्थानी संस्कृति, आम जिंदगी से जुड़े पहलुओं व वैश्विक जीवन को दर्शाने वाली तस्वीरें पेश की गयी है।

तीन दिन अलग-अलग गतिविधियाँ होंगी जिससे तस्वीरें देखने के साथ ही लोग फोटोग्राफी के बारे में बहुत कुछ सीख सकेंगे। 20 अगस्त को फोटोग्राफी वर्कशॉप में मूर्धन्य पत्रकार राजदीप शर्मा व सुमन सरकार प्रतिभागियों से रूबरू होंगे। एग्जीबिशन में ऋषभ सैनी ईशान हर्ष। हेम राणा। कीर्ति नारायण ने अतिथियों का स्वागत किया। 21 अगस्त को सन् 1860 का विंटेज कैमरा भी प्रदर्शित किया जाएगा। वरिष्ठ कैमरामैन टीकमचंद पुराने वक्त की कैमरा टेक्निक के बारे में लोगों को बताएंगे।

## भाजपा का विशाल प्रदर्शन आज

**जयपुर।** कांग्रेस सरकार के कुशासन और बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के नेतृत्व में शनिवार सुबह 10 बजे से शहीद स्मारक से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें जयपुर शहर, जयपुर देहात उत्तर, जयपुर देहात दक्षिण और आसपास के जिलों के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। राजस्थान की बिगड़ी कानून व्यवस्था, इत्यादि मुद्दों को लेकर विशाल प्रदर्शन करेगी।

**WANTED TEACHERS**

ASHA SCHOOL Piru Line, Near Military Hospital, Jaipur. Invites Application for the post of Psychologist. Qualifying Requirement Master in Psychology/Clinical Psychology, RCI Registration, 2 years Experience. Honorarium 15730/- PM. Interested person may please submit CV by 25.08.2022 to Asha School Jaipur, for any queries contact: 9466698762. BIO-DATA 1. Name 2. Next of Kin 3. Date of Birth 4. Address 5. Mobile No. 6. Language. EDUCATION QUALIFICATION 1. Education 2. University 3. Subject 4. Passing Yr 5. % Marks WORKING EXPERIENCE 1. Name of Institution 2. Duration of Experience 3. RCI Registration No., Self attested document along with bio data.

**राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**
रजि.नं.-2877/एल कमांक:रा.गृ.64/22 दि.19.8.2022
**आम सूचना**
श्री मोहन अग्रवाल पुत्र श्री प्रहलाद राम अग्रवाल व श्रीमती रेनू अग्रवाल पत्नी श्री मोहन अग्रवाल व दिनेश शर्मा ने भू.सं. 18 व दुकान नं. 10, 16, 17, 18 समिति की योजना विनायक विहार-नांगल सुसावतान नारदपुरा रोड, आमेर जयपुर के मूल कागजात गुम हो जाने पर डुप्लीकेट कागजात प्राप्त करने हेतु समिति में आवेदन किया है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना दि.21.5.2022 के शिकायत सं. 5560672200406 पुलिस थाना जयसिंहपुराखोर जयपुर (उत्तर) में दर्ज करा दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में समिति कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद गुजर जाने पश्चात प्रार्थी को डुप्लीकेट कागजात जारी कर दिये जायेगें। सूचित रहे।
मंत्री,
राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**खोया-पाया**

भूखण्ड संख्या नं. 9 विवेकानन्द कॉलोनी खेतड़ी हाउस, चांदपोल बाहर, रतनी देवी पत्नि रामेश्वर के नाम से सोसाईटी का पट्टा गुम हो गया है किसी को मिले तो सूचित करें। हरिनारायण-मो. 9950149894

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक मकान संख्या 32/468 प्रताप नगर सांगानेर में स्थित है जिस पर मेरी/ मेरे पिताजी/ माताजी / पति/पत्नी/ भाई/ बहिन श्री ऋषि कुमार शर्मा ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे है। यह कि मेरी/ मेरे पिताजी/ माताजी /पति/ पत्नी/ भाई/ बहिन श्री ऋषि कुमार शर्मा का दिनांक 10.10.2018 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लैट/ मकान/ प्लॉट के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है। इसलिये अब मै उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता/चाहती हुं यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से 7 दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड C-25, Bhagwan Das Road. Opp St. Xaviers School, C- Scheme, Jaipur 302001 (फोन नंबर 0141-6480799) में संपर्क करे। सूचित रहे।
राजकुमारी शर्मा 9461684588
निवासी: 32/468 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या:- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-1-घ-33 नाहरी का नाका जयपुर क्षेत्रफल 125.000 वर्ग गज का आवंटन श्री भंवर लाल भाटी पुत्र श्री हीरा लाल भाटी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 17301 दिनांक 17.10.1973 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर शहर में दिनांक 25.11.1988 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री भंवर लाल भाटी पुत्र श्री हीरालाल जी भाटी के द्वारा आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती दुर्गा देवी पत्नी श्री प्रहलाद सिंह जी राठौड़ को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर नगर में दिनांक 05.01.1989 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती दुर्गा देवी पत्नी श्री प्रहलाद सिंह जी राठौड के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 28.02.2014 को अपने पोत्रो श्री कोहिनूर सिंह एवं श्री वैभव सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह राठौड़ एवं श्री गुलशन सिंह पुत्र स्व. श्री अजीत सिंह राठौड के पक्ष में 'वसीयतनामा' का निष्पादन करवाया गया। तत्पश्चात श्री कोहिनूर सिंह एवं श्री वैभव सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह राठौड़ एवं श्री गुलशन सिंह पुत्र स्व. श्री अजीत सिंह राठौड के द्वारा आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री मुश्ताक खांन पुत्र श्री अब्दुल रशीद खांन एवं श्रीमती मुस्तकीम बैगम पत्नी श्री मुश्ताक खांन को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 11.03.2022 को करवाया गया। श्री मुश्ताक खांन पुत्र श्री अब्दुल रशीद खांन एवं श्रीमती मुस्तकीम बैगम पत्नी श्री मुश्ताक खान के द्वारा आवंटित आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अत: उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री मुश्ताक खांन पुत्र श्री अब्दुल रशीद खांन एवं श्रीमती मुस्तकीम बैगम पत्नी श्री मुश्ताक खांन का नाम दर्ज करने की कार्यवाही करदी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत तृतीय, जयपुर।

**NAME CHANGE**

Service Record No. 15166227P Lance Nayak Jitendra Kumar S/o Lt. Shri Harphool Singh, Vill Sangasi, Teh. Nawalgarh, Dis. Jhunjhunu, Rajasthan Declares that in my Army records name of my son wrongly entered Mohit Kulhri, but his correct name is Mohit Kulhari.

I Kanu Priya, D/o Manish Tatiwala, R/o F-185, Panchsheel Marg, C-Scheme, Jaipur, Rajasthan-302001 have changed my name to Kanu Priya Tatiwala for all future Purposes.

I have changed my name from Diksha to Diksha Gyanani for all purpose. R/o 772, Sindhi Colony, Rajapark, Jaipur.

I Anil Kumar Rumthala S/o Bajrang Lal Runthala residing at Ward No. 11, Birla School Ke Samane, Tehsil Chirawa, Pilani Jhunjhunu, Rajasthan- 333031 Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Anil Runthala to Anil Kumar Runthala in future I will be known and called by my changed name.

I have Changed my Name From Shalender Kumar Grover to Shalender Grover S/o Mohanlal Grover For All Purpose. R/o A-602, Platinum Amaltas Kanak Varindavan Panchyawala Sirsi Road, Jaipur.

मैंने मेरी पुत्री का नाम यशस्वी गढवाल से बदलकर यशस्वी सिंह पुत्री मनोज कुमार गढवाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे निवासी सी-305, ग्रेंड विसटाश कनक वरिनदावान, सिरसी रोड, जयपुर


मैं उमेश कुमार पुत्र श्री आत्माराम मैं अपना नाम बदलकर उमेश कुमार चौमाल रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये, पता-एस 209ए, स्कीम 4एस, फर्स्ट फ्लोर, लोहामंडी रोड जीवनपुरी हरमाड़ा, जयपुर, राजस्थान-302013

# मध्यरात्रि प्रकटे कान्हा, चहुंओर छाई खुशियों की बहार

## 31 हवाई तोपों की गर्जना से गूंजी आस्था नगरी, श्रद्धालुओं के जयकारों से खिला गोविंदवेजी मंदिर प्रांगण



जन्माष्टमी पर गोविंददेवजी मंदिर में आराध्यदेव की मनोरम झांकी सजाई गई।


जगतपुरा स्थित अक्षयपात्र मंदिर में ठाकुरजी का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक हुआ।


घर-घर में तैयार हुए बाल कान्हा

**जयपुर ( कासं )।** करोना महामारी के चलते 2 साल बाद शुक्रवार को छोटीकाशी (जयपुर) में चहुंओर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। शहर के सभी श्रीकृष्ण मंदिरों में प्रात: से देर रात तक श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला जारी रहा। मुख्य आयोजन दूधिया रोशनी में नहाए आकर्षक साज-सज्जा से आच्छादित शहर के आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में हुआ। यहां रात्रि 12 बजते ही एक के बाद एक 31 हवाई तोपों की गर्जना से आस्था नगरी गुंजाएमान होती रही। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे मंदिर परिसर में उल्लास छा गया। इस बार उम्मीद से अधिक श्रीकृष्ण भक्त दर्शन को पहुंचे।

श्रद्धालुओं के जयकारों से मंदिर प्रांगण खिल-खिला उठा। मंदिर के गर्भगृह में छह पंडितों के वेद मंत्रोच्चार के बीच गोविंदाभिषेक हुआ। सालिगराम पूजन एवं पंच द्रव्यों के पूजन के बाद ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। 425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा, 11 किलो शहद से तैयार पंचामृत अभिषेक के दौरान मानो समय ठहर सा गया।

इससे पहले गोविंद मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत कथा का पाठ किया। अभिषेक के बाद ठाकुरजी को पंजीरी लड्डू, खीरसा एवं रबडी कुल्लड़ का भोग लगाया गया। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह मंगला झांकी से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की कतार लग गई।

- **425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा, 11 किलो शहद से किया पंचामृत अभिषेक**

बेरिकैटिंग और मेटल डिटेक्टर से होते हुए श्रद्धालु जगमोहन पहुंचे। करीब 1000 कार्यकताओं ने व्यवस्थाएं संभाली। सुबह मंगला झांकी के बाद पंचामृत अभिषेक कर ठाकुर श्रीजी को नवीन पीली पोशाक धारण कराई गई। स्वर्णाभूषण और फूलों से मनोरम शृंगार किया गया। मंदिर के मुख्यद्वार के नजदीक बनाए गए पुलिस और प्रशासन के अस्थायी नियंत्रण कक्ष से अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखीं। गोविंददेवजी मंदिर के अधीन मंदिर श्री राधा माधवजी, नटवरजी, कुंज बिहारीजी, गोपालजी नागा, गोपालजी तालाब, मुरली मनोहरजी, गोपालजी रोपाड़ा में भी जन्मोत्सव की धूम रहीं। सभी मंदिर आकर्षक ढ्रंग से सजाए गए।

आस्था के केन्द्र चार मुख्य मंदिरों में बीस लाख से अधिक कृष्ण भक्तों के दर्शनों को पहुंचे। शहर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में 10 लाख, मानसरोवर, धौलाई स्थित इस्कॉन मंदिर में 9 लाख, जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर में 2 लाख और वैशाली नगर, चित्रकूट स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में 50 हजार से अधिक कृष्ण भक्तों ने दर्शन किए। वहीं जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में ठाकुरजी को 108 व्यंजनों का भोग लगाया। कन्नौज से मंगाए गए गुलाब जल और केवड़े जल से ठाकुरजी का 4 बार महाअभिषेक किया गया। अभिषेक से पहले चंदन तेल से मालिश की गई। पंचामृत, पंचगव्य सहित 21 प्रकार के फलों के रस से भगवान का अभिषेक कर चरणामृत भक्तों में बांटा गया।

मंदिर परिसर में तीन लड्डू गोपाल के झूले लगाए गए। मध्यरात्रि 12 बजे भगवान की महाआरती की गई मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि 20 अगस्त को नंदोत्सव मनाया जाएगा।

# राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के किसान

-कार्यालय संवाददाता-

- **दो दिन के सम्मेलन में 400 किसान जैविक व ऑर्गेनिक खेती का प्रशिक्षण लेंगे**
- **किसानों के साथ युवा उद्यमियों व पत्रकारों का सम्मान होगा**

**जयपुर ।** भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ व आईआईएएएसडी के संयुक्त तत्वावधान में 20 व 21 अगस्त को श्रीपिंजरापोल गोशाला के सुरभि भवन में राष्ट्रीय किसान सम्मेलन होगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि 20 अगस्त को प्रात: 11 बजे राजस्थान गौ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी महाराज, राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरनाथ महाराज के सानिध्य में हो रहे उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सांसद रामचरण बोहरा होंगे।

समारोह के दौरान कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 30 एंटरप्रिन्योर युवाओं, बागबानों, किसानों, उद्यिमयों के साथ-साथ 21 कृषि पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। उदघाटन समारोह के पश्चात करीब 400 किसानों को जैविक व ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की पांच गोशालाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा । कार्यक्रम संयोजक प्रशांत चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह में जैविक खेती से संबंधित प्रशिक्षण, अनुसंधान, व्यवसाय एवं प्रायोगिक शिक्षा से संबंधित दशकों का अनुभव रखने वाले सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर के मुख्य सलाहकार डॉ. सुधांशु, अंतरराष्ट्रीय उन्नत कृषि कौशल विकास संस्थान की निदेशक डॉ.रोहांगीज़ हयाती दहिया, अभिलाषी विश्वविद्यालय के एसो.प्रो. एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. अजय कुमार गौतम तथा कृषि विशेषज्ञ अमोल खंदारे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र होंगे।

साथ ही रेगिस्तानी पौधे को पूरे जीवन काल में 1 लीटर पानी से पनपाने की तकनीक विकसित करने वाले नवाचारी किसान वैज्ञानिक व पद्मश्री से अलंकृत सुंडाराम वर्मा नवाचारी किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, जैविक कृषि पर आधारित सब्जियों में प्रति पौधे से प्राप्त उत्पादन का विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर देश का नाम रोशन करने वाले पदमश्री जगदीश प्रसाद पारीक का विशेष सत्र होगा।

समारोह में नेशनल मेडिशनल प्लांटस बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर, नॉर्थन रीजन-प्रथम डॉ. अरूणचंदन व बोर्ड के सदस्य डॉ. राजाराम त्रिपाठी, राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनिमल सांइसेज, बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा, पदमश्री हुकमचंद पाटीदार, जैविक खेती के लिए देशभर में साइकिल पर भ्रमण के लिए निकले सोनीपत (हरियाणा) के नीरज प्रजापति अपने अनुभव साझा करेंगे।

# सांगानेर इलाके में जर्जर सड़क बारिश के कारण बनी तालाब



**जयपुर** (कासं)। सांगानेर क्षेत्र की सड़कें बारिश के कारण जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह पानी भरने से आमजन का आवागमन भी दूभर हो गया है। इसके बावजूद ग्रेटर निगम और जेडीए प्रशासन लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा।

स्थानीय पूर्व पार्षद कमल वाल्मीकि ने बताया कि वार्ड 91 में देव नगर, सुन्दर नगर, कनको की ढाणी और करीब 50-60 कॉलोनी की मुख्य रोड बारिश के कारण जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है। पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भरा हुआ है। इस कीचड़ भरे दलदल में से गुजरकर बच्चों, महिलाओं और वृद्धों को आना-जाना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिक सीमा सिंह औऱ महेश यादव ने बताया कि स्कूली बच्चे रोज कीचड़ में गिर जाते है, पैदल चलने वालों का बहुत हाल बुरा है। ऐसा लगता है जैसे हम नर्क में जी रहे है। जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक सबको दुहाई दे चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पूर्व पार्षद कमल वाल्मीकि ने बताया कि कीचड़ और दलदल के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। यहां ग्राम पंचायतों से भी बुरे हाल है। अगर अधिकारियों ने जल्द ही इस रोड़ को ठीक नहीं किया तो नगर निगम औऱ जेडीए प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

**जयपुर ।** राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर शुक्रवार को पुलिस और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। इस दौरान हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर छात्रों को खदेड़ां पुलिस कार्रवाई के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर विरोध शुरू कर दिया। एबीवीपी के संगठन मंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा बेवजह हमें परेशान किया जा रहा है। लेकिन हम डरेंगे नहीं, बल्कि उसका पुरजोर विरोध करेंगे।

एबीवीपी के प्रत्याशी नरेंद्र यादव के समर्थन में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एलविश यादव विश्वविद्यालय के मेन गेट पर पहुंचे थे। जहां उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्रों की भीड़ बढ़ गई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की। लेकिन जब छात्र नहीं हटे। इसपर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड दिया। लाठीचार्ज में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें भी आई है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार छात्र संघ चुनाव में अपनी हार से बौखला गई है। यही कारण है कि वोटिंग से पहले ही सरकार एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को डराने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है। लेकिन हम डरेंगे नहीं और छात्र संघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

# शहर के चार हुक्का बार में पुलिस का छापा, 31 युवक-युवतियां गिरफ्तार

## होटल पोलो इन, ग्लास हाऊस बार, डीऔना रेस्टोरेंट और टेन इलेवन लॉज़ एंड बार में गुरूवार देर रात हुई कार्रवाई

**जयपुर** (कासं)। क्राइम ब्रांच टीम ने जयपुर के चार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को 4 हुक्का बार के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान हंगामा करने पर 31 युवक-युवतियों को शांति भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। जबकि 69 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट की कार्रवाई की। पुलिस ने चारों हुक्का बार के 8 संचालक व मैनेजर को अलग-अलग मुकदमे में गिरफ्तार किया।

एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि चारों हुक्का बार से 65 हुक्का, 131 हुक्का पाईप, 79 चीलम, 107 फ्लेवर पैकेट और 4 डीजे जब्त किए। उन्होंने बताया कि अशोक नगर थाना क्षेत्र में भगवानदास रोड स्थित होटल पोलो इन बार में डीजे संचालक कोटा निवासी रोहित मीणा व मैनेजर केजीवी का रास्ता निवासी दीपक स्वामी को गिरफ्तार किया। यहां पर 7 हुक्का, फ्लेवर, पाइप व म्यूजिक सिस्टम जब्त किया। जबकि 18 युवक व 12 युवतियों को शांतिभंग करने के मामले गिरफ्तार किया।

- **8 रेस्तरां संचालक व मैनेजर और गिरफ्तार, 69 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट में कार्रवाई**
- **65 हुक्का, 131 हुक्का पाईप, 79 चीलम, 107 फ्लेवर पैकेट और 4 डीजे जब्त**
- **65 हुक्का, 131 हुक्का पाईप, 79 चीलम, 107 फ्लेवर पैकेट और 4 डीजे जब्त**

इसी प्रकार सिंधीकैंप थाना क्षेत्र में खासा कोठी स्थित होटल जयपुर सेन्ट्रल में संचालित ग्लास हाउस बार के सुपरवाइजर आगरा निवासी सतीश शर्मा व मालवीय नगर निवासी आशीष मीणा को गिरफ्तार किया। यहां पर 19 हुक्का, हुक्का से संबंधित अन्य सामग्री, म्यूजिक सिस्टम जब्त किया। यहां पर 55 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की।

इसी तरह श्याम नगर थाना क्षेत्र में अजमेर रोड पर संचालित डीऔना रेस्टोरेंट एंड किचन बार में संसार चन्द्र रोड़ निवासी ण्मोकार जैन व झोटवाड़ा स्थित न्यू कॉलोनी निवासी लोकेश शर्मा को गिरफ्तार किया। यहां 8 बड़े हुक्को, 27 छोटे हुक्का, 42 चीलम, 97 पाइप, 78 फ्लेवर पैकेट, लेपटॉप, म्यूजिक सिस्टम व अन्य सामान जब्त किया। 12 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी प्रकार एयरपोर्ट थाना अंतर्गत गोल्ड सुख मॉल में संचालित टेन इलेवन लॉच एंड बार में कर्मचारी उत्तराखंड निवासी सोनू रावत को गिरफ्तार किया। यहां पर 4 हुक्का, चीलम, फ्लेवर पैकेट, पाइप, म्युजिक सिस्टम जब्त किए। संचालक श्याम नगर निवासी राजेन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम शहर के अन्य नाइट क्लबों व रेस्तरां में चोरीछिपे चल रहे हुक्काबारों पर भी नजर बनाए हुए है।

## सार-समाचार

### शिविर में 234 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर** (कासं)। समाजसेवी स्वर्गीय विरेंद्र सिंह कांकरिया की पुण्यस्मृति में उनकी जन्मतिथि पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 234 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ,जो कि इस वक्त ब्लड बैंकों में चल रही रक्त की कमी को पूरा करने में सहयोग प्रदान करेगा। आयोजन समिति के बृजराज सिंह ने बताया कि विरेंद्र सिंह का जीवन समाज के हर उस तबके की मदद में गुज़रा। उनकी स्मृति में करणी पैलेस रोड स्थित राधाकृष्ण मैरिज गार्डन में रक्तदान शिविर लगाया गया। यहां श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना, नगर निगम जयपुर ग्रेटर के चैयरमेन गजेन्द्र सिंह चिराणा, पार्षद विरेंद्र सिंह आसलसर, नवरत्न सिंह राठौड़ और भाजपा युवा नेता महिपाल सिंह करीरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। आयोजन समिति के नवल सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह शेखावत और बृजराज सिंह ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद दिया।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

**जयपुर ।** करणी विहार थाना इलाके में 10 दिन पहले प्रॉपर्टी डीलर के आत्महत्या करने के मामले में नया मोड आया है। प्रॉपर्टी डीलर ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाकर आपबीती बताई थी। उसके मोबाइल में यह वीडियो मिलने के बाद परिजन ने एफआइआर दर्ज कराई है। मृतक राजू शर्मा के भाई मामा की ढाणी सिरसी रोड निवासी जगदीश शर्मा ने एफआइआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि 9 अगस्त को राजू शर्मा ने श्याम एन्कलेव सिरसी रोड पर स्थित प्लाट पर विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। परिवादी ने जब अपने भाई का मोबाइल देखा तो पाया कि आत्महत्या करने से पहले राजू ने दो वीडियो बनाए थे। उनके भाई ने वीडियो में साझेदार बनवारी लाल और गणेश द्वारा अत्यधिक परेशान करने की बात कही थी। अब पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### युवाओं के नवाचारों की सराहना की

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि युवाओं का उत्साह प्रदेश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवा किसी भी क्षेत्र में बदलाव ला सकते है। राज्य सरकार भी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य व प्रोत्साहन में अहम निर्णय ले रही है। इसी दिशा में अगला बजट युवाओं और विद्यार्थियों को समर्पित होगा। युवा हितों में बेहतर निर्णयों के लिए प्रदेशवासियों के सुझाव आमंत्रित है। गहलोत ने कहा कि हमारा विजन 'टेक्नोलॉजी फॉर ऑल' का है। इसके लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। गहलोत शुक्रवार को बिड़ला सभागार में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट समारोह को संबोधित कर रहे थे। फेस्ट में गहलोत ने सूचना तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए युवाओं के नवाचारों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। यह दो दिवसीय फेस्टिवल सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### नाटक 'सहयात्री' का मंचन आज

**जयपुर,** (का.सं.)। वरिष्ठ रंगकर्मी मुकेश चतुर्वेदी की स्मृति में सूत्रधार सांस्कृतिक संस्थान की ओर से रविंद्र मंच के मिनी ऑडिटोरियम में 20 अगस्त को शाम 7 बजे नाटक 'सहयात्री' का मंचन किया जाएगा। सूत्रधार सांस्कृतिक संस्थान की सचिव प्रेमा चतुर्वेदी ने बताया कि लेखक एवं निदेशक महेश शर्मा ने बताया कि 'सहयात्री' में रामसहाय पारीक, मदनलाल शर्मा और तन्मय चतुर्वेदी अपना किरदार निभाएंगे। यह नाटक अलग-अलग परिवेश से आए दो वृद्धों की कहानी है। उनके जीवन दर्शन, जिंदगी की कशमकश और दांपत्य जीवन के द्वंदों को दर्शाता। साथ ही आज की युवा पीढ़ी की महत्वकांक्षा और रिश्तों को लेकर उनके नजरियों पर बहस करता है। रविंद्र मंच के मिनी ऑडिटोरियम में 21 अगस्त को शाम 7 बजे नाटक 'डेढ़ इंच ऊपर' का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक निर्मल वर्मा और निर्देशक मुकेश चतुर्वेदी हैं। इस नाटक में महेश शर्मा एकल अभिनय प्रस्तुत करेंगे। जर्मन पृष्ठभूमि पर आधारित ये कहानी है एक ऐसे बूढ़े शख्स की, जो एकाकी जीवन बिता रहा है और रोज रात को एक शराबखाने में बैठकर वो किसी भी अजनबी शख्स के सामने अपने जीवनानुभवों को साझा करता है। ये नाटक नाजी जर्मन और उनके अत्याचारों से ऊपजे एक गहन अवसाद भरे रिक्त स्थान को अप्रत्यक्ष रूप से उजागर करने की कोशिश करता है।

### मिस राजस्थान के सिटी ऑडिशन कल

**जयपुर,** (का.सं.)। मॉडलिंग और ग्लैमर के क्षेत्र में टैलेन्ट को प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से राजस्थान के प्रख्यात और प्रतिष्ठित ब्यूटी पैजेंट एलीट मिस राजस्थान 2022 अपने नए सीजन के साथ लौट रहा है। राजस्थान के विभिन्न शहरों में होने जा रहे ऑडिशंस की शुरुआत जोधपुर के साथ की जा चुकी है, जिसके बाद अब गुलाबी नगरी जयपुर में फ़र्स्ट सिटी ऑडिशन आयोजित होने जा रहे है। जिसके चलते 21 अगस्त, रविवार को जयपुर के हवा सड़क स्थित होटल हिलटन में ऑडिशन किया जा रहा है।

# छात्र का अपहरण कर परिजनों से 10 लाख रु. फिरौती मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## महारानी फार्म स्थित चाय की थड़ी से 27 जुलाई को फिल्मी स्टाइल में किया था छात्र का अपहरण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी के मानसरोवर क्षेत्र से छात्र का अपहरण कर उदयपुर में बंधक बनाकर मारपीट करने और परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले दो बदमाशों को शिप्रापथ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बदमाशों ने महारानी फार्म स्थित चाय की थड़ी पर से 27 जुलाई को युवक को फिल्मी स्टाइल में किडनैप किया था। कई दिन तक बंधक रहने के बाद जैसे-तैसे पीड़ित छूटकर उदयपुर पुलिस के पास पहुंचा और जान बचाई। अब शिप्रापथ पुलिस ने दो आरोपियों को पाली जिले की सोजत सिटी से दबोचा है । पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल और एटीएम बरामद किए है।

शिप्रापथ थानाप्रभारी महावीर सिंह राठौड़ ने गिरफ्तार आरोपी प्रहलाद सिंह भाटी और मोहम्मद आदिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पाली के सोजत से तकनीकी टीम और मुखबीर की मदद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से अपहरण की वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल, डंडा और पीड़ित से लूटा गया मोबाइल और उसके एटीएम कार्ड बरामद किए है।

पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने 27 जुलाई को दुर्गापुरा स्थित महारानी फार्म के पास एक चाय की थड़ी से इनोवा सवार आधा दर्जन बदमाशों ने हरकेश मीणा नाम के युवक का अपहरण किया था।


शिप्रापथ थाना पुलिस ने छात्र का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

किडनैपिंग की इस वारदात को अंजाम देने के लिए हरकेश मीणा का दोस्त शिव प्रकाश झांसा देकर उसे कार खरीदने के बहाने एक चाय की थड़ी पर लेकर आया। इस दौरान इनोवा सवार आधा दर्जन बदमाश मौके पर आए, और हरकेश मीणा को किडनैप कर उदयपुर ले गए। इस दौरान बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर हरकेश मीणा के साथ पहाड़ियों पर ले जाकर जमकर मारपीट की, और उसे बंधक बना लिया।

बदमाशें ने युवक से मारपीट कर उसके हाथ-पांव बांधकर गाड़ी में पटक कर अपने साथी लक्ष्य चौधरी के फ्लैट पर ले गए और मारपीट की। बदमाशें ने 2 दिन तक मारपीट करते हुए हरकेश के अकाउंट से ऑनलाइन 10 हजार रुपए डलवा लिए। बाद में परिजनों को मोबाइल पर धमकी देते हुए 10 लाख रूपये की फिरौती मांगी। जान का खतरा होने पर और मारपीट के डर से हरकेश मीणा ने जयपुर चलने पर 10 लाख रुपए देने की बात कही। रात को उदयपुर में अपहरणकर्ता फ्लैट पर सो गए, जैसे ही बदमाशों को नींद आई। ठीक वैसे ही पीड़ित हरकेश मीणा खुद को उनके चंगुल से छुड़ाकर घायल अवस्था में उदयपुर के नजदीकी सुखेर थाने पहुंच गया। यहां पहुंचने पर उसने परिजनों को और पुलिस को पूरी आपबीती बताई। घटना के बाद सुखेर थाना पुलिस ने घायल अवस्था में हरकेश मीणा को यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। लेकिन घटना के बाद सभी बदमाश उदयपुर से फरार हो गए। मोबाइल फोन पर मिली जानकारी पर परिजन उदयपुर पहुंचे और हरकेश को जयपुर लेकर आए।

- **बदमाशों ने उदयपुर ले जाकर युवक को बंधक बनाया और मारपीट की**
- **बदमाशों को नींद आने पर चंगुल से छूटकर निकला था पीड़ित युवक**

उधर पीड़ित के भाई लोकेश मीणा ने 31 जुलाई को शिव प्रकाश मीणा समेत अन्य बदमाशों के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया। जांच करते हुए पुलिस ने मुखबिर की इत्तला पर और तकनीकी टीम की मदद से अपहरण करने वाले दो बदमाशों प्रहलाद सिंह भाटी और मोहम्मद आदिल को पाली जिले में दबोच लिया। शिप्रा पथ थाने लाने के बाद जब पुलिस ने आरोपियों से कड़ी पूछताछ की तो पता चला हरकेश मीणा के दोस्त शिव प्रकाश मीणा ने किडनैपिंग की यह सारी योजना तैयार की थी। योजना के तहत शिव प्रकाश ने हरकेश मीणा को एक बड़ा सटोरिया बताया और हरकेश मीणा के काफी रुपए कमाने पर फिरौती मांगने की यह साजिश रच डाली।

योजना के तहत शिव प्रकाश ने आरोपी प्रहलाद सिंह और उसके साथी मोहम्मद आदिल, उदयपुर के साथी लक्ष्य चौधरी, समीर खान और इरफान के साथ मिलकर इनोवा गाड़ी किराए पर लेकर किडनैपिंग की इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि इस पूरे प्रकरण में अभी समीर खान, इरफान, लक्ष्य चौधरी फरार चल रहे हैं। शिप्रा पथ थाना प्रभारी महावीर सिंह राठौड़ के मुताबिक फरार आरोपी जल्दी गिरफ्तार होंगे। और किराए पर गाड़ी उपलब्ध कराने वाली एर्जेसी से भी पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 6 बाइक बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने एक दर्जन से अधिक वारदात कबूली है।

डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार योगी उर्फ बंटी सगतपुरा मनोहरपुर का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा है।

इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी की बाइक बेचना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके पास से छह बाइक बरामद की हैं। यह बाइक उसने शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, विश्वकर्मा, आमेर, ब्रह्मपुरी, गलता गेट, विद्याधर नगर से चुराई थी। पूछताछ में अनिल ने बताया कि वह चार साल से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में चालानशुदा आदतन वाहन चोर है। आरोपी जिस बाइक में गलती से चाबी रह जाती है। चाबी लगी मोटरसाईकिल पर निगरानी रखकर स्टार्ट कर चोरी करके ले जाता है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में श्री राम टीला लंकापुरी भट्टा बस्ती निवासी हरिराम गुर्जर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह कोरियर कंपनी में काम करता है। 12 मार्च को वह बाइक से विशाल मेडिकल के पास शिवम रेडीमेड की दुकान के सामने खड़ी कर कोरियर देने गया था। पांच मिनट बाद बाहर आकर देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।




## Break The Monotony Day

Get up. Shower. Get Dressed. Have Coffee. Do your commute. Go to your job. Spend the day doing the same job you did yesterday. Punch out. Commute back home. Have dinner. Watch TV. Sleep well. Do it all again tomorrow. There's a certain security in a steady schedule, but too much of the same thing gets you stuck in a rut and the monotony can just kill you. Break the Monotony Day reminds us that sometimes change is good and can really make a difference.

#SPACE

# Origin Of The Moon

The discovery represents a significant piece of the puzzle towards understanding how the moon, potentially the Earth and other celestial bodies were formed.



Researchers have discovered the first definitive proof that the moon inherited indigenous noble gases from the Earth's mantle.

The discovery represents a significant piece of the puzzle towards understanding how the moon, potentially the Earth and other celestial bodies were formed.

Humankind has maintained an enduring fascination with the moon. It was not until Galileo's time however that scientists really began study it. Over the course of nearly five centuries researchers put forward numerous much debated theories as to how the moon was formed.

Now geochemists, cosmochemists and petrologists at ETH Zurich shed new light on the moon's origin story.

The research team reports finding that shows the moon inherited the indigenous noble gases of helium and neon from Earth's mantle.

The discovery adds to the already strong constraints on



the currently favoured 'Giant Impact' theory that hypothesizes the moon was formed by a massive collision between Earth and another celestial body.

During her doctoral research at ETH Zurich, Patrizia Will analysed six samples of lunar meteorites from an Antarctic collection, obtained from NASA. The meteorites consist of basalt rock that formed when magma welled up from the interior of the moon and cooled quickly. They remained covered by additional basalt layers after their formation which protected the rock from cosmic rays and particularly the solar wind. The cooling process resulted in the formation of lunar glass particles among the other minerals found in magma.

Will and the team discovered that the glass particles retain the chemical fingerprints (isotopic signatures) of the solar gases: helium and neon from the moon's interior. Their findings strongly support that the moon inherited noble gases indigenous to the Earth.

"Finding solar gases for the first time in basaltic materials from the moon that are unrelated to any exposure on the lunar surface was such an exciting result," says Will.

Without the protection of an atmosphere asteroids continually pelt the moon's surface. It likely took a high-energy impact to eject the meteorites from the middle layers of the lava flow similar to the vast plains known as the Lunar Mare. Eventually the rock fragments made their way to Earth in the form of meteorites. Many of these meteorite samples are picked up in the deserts of North Africa or in this case the 'cold desert' of Antarctica where they are easier to spot in the landscape.

In the Noble Gas Laboratory at ETH Zurich resides a state-of-the-art noble gas mass spectrometer named 'Tom Dooley' - sung about in the Grateful Dead tune by the same name. The instrument got its name when earlier researchers at one point suspended the highly sensitive equipment from the ceiling of the lab to avoid interference from the vibrations of everyday life. Using the Tom Dooley instrument the research team was able to measure sub-millimetre glass particles from the meteorites and rule out solar wind as the source of the detected gases. The helium and neon that they detected were in a much higher abundance than expected.

The Tom Dooley is so sensitive that it is in fact the only instrument in the world capable of detecting such minimal concentrations of helium and neon. It was used to detect these noble gases in the 7 billion-year-old grains in the Murchison meteorite, the oldest known solid matter to-date.

Knowing where to look inside NASA's vast collection of some 70,000 approved meteorites represents a major step forward.

"I am strongly convinced that there will be a race to study heavy noble gases and isotopes in meteoritic materials," says Henner Busemann, a professor from ETH Zurich and one of the world's leading scientists in the field of extraterrestrial noble gas geochemistry. He anticipates that soon researchers will be looking for noble gases such as xenon and krypton which are more challenging to identify. They will also be searching for other volatile elements such as hydrogen or halogens in the lunar meteorites.

"While such gases are not necessary for life, it would be interesting to know how some of these noble gases survived the brutal and violent formation of the moon," Busemann says. "Such knowledge might help scientists in geochemistry and geophysics to create new models that show more generally how such most volatile elements can survive planet formation in our solar system and beyond."




# The call of the mountains comes at a price





People often dream about running away and setting a home far from the madding crowd. But is it that simple? Is it easy leaving the convenience-rich city life and setting a home in the wilderness? Is life in the mountains more than just a fairy tale?





Suman Shastri

*Suman Shastri is a travel writer based in Kangra, Himachal Pradesh*

#LIFE

"You have such a dream life," I hear this all the time.

I want to tell them I agree, but what exactly is the 'dream life'? I put off replying. Excuse me, I have a pile of dishes to get back to before the power goes out again.

### Making a home in the mountains

I live in a quaint village in Kangra, in the foothills of the Himalayas. Until last year, we did not have a road up to the village. Tourists are common in summer and visit for peace and quiet. I share the same sentiment and have given up on a huge deal to live here. I am cognisant of the privilege I have over people in the village, who have grown up amidst hardships and over those in the cities who do not have the option of leaving everything behind. But to this day, after six years of moving, I have had second thoughts on my choice of making the mountains my home. Living in a city with the cushion of certainty seems easy. I do believe the grass is greener here, and every time I open the tap to fresh spring water I am reminded of why I am still here.

### The changing mountain air

Last summer, someone mentioned how wonderful the winter chill is. I stood there thinking, what a misfortune it is that June reeks of crisp cold November mornings. This person won't spend more than a few days here, I have the whole year and then the next. The climate is changing. I think about the summer before and all the crops that failed; about winter this year and my heart sinks. We barely had snow and are now paying for it with severe water shortage from the glaciers running dry. Crops are going to fail this year too; my landlady laments to me one day. It's been a tough year, a couple actually, if I count the last ones too.

Does this mean I am discouraging one from having this 'dream life'? I don't think I am in a position to. But having spent half a decade here, I am encouraging one to be more mindful. Mountains aren't simply out there to take selfies with

### To Summit a Mountain

Allow me to put people in boxes to make my point and I can tell you my observations: there are two kinds of people who strive to live this life. I use the measure of how they would summit a tough mountain to illustrate these boxes.

There's one kind that reach the summit and feel proud. This has been their one opportunity to prove themselves, and as they stand tall upon the peak they feel like they have conquered this mighty mountain. Then there's the kind that climb up to the summit and submit themselves in gratitude. They are thankful that the mountain has allowed them to climb upon it safe and sound. Being on top of the mountain makes them feel humble.

### Big mountain small people

People do not have to climb a mountain to exhibit either of these behaviours. Living up in the mountains is a gargantuan task, far from the glorified ideas planted upon people by social media. The mountains constantly reminds us of how small we are. We think we are capable, and a loose rock brings the ground beneath our feet crumbling down. We think we can conquer a mighty mountain, and the mountain leaves no stone unturned to tell us how foolish we are.

I don't mean to discourage but there's no 'pride' in living like this. I simply refrain from romanticising a life that is a struggle for many. I do not intend to sound conclusive when I say this but I know it for sure because I used to be the first kind of person when I came to live here foolish enough to think this was the answer to all my problems.

### The will of the Mountain

Living here has been a dream which happened inadvertently. I didn't plan on moving here and had I another chance, I would be more mindful from the beginning. The mountains have taught me a number of important lessons. I remember getting flustered when I first moved to Arunachal Pradesh, to teach in a remote community. I would have all these plans and it would rain down on me. Things were slow and those who had done it before me were patient enough to say - 'it will happen when it has to'. It took me a while to realise how inconsequential my plans were in front of the dynamism of the mountains. They constantly remind you to be patient.

### Mindful living

There are times I miss the convenience of the city. But living here makes me realise what an unaware consumer I have been all my life. It's different there, you buy more than you need, put most of it in a garbage bin and someone comes and takes it. Here, we know exactly where the garbage goes most of which we have to figure out ourselves how to dispose of. This has largely helped me reduce my consumption. As much as I would like to grab a packet of potato chips, I know I have no idea what to do with the plastic once I'm done eating it. I know it's the reason we haven't had a proper summer this year.

> There's one kind that reach the summit and feel proud. This has been their one opportunity to prove themselves. Then there's the kind that climb up to the summit and submit themselves in gratitude. They are thankful that the mountain has allowed them to climb upon it safe and sound. Being on top of the mountain makes them feel humble.

### Climate change

Climate change hits you harder when you live closer to nature. I prefer second hand clothes now that I have realised how indispensable resources really are. No textbook has taught me this virtue like the mountains have. Regardless of the cost it is not an option to live with the same conveniences here. The mountains are bare and the impact we have on them stares us starkly on our face, consequences looming large upon our head with every passing day of absurd weather changes and failing crops.

### Learnings from the mountain

I know how alluring this life seems but this greener grass is not the answer to all our problems. By all means move to the mountains if you want to fully acknowledging the cost it comes at and the struggles it brings along. Be cognisant, you are walking into someone else's home to call it your own whether it be the villagers who settled here ages ago or the wildlife this space actually belongs to. Be mindful it takes time for them to accept you. Be thoughtful about your body, it needs time to adjust to a different climate. The snow looks beautiful on Instagram but will literally knock the breath out of you. Be conscious of how vulnerable you feel when you're close to nature; how easy it is to want to hide behind convenient distractions. Be aware of how ethically you are consuming and disposing of what you use. It stares you back in your face out here. Be grateful of the clean air and water you have access to and preserve it. Be humble.

I used to talk about how impossible it is for me to head back to the pandemonium of city life; how I know I won't survive there and how I am willing to do anything to make this work. Today, I live with full acceptance & gratitude: I am here because the mountains have let me.

writetoarbit@rashtradoot.com





#CULTURE

# Immunity-Boosting Food

No matter where you go in the country, you will invariably find seasonal foods and dietary practices codified into rituals and festivals.



Alvati.

On the eleventh day of shukla paksha (bright fortnight) of the Hindu month of Ashadh, many adherents observe Ashadhi Ekadashi. It is believed that on this day Vishnu slips into his divine slumber that lasts four months - a period known as Chaturmasa or Chau masa.

In Maharashtra, many homes especially in rural areas offer a fruit called vaghate or Govind phal to Vitthal, a manifestation of Vishnu. The fruit gravid with seeds is typically crushed and cooked with fresh coconut, coriander, peanuts and a host of spices to make vaghateyachi bhaji. Alternatively, it is chopped and cooked into a spirited curry with moth dal or simply fried to a crisp snack. It is generally held that the green



Patoli

vaghate which is abundant during early rains possesses medicinal virtues that keep typical monsoonal diseases at bay.

The custom of offering vaghate to Vitthal and then serving it to the household is rooted in India's tradition of seasonal eating and harnessing the nutraceutical benefits of food. Across the country all the year round seasonal food and dietary practices have been codified into rituals. The monsoon is no different.

During the rains, rituals and festivals celebrate the season's natural bounty and showcase the robust flavours and healing powers of a panoply of wild foods such as roots, fruits, weeds and leaves. For instance, in Chhattisgarh, at the onset of monsoon indigenous agrarian communities celebrate Hareli - a ceremony to propitiate Kutki Dai, the goddess of crops - when it is customary to partake in a medicinal brew of herbs and roots foraged from the forests.

Down south, for Malayali Hindus, the period of Karkidakam - spanning the months of July and August - is marked by rituals and dietary practices rooted in traditional wisdom.

Many herbs and leafy vegetables consumed by Malayali Hindus during Karkidakam are neither cultivated nor domesticated. A classic Karkidakam dish is the Pathila Thoran, a stir fry of 10 leafy greens often finished with freshly grated coconut. Every family has a different mix of wild greens depending on what grows in their backyard.

It's in the monsoon that Hindus celebrate the birth of Krishna, one of the avatars of Vishnu. In Mangalorean Hindu homes, a typical Janmashtami dish is alvati, a ginger-scented curry made with iron-rich colocasia leaves that grow untamed in the season. On this occasion, you may also find these homes making gajbaje ambat, a coconut and tamarind based curry with monsoon vegetables such as yam, bread fruit, Mangalorean cucumbers called magge and okra.

Moving east, Janmashtami is announced in Bengali homes by the heady, sugary aroma of taal or palmyra palm. August and September are the months when taal ripens in Bengal under sporadic rains and sunny spells. This is when its sugary pulp is extracted from the fibrous core and used to make a variety of sweet dishes offered to Krishna. Alternatively, its pulp is mixed with grated coconut and rice flour, flavoured with cardamom and deep fried to make plump fritters called taaler bora or taal phuluri.

According to the legend, on discovering baby Krishna is his cradle, his foster father Nanda feasted on taaler bora and danced with joy. '*Ki ananda holo*



Pathila Thoran.



Taal Phuluri.


*Braje, ki ananda holo. Gopale payiya Braje ki ananda holo. Taaler Bora kheye Nanda nachite lagilo'*, goes a Bengali folk song. What joy in Braj! Oh what joy! Nanda eats palm fritters and dances with joy!

On the west coast, in many Goan homes, it is customary on Ganesh Chaturthi to build a matoli, a type of herbarium that showcases monsoon's bounty. Suspended canopy like over the idol of Ganesha the matoli is made up of a wooden grid with seasonal fruits and vegetables such as the ridge gourd, hog plum, colocasia leaves, local red amaranth, turmeric leaves and areca nuts. Under the matoli, many believers offer the deity a dish comprising of 21 local vegetables found in the rainy season.

A day before Ganesh Chaturthi, Goan Saraswat families propitiate Gouri with an offering of sweet patoli or patoleo – medicinal turmeric leaves (which grow wild in the region during the monsoon) dipped in rice batter and steamed. The story goes that a pregnant Gouri craves the steamed rice cakes on this day. Also offered to Gauri on this day is a dish made of five leafy vegetables: tambi bhaji (red amaranth), maskachi bhaji (moringa leaves), dhavi bhaji (local green amaranth), alsandyachi bhaji (cowpea leaves) and dhudyachi bhaji (tender pumpkin leaves).

Across the border from Goa, in Maharashtra, foraging lies at the heart of Rushi Panchami, which is celebrated a day after Ganesh Chaturthi. On this occasion many Maharashtrian homes make Rushi chi Bhaji or Hermit's stew with a mix of uncultivated vegetables and foraged leafy greens. As the name suggests the dish commemorates the foraging lifestyles of sages who lived in the wild but at the same time it is a one-pot celebration of monsoon's verdant wealth.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हिण्डौन के युवक की चेन्नई में संदिग्ध मौत

## गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी,** (निस)। शहर के जाटव बस्ती निवासी युवक की चेन्नई में हुई मौत को परिजनों ने संदिग्ध बताकर बयाना मुख्य मार्ग स्थित जाटव बस्ती की बगीची के गेट पर शव को रख कर विरोध प्रदर्शन किया।

कोतवाली थाना प्रभारी वीर सिंह गुर्जर ने बताया कि जाटव बस्ती के रामेश्वर जाटव की चेन्नई के विजयवाड़ा में संदिग्ध मौत हो गई। रामेश्वर को अपने साथ ले जाने वाले ठेकेदार ने शुक्रवार को सुबह मृतक के शव को परिजनों को सुपुर्द कर चला गया। इससे गुस्साए परिजन रिश्तेदारों शव को बयाना मार्ग स्थित जाटव समाज की बगीची के गेट पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम लगाने की सूचना पर सीआई वीर सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक कैलाश चंद, एएसआई हरफूल सिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

परिजन और रिश्तेदारों से बात कर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी कर लिया और शहर के महानगर स्थित जिला अस्पताल में ले जाकर सबका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। मामले में रामेश्वर जाटव की मां सोमोती जाटव पत्नी टीकाराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीब 2 माह पहले भगवान सहाय निवासी हिंडौन उनके घर पर आया और आकर कहा कि मेरा चेन्नई में बहुत अच्छा काम चल रहा है। तुम तुम्हारे बेटे रामेश्वर जाटव को मेरे साथ चेन्नई भेज दो जिसके बाद उसने अपने बेटे को चेन्नई भेज दिया। इसके बाद एक अगस्त को मां ने कहा कि उसके बेटे को हिंडौन वापस भेज दो।


घटना की जानकारी लेती पुलिस एवं मौजूद ग्रामीण ( इनसेट में मृतक युवक )।

उन्हे अपने बेटे से वहां काम नहीं कराना, इस पर भगवान सिंह ने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। उसके बाद उसने और परिवार वालों ने काफी बार फोन किए लेकिन उसने ना फोन उठाया ना संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद 16 अगस्त को रात 11 बजे भगवान सहायका फोन आया और उसने कहा कि रामेश्वर का आधार कार्ड भेज दो उसकी तबीयत खराब है। जिसके बाद उसने किसी परिचित द्वारा रामेश्वर का आधार कार्ड उसे मोबाइल पर भेज दिया। इसके बाद वापस भगवान सहाय का फोन आया और कहा कि खाना खाते समय रामेश्वर के गले में खाना अटक गया जिससे वह बेहोश हो गया। जिसके बाद 19 अगस्त को भगवान सहाय उसके शव को लेकर हिंडौन आ गया। जिस पर रामेश्वर की मांग ने बेटे को मारने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ददरेवा में वाहन पार्किंग ठेकेदार के साथ मारपीट

## चार लाख रूपये छीनकर ले जाने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिले की राजगढ तहसील के गांव ददरेवा में भरने वाले जाहरवीर गोगापीर के लक्खी मेले में शुक्रवार को वाहन पार्किंग ठेकेदार के साथ लाठियों से मारपीट कर पार्किंग राशि के 4 लाख 13 हजार रूपये छीनकर ले जाने के आरोप का मामला सामने आया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची राजगढ थाने की पुलिस चौकी ददरेवा की पुलिस टीम व सरपंच प्रतिनिधि नरसी मिठडी एवं उसके लडके ने घायल ठेकेदार शीशराम उर्फ सेठी पुत्र मोहर सिंह जाति भांमी (मेघवाल) निवासी वार्ड 15 ददरेवा को राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी हालात गंभीर होने के कारण राजकीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय पर स्थित भरतीया अस्पताल में उसे उपचार हेतु भर्ती करवाया गया है।

पीडित ठेकेदार शीशराम निवासी ददरेवा ने पर्चा बयान में बताया कि उसने ददरेवा मेले में वाहन पार्किंग का ठेका ले रखा है, जिसमें नरसी सरपंच प्रतिनिधि, राजपाल सेऊवा, छोटूराम ख्याली आदि की पार्टनरशीप है। 19 अगस्त को सुबह 6.15 बजे घर से चाय पीकर पार्किंग स्थल ददरेवा पर आ गया था और उसने काम पर आकर अपने साथी रवि कुमार, सम्पत, सचीन


चूरू अस्पताल में उपचाराधीन घायल ठेकेदार शीशराम भांमी।

निवासीगण मिठडी पट्टा व दो सेऊवा के लडकों से पार्किंग की एकत्रित राशि 4 लाख 13 हजार रूपये लेकर अपनी पेंट में डालकर घर ले जाने के लिए डाले थे। तभी पार्किंग स्थल पर करीबन 6.30 बजे सुबह विकास मेघवाल लम्बोर, बजरंग नायक, राहुल छिंपी (दर्जी) व एक अन्य बोलेरो लेकर आये, विक्की लम्बोर ने उसे गाडी में बैठने को कहा और गाडी में बैठाकर राजपाल सेऊवा के घर पर चलने की बात कही तथा गाडी में बैठकर रवाना हो गये, लेकिन गाडी को महलाना से मिठडी की ओर मोड लिया तथा डेढ किलोमीटर चलते ही पहले से सफेद रंग की स्कार्पियों गाडी खडी थी, जिसमें जयवीर ददरेवा, नेपूसिंह न्यांगली, शेरसिंह न्यांगली, विक्रम सिंह उर्फ विक्की न्यांगली, थानेदार सिंह चैनपुरा बैठे थे तथा उस गाडी से उतर कर उसे बोलेरे से निचे उतार लिया तथा स्कार्पियों गाडी में बैठने को कहा और जाति सूचक गाली देकर कहा कि तेरे को कहा था कि रस्सा वाला ठेका मत लेना, इसके बाद विक्की लम्बोर व उसके साथियों ने सुनसान जगह पर लाठियों से मारपीट करनी शुरू कर दी तथा उन्होंने उसके दोनों पैर तोड दिये और पेंट में रखे रूपये निकाल कर ले गये। उसके बाद उसने अपने मोबाईल से अपने लडके को फोन किया तो लडका मुकेश गाडी लेकर मौके पर आया, उसके पिछे नरसी और पुलिस आ गई तथा राजगढ सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहाँ से उसे चूरू रेफर कर दिया। पुलिस ने एसीएसटी सहित विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# मसूदा क्षेत्र में जंगली पशुओं का 'जंगल राज'

## किसानों की खेती और पशु पालकों के पशु हो रहे शिकार

**मसूदा,** (निसं)। पशुओं विशेषकर गोवंश में फैले लंबी स्किन रोग से जहां एक और पशुपालकों में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर जंगली जानवरों द्वारा किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाने एवं पैंथर आदि जंगली जानवरों द्वारा इन किसानों के भेड़ बकरी आदि पशुओं के किए जा रहे शिकार को लेकर मसूदा क्षेत्र का किसान वर्ग एवं पशुपालक वर्ग बेहद चिंतित एवं अत्यंत परेशान दिखाई दे रहा है। परंतु आश्चर्य तो इस बात का है कि क्षेत्र के किसान वर्ग एवं पशुपालक वर्ग की पीड़ा के घाव भरना तो दूर की बात है कोई मरहम लगाने वाले तक नहीं दिखाई दे रहा है।

एक घटना नयागांव ग्राम पंचायत के बडिया हैं और घटना की जानकारी देने वाले मास्टर लादू काठात की मानें

- **सरकारी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की कब तक होगी जाग और कब तक होगा कार्रवाई का आगाज या फिर ऐसे ही चलता रहेगा यहां पर पोपा बाई का राज**

तो नेनू सिंह की तीन बकरियों व लक्ष्मण की दो बकरियों को पैंथर ने दो दिन पहले ही मौत के घाट उतार दिया। घटना के बारे में वन विभाग को सूचना भी दी गई थी परंतु वन विभाग शायद सोया हुआ लग रहा है। दूसरी घटना जीवणा ग्राम पंचायत की हैं। जीवाणा सरपंच सोनल प्रजापत एवं पूर्व सरपंच भोमाराम प्रजापत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार क्षेत्र के किसानों के खेतों में खड़ी फसल को जंगली सुअरो द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सरपंच की माने तो किसानों के खेतों में खड़ी फसल को जंगली सुअरों द्वारा नुकसान पहुंचाने की घटना के संबंध में स्थानीय प्रशासन को भी अवगत करवा दिया गया है। सरपंच ने किसानों की खड़ी फसल को जंगली सूअरों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने के मामले में वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। करते हए किसानों को होने वाले भारी नुकसान से बचाने की ओर ध्यान आकर्षित किया हैं।

# 46 खनन लीज समय से पहले समाप्त

**भरतपुर,** (निस)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर जिले के सीकरी व पहाड़ी तहसील क्षेत्रों के आदिबद्री व कनकांचल पर्वतों में चल रही 46 खनन लीजों को समय पूर्व समाप्त कर दिया गया है। जिस पर पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि उन्होंने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर यह निर्णय लेकर बृजवासियों की भावनाओं का आदर किया है। पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा है कि इन धार्मिक महत्व के पर्वतों पर खनन का कार्य बन्द कराने के लिये दी गई लीजों को निरस्त करने के संबंध में साधु संतों के साथ जो समझौता हुआ था । उसे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समय रहते पूरा कर दिया। इस आदिबद्री व कनकांचल पर्वत क्षेत्र के आसपास स्वीकृत 147.36 हैक्टेयर में 46 खनन पट्टों को धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण और आमजन स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुये यह निर्णय लिया गया है और अब यह भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित कर दी गई है।

# मेयर-आयुक्त के टकराव का खामियाजा भुगत रहा आधा शहर

**बीकानेर,** (कासं)। मेयर-कमिश्नर विवाद के चलते अब सफाई कर्मचारियों को मोहरा बनाया जा रहा है। बीते एक महीने में 30 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों के ट्रांसफर किये गए हैं। 90 प्रतिशत सफाई कर्मचारी भाजपा के वार्ड से हटाकर कांग्रेस वार्ड में लगा दिये गए। 10 कर्मचारी फॉगिंग और डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग को दिए गए वो भी भाजपा वार्ड के ही कार्मिक हैं।

मेयर सुशीला कंवर और कमिश्नर गोपालराम बिरदा के बीच विवाद थम नहीं रहा है। अब सफाई कर्मचारियों को लेकर नया टकराहट शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा सफाई कर्मचारी भाजपा के वार्ड 60 से निकाले गए। इस वार्ड में लक्ष्मीनाथ मंदिर की मुख्य सड़क, चूड़ी बाजार, भुजिया बाजार आता है। सफाई कर्मचारियों के करीब 15 अलग-अलग आदेश जारी हुए जिसमें 30 से ज्यादा कर्मचारी इधर से उधर किए गए

- **90 प्रतिशत सफाई कर्मचारी भाजपा पार्षद के वार्ड से हटाकर कांग्रेस पार्षद के वार्ड में लगा दिये गए**

हैं। लेकिन सभी कर्मचारी भाजपा पार्षदों के वार्डों से हटाकर कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में लगाये हैं।

लोग इसे मेयर-कमिश्नर के झगड़े से जोड़कर देख रहे हैं। यानी जो पार्षद मेयर के साथ हैं, उनके वार्डों से कार्मिक कम किए जा रहे हैं। भाजपा के वार्ड 36 से एक कार्मिक हटाया लेकिन बदले में वहां दूसरा लगा भी दिया गया।

नगर निगम क्षेत्र की आबादी के लिहाज से 2865 सफाई कर्मचारी होने चाहिए लेकिन अभी तक निगम में 1650 पद ही सृजित हैं। उसमें भी 198 पद रिक्त हैं। शेष बचे 1485 सफाई कर्मचारियों में करीब 170 कर्मचारी ऐसे हैं जो सफाई के अलावा दूसरे कामों में लगे हैं। 35 कर्मचारी अधिकारियों के सरकारी बंगलों पर तैनात हैं। कुछ अधिकारियों के बगीचे संभाल रहे तो कोई वहां की सफाई देख रहा है। कुछ कर्मचारी कलेक्ट्रेट में तैनात हैं। बीपीएल सर्वे में जुटे हैं। नगर निगम में 35 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों से लिपिक का काम लिया जा रहा है।

मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित का कहना है कि 80 नंबर वार्ड में 8 नए कर्मचारी भेजे हैं। निगम में ऐसे दर्जनों कर्मचारी हैं जिन्होंने आज तक झाडू नहीं पकड़ी। मैं मेयर हूं। मेरे वार्ड में सिर्फ 10 कर्मचारी हैं। बैलेंस भाजपा के वार्ड से कर्मचारी भेजकर क्या होगा। आयुक्त को पार्टी कार्यकर्ता की तरह काम करना शोभा नहीं देता।

# भीलवाड़ा में 15 पॉजिटिव मिले

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। शुक्रवार को जिले में 15 नए पॉजिटिव केस मिले है, इन केसों में अकेले मांडल कस्बे के 6 लोग शामिल हैं। आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि भीलवाड़ा में संदिग्धों की जांच का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे कोरोना संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं। इसी के चलते सैंपलिंग और जांचों में पर ध्यान दिया जा रहा है। शुक्रवार को जांच में 15 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये। इनमें से 6 अकेले मांडल से सामने आये हैं। डॉक्टर चावला ने बताया कि संक्रमितों में 30, 35 व 42 वर्ष के तीन युवक जहाजपुर, आसींद से 30 वर्षीय युवक, सुवाणा से 45 साल की महिला, शाहपुरा की 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला, शहर में काशीपुरी से 60 वर्षीय बुजुर्ग बापूनगर से 29 साल की महिला, सुभाषनगर से 17 साल का किशोर, जबकि मांडल से 24 वर्षीय युवक, 26 साल की महिला, 80 साल का बुजुर्ग, 15 साल का किशोर, 25 वर्षीय युवक व 70 साल का बुजुर्ग शामिल हैं।

# दो गुटों में खूनी संघर्ष, सात लोग घायल

**हिण्डौन सिटी,** (कासं.)। सदर थाना क्षेत्र के गांव गद्दीपुरा में डीजे पर अश्लील गाने बजाने की मना करने और उधारी का पैसा मांगने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें 7 लोग घायल हो गए, जिन्हें डॉक्टरों ने भर्ती कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस गांव पहुंची और घटना क्रम की जानकारी ली। सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण बताया कि गांव गद्दीपुरा में डीजे पर गंदे गाने बजाने के विरोध में व दूसरे पक्ष द्वारा उधारी के पैसे मांगने के विरोध में दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया, जिसमें 7 लोग घायल हो गए।

पांच की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर राजपाल और डॉक्टर अजय गुप्ता द्वारा भर्ती कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस गांव पहुंची जहां घटना की जानकारी ली गई। थाना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पक्ष के गद्दीपुरा निवासी 15 वर्षीय हैप्पी पुत्र महाराज सिंह, 57 वर्षीय विद्या पत्नी मंगल, 55 वर्षीय अतरबाई पत्नी चरण और दूसरे पक्ष की 60 वर्षीय अंगूरी, 30 वर्षीय दीपा, 14 वर्षीय ताशु, 40 वर्षीय राजपाल पुत्र दामोदर घायल हुए है। वहीं एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर डीजे पर अश्लील और गंदे गाने बजाने की मना करने के विरोध में विवाद का कारण बताया है, वहीं दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष की ओर से 15 हजार रुपए उधारी का पैसा देने से मना करना विवाद का कारण बताया है।

इस मामले में सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। दोनों पक्षों की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होते ही पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।


झगड़े में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बीकानेर में किसान महापंचायत 29 को

**बीकानेर,** (कासं)। फसल, नस्ल और जमीन को बचाने व किसानों के ज्वलन्त राष्ट्रीय एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर बीकानेर में 29 अगस्त, 2022 को कर्मचारी मैदान, कलेक्ट्रेट के सामने किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा बीकानेर के अग्रणी नेताओं ने आनन्द निकेतन में एक बैठक आयोजित की जिसमें किसान महापंचायत के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा महापंचायत को सफल बनाने के लिए तहसीलवार प्रचार कमेटियों का गठन किया गया। इस किसान महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि तथा राजाराम मील, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय किसान युनियन (टिकैत) विशिष्ट अतिथि होंगे। आज की बैठक में पूनम चन्द नैण, जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान युनियन, बीकानेर, रामगोपाल बिश्नोई, कॉमरेड जेठाराम लाखूसर, जिला सचिव, अखिल भारतीय किसान सभा, शिवदान मेघवाल, प्रभुदयाल गोदारा, छोगाराम तर्ड, जिलाध्यक्ष, भारतमाला संघर्ष समिति, बीकानेर, लूम्बाराम श्योराण, जिलाध्यक्ष, राजस्थान किसान युनियन, बीकानेर काशीराम मेघवाल, राधाकिशन ज्याणी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत देवमगरी सरपंच पर नियम विरुद्ध पट्टे देने का आरोप

## सम्भागीय आयुक्त को शिकायत की

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवमगरी की सरपंच पुसी देवी द्वारा नियम विरुद्ध खातेदारी एवं चारागाह सहित अन्य स्थानों पर पट्टे देने का आरोप लगते हुए सम्भागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा को मसूदा में 12 अगस्त को राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित जनसुनवाई में एक लिखित शिकायत दी गई है। शिकायत में बताया गया कि सरपंच व सरपंच पुत्र, ग्राम सेवक ने नियम विरुद्ध पट्टे जारी किए हैं। इस पर सम्भागीय आयुक्त ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए मसूदा विकास अधिकारी को जांच के निर्देश दिए मेहरा को शिकायतकर्ता ने बताया कि सरपंच पुसी देवी का पुत्र शिवराज सरपंच का कार्यभार सम्भालता है। ग्राम पंचायत का कोई भी कार्य हो उसकी देखरेख व खुद करता है जो कि सरकार के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते देखा गया है। जबकि पंचायतराज के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है।

ग्राम सेवक की मिली भगत से खातेदारी व चारागाह, अन्य जगहों पर पट्टे बनाए गए हैं। जबकि सरपंच को आबादी भूमि पर ही पट्टे काटने के नियम है। सरपंच पुत्र की दबंगई के चलते ऐसा किया जा रहा है। इस मामले में मसूदा विकास अधिकारी फिरोज खान से जानकारी ली तो विकास अधिकारी ने बताया कि शिकायत जनसुनवाई में आई थी हमारे पास जांच की रिपोर्ट नहीं आई हैं आते ही मामले की जांच करेंगे खातेदारी जमीन कंवर्ड हुई या नहीं जांच करने पर मालूम होगा। खातेदारी जमीन कंवर्ड हुई या नहीं इस मामले में मसूदा तहसीलदार से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया पर सम्पर्क नहीं हो सका।

# काले जादू से नाराज होकर किया था साधु का मर्डर

## पुलिस ने 24 घंटे में मामले का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के संगरिया के भाखरावाली गांव की कुटिया में साधु के मर्डर मामले का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जसवीर सिंह किसी काले डोरे के जादू को लेकर नाराज था और उसी बात को लेकर उसने धारदार हथियार से साधु की हत्या कर दी थी।

एसपी डॉक्टर अजय सिंह ने बताया कि 16 अगस्त की रात को कुटिया में साधु चेतनदास का किसी ने धारदार हथियार से मर्डर कर दिया था। टीम ने साइबर सेल की मदद से संदिग्ध नम्बरों की गहनता से जांच की ओर शक के आधार पर संदिग्ध के संभावित ठिकानों के लिए रवाना हुई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी भाखरावाली निवासी जसवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। साधु चेतनदास के मर्डर के आरोप में गिरफ्तार जसवीर सिंह खुद भाखरावाली गांव का ही निवासी था। हालांकि अभी पुलिस ने ये खुलासा नहीं किया है कि उसने साधु चेतनदास को किसलिए मारा था। वहीं, पुलिस सूत्रों के अनुसार किसी काले डोरे के जादू को लेकर आरोपी जसवीर सिंह नाराज था और उसी बात को लेकर उसने धारधार हथियार से साधु की हत्या कर दी।

संगरिया पुलिस की जांच के दौरान रेंज स्तर से डॉग स्क्वायड की टीम भी आई, जिसने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इससे पहले एमओ टीम, एफएसएल टीम और एसपी ने भी गहनता से हत्या की जगह ओर कुटिया का निरक्षण किया था। अब इस मामले में आरोपी जसवीर सिंह से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है की उसने साधु चेतनदास की हत्या क्यों और किससे की।

# हिस्ट्रीशीटर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जोधपुर,** (कासं)। पाली जिले में रायपुर क्षेत्र में एक पार्टी से तीन-चार लाख रुपये प्लॉट के नाम पर ऐंठकर भागने वाले बदमाशों को जोधपुर में पुलिस ने धर दबोचा। सूचना मिलते ही पाली जिला पुलिस अलर्ट हुई और बदमाशों का पीछा किया, साथ ही जोधपुर पुलिस को सूचना दी। इस पर जोधपुर में डांगियावास में नाकाबंदी की गई। बदमाश वहां पहुंचे और पुलिस की नाकाबंदी देखी तो कार सवार बदमाशों ने कार को भगाया। पुलिस के पीछा किए जाने पर यह लोग बावरला गांव की सरहद में कार समेत तारबंदी में घुस गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच तीनों को पकड़ा। इनमें एक झंवर थाने का और दो बनाड़ थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। इनके खिलाफ 15-20 प्रकरण दर्ज हो रखे है। एक हिस्ट्रीशीटर हथियारों का बड़ा तस्कर बताया जाता है। आरोपियों को अब पाली जिले की रायपुर पुलिस लेकर जाएगी। डांगियवास थानाधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि झंवर के जानादेसर निवासी भापू प्रताप देवासी, सारण नगर बनाड़ निवासी राहुल एवं पीथावास हाल दस दुकान सारण नगर बनाड़ निवासी पुखराज जाट को पकड़ा गया।

# तोपों की गर्जना के साथ हुआ कान्हा का जन्म

## करौली के आराध्य देव मदन मोहन जी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**करौली,** (नि.स.) करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करौली के आराध्य देव मदन मोहन जी मंदिर में रात 12बजे तोपों की गर्जना के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

कृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र के प्रसिद्ध और जन-जन के आराध्य भगवान मदन मोहन मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना मंगला आरती के साथ ही शुरू हो गया। मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालु पदयात्रा करते,कनक दंडवत करते और जयकारे लगाते मंदिर पहुंचे प्रात: मंगला आरती से ही मंदिर बंसीवारे के जयकारों से गुंजायमान रहा वही रियासत कालीन चली आ रही परिक्रमा देने की परंपरा टूट गई। मंदिर प्रबंधन द्वारा परिक्रमा के द्वार पर गेट लगा देने के कारण श्रद्धालु परिक्रमा देने से वंचित रहे सायकाल की झांकी में।

श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा जिलेभर से आए लोग भगवान के दर्शनों के लिए पहुंचे रात 11:30 बजते ही भगवान का पंचामृत से अभिषेक कार्यक्रम शुरू हुआ और 12 बजे तोपों की गर्जना के साथ भगवान श्री कृष्ण जन्म की झांकी सजाई गई जिसके दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी अलर्ट नजर आया उमडी भीड को देखते हुए 2 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 2 पुलिस उपाधीक्षक सहित जिले के 6 थानों के थाना अधिकारी व 150 से अधिक जवान जगह-जगह तैनात किए गए बनी मंदिर परिसर में भी पुलिस के पुख्ता प्रबंध रहे करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस,उप जिला कलेक्टर अमित कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा, करौली कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद्र पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क रहें।


करौली में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मदन मोहन जी मन्दिर में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़।

यातायात पुलिस की ओर से प्रात: से ही शहर परकोटे के गेटों पर ऑटो टेंपो को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया वहीं दोपहर 3 बजते ही मोटरसाइकिल को भी शहर के अंदर जाने से रोका गया जिसके चलते व्यवस्थाएं सुद्धढ नजर आई रात 12 बजे मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं को पंचामृत, पंजीरी का प्रसाद वितरण किया गया जिसके बाद ही श्रद्धालुओं ने जन्माष्टमी का व्रत खोला इसके अलावा शहर के गोविंद देव जी मंदिर के अलावा सैकडों मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की जन्म उत्सव की झांकियां सजाई गई।

# गौ हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

## घरों की तलाशी के दौरान पुलिस को मिले हथियार, चार लोग डिटेन किये

**निवाई, (निसं)।** गांव ललवाडी में गोमांस बेचने को लेकर हुए विवाद में कटी हुई गाय के अवशेष मिलने से सैंकडों ग्रामीण व पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये तथा प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाने में जुट गए।

पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शार्मा ने बताया कि इस्लाम पुत्र ईमाम बक्श निवासी घासी की ढाणी ललवाडी ने पुलिस को लिखित में प्रार्थना देकर अवगत कराया कि गुरुवार को वह एजाज उर्फ लाला पुत्र मुंशी बंजारा के घर गया था। वहां तीन चार लोग गाय को काटकर उसके मांस को बेच रहे थे। जिसका उसने विरोध कर उन्हें समझाया। उसने बताया कि शनिवार की करीब सुबह 6 बजे वह घर से मस्जिद नमाज अदा करने जा रहा था। इसी दौरान मुंशी, सलमान सहित चार पांच लोग उसको रोककर मारपीट कर दी जिससे उसके सिर में चोटें आई है। मारपीट करने वालों ने उसको जान से मारने की धमकी दी है।



गांव ललवाडी में गो हत्या की सूचना पर मौके पर प्रदर्शन करते हुए लोग।



गांव ललवाडी में गो हत्या की सूचना के बाद घरों की तलाशी में पुलिस को मिले हुए बन्दूकें व तलावारें।

गाय कटने की सूचना पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अरनिया मंडल अध्यक्ष हनुमान चौधरी सहित सैकडों कार्यकर्ता, गोसेवा दल के कार्यकर्ता एवं हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर एकत्रित होकर गोहत्या करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कुछ घरों की तलाशी की मांग की। जिदोजहद के बाद घासी की ढाणी में कुछ घरों में तलाशी की। तलाशी में चार बंदूकें मिली। जिनमें से एक बंदूक लोडेड थी। घरों से तलवार, छुर्रे, कुल्हाडी व परसा बरामद किये है।

बंदूकें मिलने की सूचना पर सैंकडों लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा ललवाडी पहुंच कर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने गाय के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करते रहे। इस दौरान पुलिस लाइन से जाप्ता बुलवाया गया। अधिकारी प्रदर्शनकारियों को लगातार समझाते रहे। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी और अतिरिक्त जिला कलक्टर परशुराम धानका भी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

डीएसपी रुद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि मौके पर एमओबी व एफएसएल टीम को बुलवाया। टीम ने विभिन्न प्रकार के साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद मेडिकल बोर्ड से गाय का पोस्टमार्टम करवाया गया। तथा उक्त मामले में चार जनों को डिटेन किया है। इस दौरान मौके पर एसडीएम रवि वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला सेल प्रकाशचंद्र, उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद, पीपलू पुलिस उपाधीक्षक इन्दु लोदी, तहसीलदार प्राजंल कवंर, निवाई थानाधिकारी अजय कुमार, बरोनी थानाधिकारी हरिराम, सदर निवाई थानाधिकारी कप्तान सिंह, दत्तवास थानाधिकारी शिवजीलाल सहित पुलिस का भारी जाप्ता मौके पर मौजूद थे।

# प्राचार्य के बाद स्कूल व्याख्याताओं की विषय वार जारी हो रही तबादला सूची

## शिक्षा विभाग की टीम जयपुर में कर रही सूची बनाने का काम

- वरिष्ठ अध्यापको को मंडल व अंतर मंडल व व्याख्याताओं को विषय बार तबादलों का इंतजार
- 85 हजार तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों को लेकर संशय जारी
- देर रात जारी तीन सूचियों में 612 व्याख्याताओं के हुए तबादले

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य के शिक्षा विभाग में अभी शिक्षा अधिकारी व तीन हजार के करीब शिक्षकों के तबादले किए गए हैं। अभी स्कूल व्याख्याताओ की विषय बार तबादला सूची आना बाकी है। इसके साथ ही वरिष्ठ अध्यापक की अंतर मंडल व मंडल से मंडल तबादले होना बाकी है। वरिष्ठ अध्यापक भी तबादला सूची जारी होने का इंतजार कर रहें है। विश्व आदिवासी दिवस, रक्षाबंधन,स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के चलते तबादला सूची तैयार करने का कार्य एक बार तो रोक दिया गया था। अब सूची आना शुरू हो गया है।

देर रात व्याख्याता ओ की तीन सूची जारी हुई है। शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक, निदेशक व जिला शिक्षा अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। साथ ही प्राचार्य और उप प्राचार्य के बड़ी संख्या में तबादले किए गए हैं। स्कूल व्याख्याता में अभी 10 के लगभग विषयों के व्याख्याताओं के तबादले किए गए हैं। जबकी कला वर्ग के बड़े विषय ऐसे हैं, जिनके एक भी शिक्षक का तबादला नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक स्कूल व्याख्याताओं व वरिष्ठ अध्यापक की तबादला सूचियों पर काम चल रहा है। जिसके लिए विभाग की टीम जयपुर में कार्य कर रहीं है। शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के भी बड़ी संख्या में तबादले होने हैं। इस साल अभी तक गिने-चुने कार्मिकों को ही इधर-उधर किया गया है। इनके अलावा शारीरिक शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्षों आदि को भी तबादलों का इंतजार है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया की राज्य में 3828 माध्यमिक स्कूलों को समाप्त कर उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत कर दिया गया। इन स्कूलों में कार्य कर रहे साढ़े तीन हजार प्रधानाध्यापकों को समायोजन का इंतजार है। हालांकि प्राचार्य नहीं लगाने तक उन्हीं स्कूलों में संस्था प्रधानों को दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक करीब 375 प्रधानाध्यापकों को उप प्राचार्य के पदों पर लगाया गया है।

## ठगी करने का मामला दर्ज

**नसीराबाद, (निसं)।** फर्जी सैन्य अधिकारी बन कर सेना भर्ती कराने का सब्ज बाग दिखाकर ठगी की फिराक में षड्यंत्र रचने पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की मिली जानकारी के अनुसार नसीराबाद घोसी मोहल्ला निवासी मांगीलाल यादव ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका एक मकान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नसीराबाद में है। जिसमें 3 माह पहले बूंदी निवासी किशन मीणा किराए पर रहने आया रिपोर्ट कर्ता अक्सर मकान व दुकान की सार संभाल करने जाता रहता जिसपर उसे जानकारी मिली कि उसका किरदार सेना का अधिकारी नहीं है और सेना की वर्दी व बैच लगाता है जिसे उसने भी तीन-चार बार देखा है वह अपने साथ दो-तीन आदमी और रखता है व धोखे से आमजन में अपने आप को सैन्य अधिकारी बताता है वह फौज में भर्ती करवाने के नाम से अनुचित रूप से पैसा वसूलता है और फर्जी फार्म भरकर लोगों को ठगता है, उसके कमरे पर फार्म, फर्जी वर्दी आदि मैंने देखे हैं। 3 माह से यह कार्य कर रहा है अपने पास सेना के फर्जी परिचय पत्र रखता है।

# महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

- ट्रेवल एजेंसी में नौकरी पर रखा, जूस में नशीला पदार्थ पिलाया

**जोधपुर, (कासं)।** जिला पश्चिम में एक महिला को जूस में नशा पिलाने और बाद में एक होटल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का प्रकरण दर्ज हुआ है। महिला ने बस ऑपरेटर और उसके दोस्त के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के साथ यौन शोषण का केस दर्ज करवाया है। पुलिस अब इसमें जांच में जुटी है। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि 26 साल की महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह एक स्थान पर अपने पति से अलग रहती है। वह किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशन में है।

25 जुलाई को उसे हैदराबाद नौकरी के लिये जाना था। तब उसने 12वीं रोड स्थित एक ट्रेवल एजेंसी पर फोनिंग संपर्क किया था। वहां पर कार्यरत एक शख्स बुधाराम ने उसे बस ऑपरेटर बताते हुए बातचीत की थी। महिला का कहना है कि बाद में उसने हैदराबाद जाना कैंसिल कर दिया और उसने फोन पर वहां जाने से बस ऑपरेटर को मना कर दिया। मगर बस ऑपरेटर ने उससे बातचीत करना शुरू कर दिया और वाटसअप पर मैसेज आदि डालने लगा। इस पर महिला ने नौकरी की इच्छा जताई। उसे बाद में बस ऑपरेटर ने अपने कार्यालय पर रखवा दिया। महिला का आरोप है कि एक दिन उसे कार्यालय में जूस पिलाया गया। जिससे वह बेहोश हो गई। इस पर बाद में बुधाराम नाम का शख्स उसे अपनी गाडी में डालकर वहां से एक होटल में लेकर गया। जहां दुष्कर्म कर वीडियो बनाया। होश आने पर उसे वीडियो के बारे में बताया। महिला को बाद में उसे घर पर छोड दिया। मगर वह बाद में फिर वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर यौन शोषण करने लगा। इसमें उसने अपने एक मित्र गोपाराम को लगाया। दोनों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि घटना में मामला दर्ज किया गया है।

# बैंक लूट गैंग का खुलासा, 21.90 लाख रुपए और 200 ग्राम सोना बरामद

- अब तक आठ आरोपी गिरफ्तार, सात फरार

**अलवर, (निसं)।** भिवाडी के एक्सिस बैंक में 4 जुलाई को 6 हथियारबंद बदमाशों ने डकैती वारदात को अंजाम दिया था। इसमें बदमाश 94 लाख रुपए की नगदी और लॉकर में रखे सोने के आभूषणों को बैग में भरकर फरार हो गए थे। इस मामले में भिवाडी पुलिस ने 21.90 लाख रुपए की नगदी और 200 ग्राम सोने के आभूषणों को बरामद किया है। इसके साथ ही भिवाडी पुलिस वारदात के मुख्य सरगना तक पहुंचने में कामयाब रही।

गुरुवार देर शाम भिवाडी पुलिस ने इस वारदात का इसका खुलासा किया। घटना के बाद भिवाडी थाना प्रभारी जितेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने घटना के 20 दिन बाद ही लूट की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग के सात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया था। लूट की राशि में से चार लाख 17 हजार रुपए नगद, घटना में काम में ली गई। पुलिस ने आरोपियों से 5 पिस्टल, मैगजीन, दो खाली मैगजीन, 4० जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक इनोवा गाडी सहित जैमर बरामद किए थे। गिरफ्तार आरोपियों राजीव सिंह उर्फ पुल्लू उर्फ सरदार ने पूछताछ में बताया कि एक्सिस बैंक डकैती की वारदात को बेउर सेंट्रल जेल, पटना में कई सालों से डकैती, लूट, हत्या के मामलों में सजा काट रहे राजीव कुमार उर्फ पूल्लू उर्फ सरदार ने अपनी गैंग के सदस्यों को जेल से ही ऑपरेट कर वारदात को अंजाम दिलवाया था। जिसके बाद भिवाडी पुलिस ने बिहार के समस्तीपुर जिले के शेखोपुर गांव के रहने वाले राजीव कुमार सिंह पुत्र अमरेंद्र प्रताप सिंह को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया।

उसे भिवाडी लाकर उसे कडी पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उनकी गैंग का मुखिया सुबोध सिंह है, जो कि फिलहाल लूट, हत्या, डकैती के अनेक मामलों में बिहार की बेउर सेंट्रल जेल में सजा काट रहा है। बिहार की बेउर सेंट्रल जेल में सजा भुगत रहा बदमाश सुबोध बिहार के गरीब तबके के लडकों से जेल के अंदर से ही संपर्क करता है। उन्हें बडा और अमीर आदमी बनने का सपना दिखाता है और जो लडके उसके झांसे में आ जाते हैं उनको अपने गुर्गों से हथियार चलाने, लूट, डकैती की वारदातों को अंजाम देने में काम आने वाले उपकरणों की ट्रैनिंग दिलवाता है।

## रामदेवरा जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बाइक से रामदेवरा जा रहे दो युवकों को एक कार ने टक्कर मार दी हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। बदनोर थाना पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर हादसे के कारणों की जांच शुरू की है।

बदनोर थाना पुलिस के अनुसार चित्तौड़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र का रहने वाला 30 वर्षीय रतन लाल सालवी और उसका दोस्त भीलवाड़ा के मंगरोप थाना क्षेत्र का निवासी 28 वर्षीय छोटू लाल रामदेवरा जाने के लिए बाइक से रवाना हुए। ये दोनों बीती देर रात बदनोर थाना क्षेत्र में परा बालाजी मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि इन्हे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

हादसे में रतन और छोटू दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए बदनोर अस्पताल ले जाया गया, जहां इन दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलने पर बदनोर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया गया। आज सवेरे दोनो मृतका युवकों के परिजनों की मोजुदगी में पुलिस शवो का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर हादसे के कारणों की जांच शुरू की है।

# चोरों ने तीन घरों व ज्वैलरी शॉप को बनाया निशाना

## जातरुओं की आड़ में रामदेव मेले में पहुंची चोरों की गैंग

- 15-20 लाख का सोना-चांदी, एक लाख नगद, गाड़ियों से चुराया पेट्रोल

**जोधपुर, (कासं)।** लोक देवता बाबा रामदेव मेले में जातरूओं की आड़ में चोरों की गैंग घुस गई जो कि बाइक पर सवार है। गुजरी रात डांगियवास, झंवर और बोरानाडा में तीन घरों और एक ज्वैलरी शॉप को निशाना बनाते हुए घरवालों की मौजूदगी में ही 15-20 लाख का सोना-चांदी, एक लाख की नगदी और यहां तक कि गाड़ियों से तेल भी चुराया है।

डांगियावास थाना क्षेत्र में कांकेलाव में एक ही रात को दो घरों चोरों ने सेंध लगाई। विष्णु मेघवाल और पास में ही रहने वाले प्रमोद के मकान में सेंध लगी। परिवार के लोग घर में ही थे। चोरों ने इनके मौजूदगी में घरों से बक्सों का उठाया और खेत में खाली कर सोना चांदी रुपये जो हाथ लगे वह ले गए। थानाधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि चोरों ने यह सब चुराने के साथ गाडिय़ों से पेट्रोल भी चुराया है। कारण कि बीच रास्ते कहीं भी पेट्रोल पंप नहीं है। ऐसे में जातरूओं की आड में नकबजन आए है। जो कि बाइक सवार है।

झंवर थानाधिकारी मनोज कुमार परिहार ने बताया कि बंबोर दर्जियान में रहने वाले प्रकाश प्रजापत के घर में चोरी हुई है। रात को परिवार के लोग मौजूद थे। चोरों ने एक लाख की नगदी के साथ कुछ तोला सोना और चांदी के साथ घरेलु सामान ले गए। बोरानाडा थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि आशापूर्णा सिटी के पास पाल नई बस्ती निवासी जितेंद्र सोनी की ज्वैलरी की दुकान आई है।

दुकान कुछ नजदीक दूरी पर है। रात को चोरों ने शटर के ताले तोड़े और वहां से दो सौ ग्राम सोना और दो किलो चांदी के जेवर चुराए। सीसीटीवी फुटेज में एक शख्स नजर आया है जोकि रैन कोट पहने हुआ है। इसमें भी पूरी संभावना बनी है कि चोर जातरू की आड़ में आया है। घटना में जितेंद्र सोनी की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है।

# तीन जोड़ी गाड़ियां पूर्ण रूप से तथा एक गाड़ी आंशिक निरस्त

**कोटा, (निसं)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल के रायगढ़ - झरसुगुड़ा रेल खण्ड पर चौथी रेल लाइन जोड़ने के लिए हिमगिर स्टेशन पर किये जा रहे प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य के चलते कोटा से होकर गुजरने वाली तीन जोड़ी गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 21 अगस्त और 28 अगस्त को तथा गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर सुपरफास्ट दिनांक 24 अगस्त और 31 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-सालीमार सुपरफास्ट 27 अगस्त को तथा गाड़ी संख्या 20972 सालीमार-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट 28 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस 24 अगस्त को तथा गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 27 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में बिसलवास कलां-नीमच रेलखंड पर लाईन दोहरीकरण के कारण हल्दीघाटी एक्सप्रेस को चित्तौड़गढ़ - रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त करने का निर्णय पश्चिम रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया है। गाड़ी संख्या 19818 यमुना ब्रिज आगरा से रतलाम को जाने वाली हल्दीघाटी एक्सप्रेस 20 अगस्त से लेकर 08 सितम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर चित्तौड़गढ़ तक ही जाएगी अर्थात् यह गाड़ी चित्तौड़गढ़ -रतलाम के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा द्वारा बताया कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# पुलिस जिसे चार दिन तक मृत समझ तालाब में ढूंढती रही, वह जिंदा निकली

## महिला ने अपनी मौत का स्वांग रच पुलिस को किया गुमराह

- नाई थाना पुलिस ने महिला को किया दस्तयाब

**उदयपुर, (निसं)।** सिविल डिफेन्स, एसडीआरफएफ टीम व पुलिस जिसे चार दिन तक अलसीगढ़ के तालाब में ढ ूंढ ती रही। वह युवती अन्य के साथ साथ चली गई। मामले में संज्ञान लेते हुए नाई थाना पुलिस ने अपनी मौत की फर्जी रिपोर्ट दिलवाकर पुलिस को गुमराह करने वाली युवती व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने दस्तियाब महिला उसकी बहन सहित तीन आरोपियों को शांति भंग करने के आरोपी में गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़िता मीरा मार्केट चित्तौडगढ हॉल वल्लभनगर निवासी भाग्यश्री बोल्या पत्नी शुभम बोल्या ने नाई पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि में मेरी बहन शालीनी कोठारी राखी मनाने के लिए वल्लभनगर आए। 12 अगस्त को दोनों बड़ी बहन देवश्री बाफना से मिलने उदयपुर आए। वहां से तीनों बहने व बडी दीदी के बच्चे व उनके सास ससुर सभी अलसीगढ घूमने के लिए गए। लघुशंका लगने से बड़ी बहन पत्थर की दीवार के पीछे गई। काफी देर होने पर मौके पर जाकर देखा तो शालीनी नहीं थी एवं उसकी चुनरी, पर्स व चप्पल मौके पर पडे थे। बहन के अलसीगढ़ तालाब में डूबने या गायब होने की रिपोर्ट दी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक भूपेन्द्र के सुपरविजन में नाई थानाधिकारी साबीर खान के नेतृत्व में गठित दल ने प्रार्थी व परिजनों से पूछताछ शुरू की तथा सिविल डिफेन्स और एसडीआरएफ की टीमों को बुला तालाब में शालिनी कोठारी की तलाश की चार दिन बाद भी सुराग नही लगा।

इस मामले में संदेह होने पर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पता चला कि शालिनी व उसकी छोटी बहन का अलीपुरा भुपालपुरा में किराये पर रहने वाले नितेश प्रजापत के संपर्क में होना पाया गया। जिससे पूछताछ की तो उसे गुमशुदा व उसके द्वारा रचे स्वांग का खुलासा होने पर दस्तियाब किया। पूछताछ में गुमशुदा शालिनी कोठारी, उसकी छोटी बहिन भाग्यश्री बोल्या और नितेश प्रजापत से पूछताछ में पता चला कि तीनों वल्लभनगर में स्कूल समय से परिचित है तथा एक दूसरे को जानते हैं। छह-सात माह पूर्व दोनों की शादी हुई थी। रक्षा बंधन पर शालिनी अपने पति हिमालय के साथ वल्लभनगर आई थी। जिसने 12 अगस्त को फोन कर वल्लभनगर हॉल रिजेन्डा सेंटर में वेटर का काम करने वाले नितेश प्रजापत पुत्र रमेश चन्द्र को अलसीगढ बुलाया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर शालिनी को गायब करने की योजना बनाई। जिसके अनुसार बडी बहन देवश्री के साथ अलसीगढ तालाब पर घुमने जाना था तथा तालाब में डूबने का बहाना कर शालिनी को नितेश के साथ भेजना था।

इस पर शालिनी, भाग्यश्री एवं नितेश की योजनानुसार अन्य परिजनों को चकमा देकर नितेश शालिनी को बाईक पर बिठा कर अपने साथ ले गया। इस मामले में थानाधिकारी साबीर खान के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल राकेश मेहता, ललित, कांस्टेबल मोहन, जगदीश, महिला कांस्टेबल भारती, गीतांजलि मय टीम ने शालिनी को दस्यिाब किया। तथा शालिनी, भाग्यश्री व नितेश प्रजापत को शांति भंग करने में गिरफ्तार किया। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने प्रशासन व पुलिस को झूठी जानकारी या अफवाह फैलाकर जनता की सेवा से ध्यान भटकाकर गुमराह नहीं कर नागरिकों को अपने कर्तव्यों को सही मायने में पालन करने का आग्रह किया।

## नवीं से बारहवीं तक एडमिशन अब 31 तक

**बीकानेर, (कासं)।** प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट स्कूल्स में एडमिशन की लास्ट डेट में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। अब इन स्कूल्स में कक्षा नौ से बारह तक के स्टूडेंट्स का एडमिशन 31 अगस्त तक हो सकता है, जबकि पहले लास्ट डेट 16 अगस्त ही थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। दरअसल, स्कूल्स में एडमिशन की लास्ट डेट बढ़ाकर 31 जुलाई की गई थी लेकिन इसे बढ़ ाकर बाद में 16 अगस्त कर दिया गया। अब एक बार फिर बढ़ ाया गया है। तीसरी बार लास्ट डेट में बढ़ोतरी का कारण लगातार शुरू हो रहे नए महात्मा गांधी स्कूल भी है। जिन महात्मा गांधी स्कूल्स को बारहवीं तक अंग्रेजी माध्यम कर दिया गया था, वहां अभी एडमिशन प्रोसेस चल रहा है।

अब तक हुए एडमिशन से साफ है कि प्राइवेट स्कूल्स में एडमिशन बढ़ गए हैं जबकि सरकारी स्कूल में पहले की तुलना में छात्र संख्या कम हो गई है। ऐसे में शिक्षा विभाग को प्रवेशोत्सव अब तक चल रहा है। गांव गांव बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कोरोना काल में फीस कारण प्राइवेट स्कूल छोड़कर आए स्टूडेंट्स अब फिर से प्राइवेट स्कूल की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में शहरी स्कूलों में सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स घटे हैं। गांवों में हालांकि छात्र संख्या में बढ़ोतरी हुई है, वो भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के कारण बढ़ोतरी हो रही है।

# रपट टूटने से रेवदर क्षेत्र के मालगांव-हाथल मार्ग अवरुद्ध


## कई गांवों का सम्पर्क टूटा, अधिकारियों ने दे रखे आश्वासन

- पांच साल पहले तेज बारिश के चलते टूट गई थी रपट

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर क्षेत्र भर में जमकर बारिश के चलते बांधों में पानी की आवक बढ़ने से उनके ओवर फ्लो होकर छलकने के नदियों में पानी आना शुरू हो गया। जिससे मालगांव नदी में पानी की आवक होकर बहने से उस पर काम चलाऊ के रूप मिट्टी डालकर बनाई गई रपट भी पानी के साथ में बह गई। जिससें मालगांव से हाथल जाने वाला मार्ग भी अवरुद्ध हो गया। उक्त मामले को लेकर किसी ने भी सुध लेने की जहमत तक नहीं की है। रपट के पानी से टूट जाने से ग्रामीणों को अनादरा और हाथल आने व जाने के लिए घूमकर सफर करने को मजबूर है।

अधिकारियों ने दे रखे हैं आश्वासन:- ग्राम पंचायत गुलाबगंज के गांव मालगांव से हाथल जाने वाले सड़क मार्ग पर रपट बनी हुई है। उक्त रपट सन् 2017 में भारी बारिश होने के कारण टूट गई थी। जिसके लोगों के आवागमन तक बंद हो जाता है। जिसके उक्त रपट का निर्माण कर समस्याओ का समाधान कर ग्रामीणों को राहत दिलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को मौखिक रूप से उक्त मामले को कई मर्तबा अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन उक्त रपट के टूटकर 5 साल बीत जाने के बाद भी आज दिन तक न किसी जनप्रतिनिधि ने उक्त रपट को लेकर ध्यान देते हुए सुध ली और ना ही किसी अधिकारियों ने उस और रुख दिखाया। जिससे बारिश के दिनों में लोगों को अनादरा व हाथल आने में भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है। इतना नही बल्कि घूम कर सफर करने को विवश है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों को उक्त मामले से अवगत करवाया जाता है तो नाम मात्र का आश्वासन देकर अपना उल्लू सीधा करने तक सीमित हैं लेकिन उक्त आश्वासन पर खरे नही उतर पाए हैं।

गौरतलब है की 2017 में रपट के टूट जाने के बाद स्थानीय समाजसेवी गजाराम चौधरी ने निजी स्तर पर मिट्टी डालकर सही किया था। जिससे अस्थाई के बतौर पर काम चलने लगा था। लेकिन बुधवार को ज्यादा बारिश होने के कारण फिर रपट टूट गई है। जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है।



रेवदर में सड़क की रपट बारिश के पानी के साथ में बह जाने से हाथल जाने वाला मार्ग भी अवरुद्ध हो गया।

## संक्षिप्त

### लड्डूगोपाल को नगर भ्रमण कराया

**गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।** गोविंदगढ कस्बे में जन्माष्टमी के मौक़े पर सीताराम जी के मंदिर के पास से 51 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली तथा लड्डूगोपाल को नगर भ्रमण करवाया गया। कलश यात्रा में राधाकृष्ण की झांकी निकाली गई जो कस्बे के प्रमुख बाजारों से होते हुए राधाकृष्ण मन्दिर में वापस पहुंची। इस यात्रा में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। जन्माष्टमी के मौके पर कस्बे के जगगनाथ महाराज, राधाकृष्ण मन्दिर, गणेश मंदिर सहित मंदिरों में सजावट की गई। राधाकृष्ण मन्दिर में विशेष सजावट की गई और पंचामृत से स्नान करवाया गया। विशेष पोशाक पहनाकर मन्दिर में गुब्बारे एवं झल्लर लगाकर सजावट की गई।

### हादसों को न्योता देता ट्रांसफार्मर

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में सुरपुरा से नोलखों की ढाणी को जाने वाले ग्रेवल सडक मार्ग पर ढाणी के पास रास्ते के बीच में ट्रांसफार्मर होने से वाहन चालकों के साथ राहगीरों व स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। स्थानीय नागरिक बंसीलाल कुमावत व ओमप्रकाश जांगू ने बताया कि बारिश के दिनों में रास्ते में पानी भरने से मुश्किल और बढ जाती है। ग्रामीणों ने कोई अनहोनी घटित होने से पहले बीच रास्ते में आ रहे ट्रांसफार्मर व तान को रास्ते के किनारे शिफ्ट करने की विद्युत विभाग से मांग की है। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र दायमा ने बताया कि ट्रांसफार्मर को रास्ते के किनारे शिफ्ट करने की फाइल बनाकर मंजूरी के लिए आगे भेजी हुई है मंजूरी मिलते ही रास्ते के किनारे शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### इंदिरा रसोई में निशुल्क भोजन आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इंदिरा रसोई के स्थापना दिवस पर शनिवार 20 अगस्त को भामाशाह प्रवीण कुमार सैनी शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर के द्वारा व दीपक कुमावत मुख्य प्रबंधक राजस्थान रोडवेज श्रीमाधोपुर के सहयोग से श्रीमाधोपुर में संचालित इंदिरा रसोई पर नि:शुल्क स्पेशल भोजन प्रायोजित किया जाएगा। रसोई प्रबंधक संतोष कुमार सैनी ने बताया कि रसोई का स्थापना दिवस मनाया जाएगा व इस अवसर पर आने वाले सभी जरूरतमंदों को नि:शुल्क स्पेशल भोजन की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। रसोई प्रबंधक ने कहा कि कोई भी भामाशाह अपने द्वारा कभी भी इंदिरा रसोई पर निशुल्क भोजन न्यूनतम दर पर प्रायोजित कर सकता है। भोजन प्रायोजित करने वाले भामाशाह को मुख्यमंत्री द्वारा अभिनंदन पत्र व प्रमाण पत्र दिया जाता है।

### छात्रसंघ चुनाव से परीक्षा दिनांक बदली

**कोटपूतली, (निसं)।** आगामी 26 अगस्त को प्रस्तावित छात्रसंघ चुनाव के कारण यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में आयोजित हो रही वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2021 को विश्वविद्यालय के आदेशों की पालना में 22 अगस्त से 27 अगस्त की परीक्षा स्थगित कर नवीन संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 30 अगस्त से 06 सितम्बर तक समान पारी में परीक्षा आयोजित की जावेगी। नवीन परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

### मंदिरों में हुए भजन कीर्तन

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बडे हर्षोल्लास तथा धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के हर मंदिरों में भगवान की झांकियां सजाई गई। सुबह से ही भक्तगणों का मंदिरों में दर्शनार्थ ताता लगा रहा। इस अवसर पर भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। वहीं उनियारा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भगवान शिव मंदिर से विशाल जुलूस निकाला गया।

### आर्य समाज ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**कोटपूतली, (निसं)।** आर्य समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हंसा मैरिज पैलेस में कार्यक्रम के संयोजक स्वामी आदित्यानंद के सानिध्य में भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिवस यज्ञ के माध्यम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के द्वारा हुई, जिसमें महात्मा ओम मुनि के ब्रह्मतव में यज्ञ प्रारंभ किया गया। यज्ञ में पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, कन्हैयालाल यादव, दाताराम, प्रधान आर्य समाज डॉ. हरीश गुर्जर, उमेश बंसल, जगराम प्रजापत, रमेश आर्य, प्रेम यादव, रामकुमार सैनी आदि सपत्निक यजमान रहे।

# बंदूक दिखाकर फिरौती के लिए व्यापारी का अपहरण करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**लालसोट, (निसं)।** लालसोट थाना पुलिस द्वारा ऑनलाइन कपडे का व्यवसाय करने वाले व्यापारी युवक को बदमाशों युवकों द्वारा बंदूक की नोक पर रंगदारी के लिए अपहरण की घटना को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को महज 24 घंटे में पकड़कर आरोपियों के कब्जे से व्यापारी युवक को सकुशल छुडवाकर सभी आरोपियों को दूदू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेलने में सफलता अर्जित की गई है।

पूरे मामले को लेकर लालसोट थाना प्रभारी नाथू लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार शाम को पुलिस द्वारा अपहरण के आरोप में गिरफ्तार आरोपी रवि कृष्ण मीणा निवासी बडेखन एवं हेमराज मीणा निवासी कोठी वाली ढाणी मंडावरी लोकेश मीणा निवासी बिछोछ मोहर सिंह मीणा निवासी पूनिया वाली ढ ाणी चिमनपुरा एवं मोनू कुमार मीणा निवासी मानपुरिया वाली ढ ाणी बिलोना कला सहित पांचों बदमाशों को द्वारा एक ऑनलाइन कपडे का व्यापार करने वाले युवक विष्णु शर्मा को सुनियोजित एवं योजनाबद्ध तरीके से इन आरोपियों द्वारा



लालसोट पुलिस ने व्यापारी का अपहरण करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में पकड़कर आरोपियों के कब्जे से व्यापारी युवक को सकुशल छुड़वाया।

बंदूक की नोक पर अगवा कर करीब दो लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। जहां मामले की गंभीरता देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन द्वारा लालसोट पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपर विजन में थानाधिकारी नाथू लाल मीणा के नेतृत्व में थाना अधिकारी रामगढ पचवारा दिनेश मीणा एवं लालसोट थाने के एएसआई रामफूल कॉन्स्टेबल अमर सिंह लहरी लाल अजीत सिंह चमन लाल बाबू लाल आदि की आठ सदस्य टीम का गठन किया था। जहां पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता बदमाशों का पीछा करते हुए विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से तलाश करते हुए थाना पुलिस दूदू की सहायता से सभी आरोपियों को दूदू थाना इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले का खुलासा करने में टीम के कांस्टेबल अमर सिंह की विशेष भूमिका रही है। वहीं आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कार एवं दो अवैध बंदूक भी बरामद की है। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बदमाशों द्वारा पीडित कपडा व्यवसायी विष्णु शर्मा को लालसोट कलेक्शन के लिए आने पर कलेक्शन किए गए रुपयों की लूटपाट करने की पहले से ही योजना बनाई थी लेकिन व्यापारी के पास उस समय पैसा नहीं होने पर व्यापारी युवक को बदमाशों द्वारा अपहरण कर पीडित व्यापारी के चालक को दो लाख फिरौती पहुंचाने एवं नहीं देने पर व्यापारी को जान से मार देने की धमकी दी गई थी। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि आरोपी युवकों से रंगदारी के लिए लिए गए 75 हजार रुपए भी बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वही कपडे के व्यापारी को 24 घंटे के अंदर पुलिस द्वारा कुशल अपहर्ताओं के कब्जे से छुडाने एवं मामले का खुलासा करने पर लोगों द्वारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुलिस टीम को सम्मानित करने की भी मांग की है।

> ■ आरोपियों के कब्जे से दो अवैध बंदूक बरामद, ऑनलाइन कपड़े का व्यवसाय करता है पीड़ित

## श्रीराम गौशाला का विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान सरकार व निदेशालय पशुपालन विभाग द्वारा जिला नोडल अधिकारियों को पशुओं में फैल रहे लंपी स्किन डिजीज रोग के नियंत्रण व रोकथाम के लिए ग्रामीण इलाकों में टीमों का गठन किया गया है।

आर. के. वर्मा पावटा पंचायत समिति विकास अधिकारी द्वारा पाछुडाला ग्राम में गौवंश आश्रय स्थल श्रीराम गौशाला का निरीक्षण किया गया और चारा-भूसा, सफाई, चिकित्सा व गौवंश के लिए लपी वायरस बचाव हेतु की गयी तमाम व्यवस्थाओं को दुरूस्त पाकर श्रीराम गौशाला प्रबंधक लालचंद मीणा के प्रति प्रशंसा व्यक्त की और कहा कि लंपी जैसी बीमारियों से अपने पशुओं को बचाने के लिए हमें पशु बाडों में नियमित साफ सफाई, चूने को बिछाना, सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिडकाव, मखी, मच्छर आदि घातक जीवाणुओं से बचाने हेतु पशु बाडों के आसपास पायरेथ्राइड का छिडकाव करते रहना चाहिए तथा पशुओं को संतुलित आहार खिलाना, ज्यादा से ज्यादा हरा चारा खिलाना, हाथों, कपडों, चप्पल आदी को सेनिटाइज करना, बीमारी के संदिग्ध पशु को स्वस्थ पशु से दूर रख कर तथा किसी भी पशु की मृत्यु की स्थिति में पशु को गाँव तथा जलस्त्रोत एवं गौशाला से दूर गहरा गड्ढा खुदवाकर चूने एवं नमक के साथ वैज्ञानिक विधि से दफनाने से हम पशुओं को सुरक्षित रख सकते हैं।

इस दौरान टीम संकल्प हरियाली सेवा समिति व भामाशाहा गोपाल मंगल पावटा द्वारा पशुओं के टीकाकरण करवाने के लिए स्वयं कि ओर से नि:शुल्क वैक्सीन व दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। वहीं डॉ.नवल कुमार पारिक द्वारा अपने सहयोगी साथियों व टीम संकल्प हरियाली सेवा समिति के सदस्यों को साथ लेकर सभी पशुओं का टिकाकरण व गोवंश आश्रय श्रीराम गौशाला स्थल पर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया।

> ■ लंपी वायरस की रोकथाम के लिए गायों के किया गया टीकाकरण

## राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय पहला सुख निरोगी काया है : जूली

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकीय तंत्र को मजबूत कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय पहला सुख निरोगी काया है।

मंत्री जूली ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्यामगंगा के नव निर्मित भवन का उद्घाटन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालाखेडा में 20 बैड के नए वार्ड का शिलान्यास तथा करीब 5 लाख रूपये राशि से निर्मित टीन शेड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर सीएचसी एवं पीएचसी में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्साकर्मियों का माला पहनाकर सम्मान भी किया। उन्होंने चिकित्सालय परिसर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से बातचीत कर वहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी एवं उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा अनुराग हरित, डॉ. जीवा तिवाडी तथा पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, सरपंच हिम्मत चौधरी, हजारी लाल मीणा, पुष्पा लाला राम सैनी, नरेन्द्र सावित्री मीणा, रमेश सैनी, सुरेश चंद गुप्ता, शिवचरण भलाई, अवदेश सिंह, महेन्द्र यादव, विशाल यादव, गोपाल गुर्जर, बिजेन्द्र सिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

> ■ मंत्री ने वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से वहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्यामगंगा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

## सीसी रोड निर्माण के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत

**दौसा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के आला अधिकारियों की अनदेखी के चलते शुक्रवार को सीसी रोड निर्माण के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। इधर इस घटना के बाद स्थानीय वार्डवासियों में हडकम्प मच गया।

जानकारी अनुसार नगर परिषद द्वारा वार्ड 8 एवं वार्ड 12 की सीमा पर सीसी रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। सीसी रोड निर्माण के दौरान सडक के दोनों ओर लोहे के सरीये ठोककर लोहे की पटरी लगाई जा रहे थी ताकि सीसी रोड का मसाला फैले नहीं। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिला निवासी मजदूर राधे पुत्र रामस्वरुप आदिवासी लोहे के सरीये ठोक रहा था, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की भूमिगत लाईन मात्र 6 इंच नीचे ही होने के कारण सरीये को ठोकते ही करंट लग गया। इसके चलते मजूदर राधे पुत्र रामस्वरुप की मौके पर ही मौत हो गई। इधर भूमिगत केबल से आये करंट से आसपास की कॉलोनियों में हडकम्प मच गया।

बताया जाता है कि जयपुर विद्युत वितरण निगम के आला अधिकारियों द्वारा दावा किया जा रहा है कि भूमिगत केबल जमीन में तकरीबन 3 फीट तक दबी हुई है। इधर राजमिश्र कॉलोनी में भूमिगत केवल मात्र 6 इंच तक ही दबी हुई है। इसके चलते उक्त घटना घटित हुई। वही कांग्रेस के नेता राजेश सैनी ने बताया कि वार्ड में भूमिगत केबल जमीन में मात्र 6 इंच से 1 फीट की गहराई में डाली हुई है। बरसात के दिनों में भूमिगत केबल से करंट आने का डर सताता रहता है। उन्होने बताया कि जहां पर सीसी रोड बना रहा है वहां पर मात्र 6 इंच नीचे ही केबल डली हुई थी। मजदूर ने जैसे ही सरीये पर हथोडे से वार किया उसके साथ ही केबल में कट लग जाने से करंट आ गया। उन्होने बताया कि निगम द्वारा शीघ्र ही केबल को गहराई में नहीं किया गया तो ओर भी घटनायें हो सकती है।

## जनसुनवाई में बिजली, पानी आदि के मुद्दे छाये

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दूसरे दिन भी मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (एमआरएस) की बैठक उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में मंत्री ने सीएचसी में 10 लाख रूपये की लागत से सुलभ शौचालय, 5 लाख की लागत से मरीजों को बैठने के लिए प्रतीक्षालय, 1 लाख रूपये में स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ, 4 लाख रूपये में सीएचसी में हाई मास्क लाईट आदि विकास कार्यों के लिए मंत्री ने विधायक कोष से रूपये देने की घोषणा की। इसके उपरांत मंत्री रावत ने ग्रामीणों की जनसुनवाई की। उसमे बिजली, पानी, शिक्षा और रास्ते खुलवाने के मुद्दे छाये रहे। इस दौरान मंत्री ने अधिकारीयों को संबंधित विभागों को मौके पर निस्तारण के निर्देश दिए । ठामीणों ने स्कुल में शिक्षकों की कमी, तालवृक्ष को वन विभाग से हटाकर देवस्थान में लाने के लिए पत्र दिया । इस मौके डीप्टी सीएमएचओ केके मीणा, एसडीएम सुनीता मीणा, नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा, विकास अधिकारी मातादीन मीणा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.सुरेश मीणा, बिजली एईएन कमल किशोर गुर्जर, जलदाय एईएन युवराज सैनी, पीडब्ल्यूडी एईएन मनीष धार, थानाधिकारी अजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि भवानी शंकर सैनी, समाजसेवी हीरालाल धाबाई, कमलेश चौहान, बजरंग दौराता, रामकरण धाबाई, मंगत राम खटाना आदि मौजूद थे।

## पूरणमल वर्मा का सैन्य सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया

**टोंक, (निसं)।** नक्सलियों के खिलाफ लगातार जंग में डटे रहने वाले उडीसा सीआरपीएफ में तैनात जवान पूरणमल वर्मा (35) के शहीद होने पर जवान की अन्तिम यात्रा में सैकडों संख्या में लोगों ने भाग लिया और सैन्य सम्मान के साथ शहीद जवान पूरणमल वर्मा का अन्तिम संस्कार किया गया।

> ■ 2006 में उड़ीसा सीआरपीएफ की 19 बीएम बटालियन में कांस्टेबल भर्ती हुये

जानकारी अनुसार नक्सलियों के खिलाफ लगातार जंग में डटे रहने वाले उडीसा सीआरपीएफ में तैनात जवान पूरणमल वर्मा (35) की गत बुधवार की शाम आकस्मिक मौत के बाद जब तिरंगे में लिपटा उनका शव शुक्रवार की तडके उनके पैतृक निवास पुरानी टोंक पहुंचा तो परिजनों को ढ ांढ स बंधाने एवं शहीद को अंतिम विदाई देने के लिये पहले से ही वहां मौजूद सैकडों की संख्या में जमा लोग, प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की आखें नम हो उठी। बल्लू भाई नाम से पहचाने जाने वाले मियां का चोक पुरानी टोंक निवासी पूरणमल वर्मा पुत्र स्व. सुन्दरमल 2006 में उडीसा सीआरपीएफ की 19 बीएम बटालियन में कांस्टेबल भर्ती हुये थे। तभी से ही वह लगातार देश के दुश्मनों एवं नक्सलियों के खिलाफ जंग करते आ रहे थे। एक सप्ताह पूर्व अचानक तबियत खराब होने के बाद वह सैनिक अस्पताल में उपचाराधीन थे। जिन्होने बुधवार को अंतिम सांस ली। सवेरे सैनिक वाहन में उनकी पार्थिव देह मिंया का चोक पहुंची तो माहोल पूरा गमगीन हो उठा। सुबह शहीद की अंतिम यात्रा उनके पैतृक निवास से चतुर्भुज तालाब श्मशान घाट के लिये निकली। शहीद जवान अपने पीछे पत्नि लादी देवी, पुत्र शानू एंव रोहित को पीछे छोड गये है। उनकी पार्थिव देह को उनके बडे पुत्र शानू ने मुखाग्नि दी। इस दौरान टोंक नगर परिषद चेयरमैन अली अहमद ने उन्हें नमन किया। इससे पूर्व जिला प्रशासन की और से एडीएम परशुराम धानका, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक सुभाष चन्द मिश्रा, सीओ प्रदीप गोयल, थानाधिकारी पुरानी टोंक उदयवीर सिंह सहित पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, सभापति अली अहमद, पूर्व विधायक कमल बैरवा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, नरेश बंसल, वार्ड पार्षद अशरफ अली, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री दीपक संगत, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, पूर्व प्रधान खेमराज मीना, पार्षद रामदेव गुर्जर, रोहित भांडिया, विक्रम, हेमराज भांडिया आदि लोगों ने श्रंद्धाजली दी।



जवान पूरणमल वर्मा को टोंक नगर परिषद चेयरमैन अली अहमद, एडीएम परशुराम धानका, एएसपी टोंक सुभाष चन्द मिश्रा, सीओ प्रदीप गोयल, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता आदि ने श्रद्धांजली दी।

## प्राचार्य सहित 6 पर मुकदमा दर्ज

**अलवर/जयपुर, (निसं)।** छात्रसंघ चुनाव से पहले अलवर के बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज प्राचार्य सहित 6 लेक्चरर के खिलाफ शिवाजी पार्क थाने में डॉ रमेश बैरवा ने मुकदमा दर्ज कराया है। प्राचार्य पर आरोप है कि उन्होंने डॉ बैरवा को खुद के चैंबर में बुलाकर जलील किया। आरोप है कि जातिसूचक धारणा के आधार पर चुनाव कराने की क्षमता पर सवाल खडे किए। पहले चुनाव समिति प्रमुख बनाया बाद में हटा दिया। हालांकि प्राचार्य लवलीना व्यास ने इस पर कोई भी बयान देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव कराना प्राथमिकता है। डॉ.रमेश बैरवा ने अलवर कला कॉलेज प्राचार्य डॉ लवलीना व्यास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जे सी नारायण, डॉ कर्मवीर सिंह, डॉ रेणु मित्तल, डॉ खेमचंद शर्मा एवं डॉ महेंद्र प्रताप बायला के खिलाफ मकदमा दर्ज कराया है। डॉ बैरवा ने रिपोर्ट दी कि उसे जातिगत एवं वैचारिक दुर्भावनावश षड्यंत्र रच कला कॉलेज में राजनीति विज्ञान के सीनियर प्रोफेसर एवं अनुशासन समिति संयोजक डॉ.रमेश बैरवा को दो दिन तक प्राचार्य कक्ष में बिठाकर जलील और टॉर्चर किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बन जाने से वंचित करने पर उच्च अधिकारी व मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी है। यह भी कहा कि अल्पसंख्यक प्रोफेसर को हटा आरएसएस वं एबीवीपी समर्थकों को चुनाव समिति सदस्य बनाया है।

## सार-समाचार

### पति ने पत्नी की आंख दान की



**किशनगढबास, (निसं)।** लंबे समय से बीमार चल रही रजनी खुराना ने अंतिम समय में इच्छा व्यक्त की ओर कहां मैं चाहती हूं कि मेरे मरने के बाद भी मेरी आंखों की रोशनी जिंदा रहे और कोई उनकी आंखों से दुनिया देख सके। गुरुवार देर रात रजनी खुराना के दुनिया छोड जाने पर परिवार जनों ने सर्राफ चैरिटेबल आई हॉस्पिटल दिल्ली को नेत्रदान किया। समाजसेवी व्यापारी हरमेश खुराना ने बताया कि उनकी पत्नी रजनी खुराना लंबे समय से स्वास्थ्य खराब होने के कारण बीमार चल रही थी। रजनी खुराना की इच्छा थी कि उनकी आंखें दुनिया छोड़ जाने के बाद भी जीवित रहे और कोई उनकी आंखों से दुनिया देखें। गुरुवार देर रात रजनी खुराना की अंतिम सांस रुकने पर सर्राफ चैरिटेबल आई हॉस्पिटल दिल्ली की टीम को बुलाकर नेत्रदान किया। इससे पहले भी हरमेश खुराना के बडे भाई की पत्नी के निधन पर नेत्रदान की गई है।

### जन्माष्टमी पर स्कूल में प्रतियोगिता




**बहरोड/शाहजहांपुर, (निसं)।** शाहजहांपुर कस्बे के रिदम किड्स प्ले स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव के तहत नन्हे मुन्ने बच्चों की कृष्ण व राधा के मनमोहक रूप धारण सहित मटकी व मुरली सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं महोत्सव का शुभारंभ श्री कृष्ण की प्रतिमा पर निर्देशिका रुकमणी गुप्ता व प्रिन्सीपल रीतु गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता निर्णायक ममता सैन, दीपिका शर्मा एवं दिप्ती पाठक रहीं। इस अवसर पर वाईस प्रिन्सीपल सुषमा शर्मा, आशा प्रजापत, सुधा, पूनम, सुधा चौधरी, सीमा, रेखा कंवर, नीलम कंवर, अंजु, मोनु चौधरी, सुमन यादव, अर्चना मिश्रा, प्रतिभा कंवर, देशराज, माडूराम, लालाराम, रमेश यादव, सुशीला, मधु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बनास नदी में डूबने से युवक की मौत

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के महेश्वरा गांव के पास बहने वाली बनास नदी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर मनखुश प्रजापत की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जोलंदा गांव का रहने वाला मनखुश अपने मित्रों के साथ पास में बहने वाली बनास नदी में स्नान करने गया था। उसी समय वह गहरे पानी में चला गया। किशोर को तैरना नहीं आता था उसके गहरे पानी में चले जाने पर साथ में गए दोस्तों ने भागकर उसके डूब जाने की सूचना गांव में जाकर दी। ग्रामीणों ने बौंली पुलिस व मलारना डूंगर तहसीलदार को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मलारना डूंगर तहसीलदार किशन मुरारी मीणा व बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा मय दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। यह क्षेत्र मलारना डूंगर तहसील के व बौंली थाना अंतर्गत आता है। प्रशासन ने बिना विलंब किए स्थानीय ग्रामीण तैराकों की मदद से पुलिस जवानों को बनास नदी में किशोर के शव को ढूंढने में लगा दिया। आखिरकार ग्रामीणों व बौंली पुलिस के जवान हनुमान ने 3 घंटे की मेहनत से एसडीआरएफ टीम के पहुंचने से पहले ही शव को बरामद कर लिया। शव पोस्टमार्टम की औपचारिकता के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### सांभर को जिला घोषित करने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर को जिला बनाने के लिये करीब छह दशकों से क्षेत्र की जनता का इंतजार बना हुआ है लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से समय समय पर नव जिला सृजित करने के लिये गठित की गयी कमेटी के समक्ष भेजे गये सैंकडों प्रस्ताव पर छियासठ सालों से कोई फैसला नहीं हो सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1956 के बाद से अनवरत सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये सांभर के अनेक प्रबुद्धजनों ने प्रमुखता से इस मांग को उठाया था। उसके बाद अंतिम दफा यह मांग वर्ष 2012 में पुरजोर तरीके से अभिभाषक संघ के बैनर तले चलायी गयी। उस वक्त प्रदेश के मुखिया गहलोत ने सांभर को जिला का दर्जा दिलवाये जाने पर विचार करने का अभिभाषक संघ को पूरा भरोसा दिलाया था। उसके बाद निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार शर्मा के सानिध्य में नये सिरे से इस आशय का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। इसी संदर्भ में गुरूवार को सांभर बार एसोसिएशन (अभिभाषक संघ)के तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को विस्तृत विवरण के साथ सांभर उप जिला को जिला का दर्जा दिये जाने का अनुरोध करते हुये एक अभ्यावेदन सौंपा गया है। दूसरी तरफ सांभर को जिले का दर्जा दिलवाने हेतु स्थानीय लोगों की ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाने व एकजुटता प्रदर्शित करने के लिये 22 अगस्त को सांभर बंद रखने का आव्हान किया जा रहा है।

### नगरपालिका अध्यक्षा को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में संचालित गौ सेवक संस्थाओं एवं राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्सा स्टाफ के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल को गौ वंशों मे तेजी से फैल रहे लम्पी रोग से बचाव सम्बंधित कलेक्टर के आदेश की एक प्रति ज्ञापन के रूप में सौंपी गयी। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि फुलेरा में लम्पी रोग से ग्रस्त गौवंशों के लिए अलग से एक सुरक्षित जगह पर कोरेण्टाइन सेन्टर व लम्पी रोग से मृत गौवंश को नगर पालिका द्वारा वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हेतु जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश की कॉपी को ज्ञापन के रूप में दिया। वहीं डॉ. राज सिंह शेखावत ने कहा कि इस रोग से ग्रसित गौ वंश को एक सुरक्षित स्थान की सख्त आवश्यकता है। जिससे तेजी से फैल रहे लम्पी रोग से ग्रसित गौवंश का उचित इलाज हो सके। जिस पर नगर पालिका अध्यक्षा के प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि फुलेरा के गौवंश को बचाने हेतु यह कार्य जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. राज सिंह शेखावत, जितेन्द्र अग्रवाल, नगर पालिका के उपाध्यक्ष योगेश सैनी, एलएसए सीताराम नागा, एलएसए विनोद चौधरी व गौजलसेवा परिवार के संस्थापक एवं गौसेवक अमर चन्द सैनी, बजरंग जोशी, दुर्गा सिंह नरूका, फुलेरा में संचालित एनिमल वेलफेयर संस्था के संचालक मुकेश चौहान व संस्था के अन्य सदस्य पशुधन सहायक राजकुमार चौहान, रोशन कुमावत, रोहित वर्मा, अजय प्रजापत, हेमन्त नायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गौशाला संचालक पर जानलेवा हमला

**देवली, (निसं)।** निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र की कुचलवाडा ग्राम पंचायत की माता बिजासन देवी गौशाला के संचालक पर घातक हमला हुआ। गऊ सेवकों ने बताया कि कुचल वाडा ग्राम पंचायत क्षेत्र में माता बिजासन देवी गौशाला के संचालक परमेश्वर खटीक को कुछ लोगों ने वाहन से टक्कर मारकर गिरा दिया। तत्पश्चात वाहन में आए व्यक्तियों ने गोशाला संचालक परमेश्वर खटीक पर लाठी सरियो से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गौशाला संचालक परमेश्वर खटीक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर गऊ सेवकों ने घायल परमेश्वर को शहर के राजकीय चिकित्सालय मैं पहुंचा एवं हनुमान नगर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पीडित पक्ष ने हमलावर के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाने के लिए हनुमान नगर पुलिस थाना में रिपोर्ट दी है।



वे काफी अनुभवी खिलाड़ी होते है और वे उस तरह से वर्षवर खेलते रहते है और निश्चित रूप से आप एक ही तरीका सभी स्तर पर काम में नहीं ले सकते। आपको यह समझकर काम करना है कि खेल की आवश्यकता कैसी है।

- चन्द्रकान्त पंडित

केकेआर के नवनियुक्त कोच, प्रशिक्षण को लेकर।




आज का खिलाड़ी



## जेमिमा रोड्रिग्स

भारत की महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स हाथ में चोट के कारण 'द हंड्रेड' में केवल दो मैच खेलने के बाद बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जेमिमा नॉर्दन सुपरचार्जर्स टीम का हिस्सा थी। इस भारतीय बल्लेबाज की जगह आयरलैंड की गैबी लुईस को टीम में रखा गया है। जेमिमा ने सुपरचार्जर्स के पहले मैच में ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ 32 गेंदों में 51 रन की धांसू पारी खेली लेकिन उनकी टीम यह मैच हार गई। इसके बाद उन्होंने लंदन स्प्रिट के खिलाफ दो रन बनाए। उनकी टीम ने यह मैच पांच रन से जीता।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपने सौवें टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज इंग्लैण्ड़ के कप्तान कोबिन कोउंड्रे थे, जिन्होंने 1968 में वेस्टइंडीज के विरूद्ध यह कारनामा किया।

# लगातार चौथी एकदिवसीय शृंखला जीतने उतरेगा भारत

हरारे,19 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम लगातार चौथी एकदिवसीय शृंखला जीतने के प्रयास में शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मैच खेलेगी। भारत इस समय तीन मैचों की शृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है और यदि वह इस मैच को जीत लेता है तो उसे 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हो जाएगी। यह केएल राहुल की बतौर कप्तान पहली विजयी शृंखला भी होगी।

करीब तीन माह के बाद मैदान पर वापस लौटे राहुल इस मैच में ओपनिंग भी कर सकते हैं। वह पिछले मैच में चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करने वाले थे मगर 189 रन के लक्ष्य को शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी ने ही हासिल कर लिया, जिसके कारण उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। अगस्त के अंत में होने वाले एशिया कप से पहले राहुल विकेट पर समय बिताने के लिये पहले नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।

दूसरी ओर, यदि शुभमन गिल को पारी की शुरुआत करने का अवसर मिलता है तो वह इस स्थान को अपना बनाना चाहेंगे। गिल ने अपनी पिछली चार पारियों में ओपनिंग करते हुए 64, 43, 98 और 82 के स्कोर बनाये हैं, और वह भविष्य में भारत के स्थायी ओपनर बनने के मजबूत दावेदार हैं।

भारत की प्रतिद्वंदी जिम्बाब्वे को अपने से बेहतर टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिये बल्लेबाजी से जुड़ी कुछ समस्याओं का हल निकालना होगा। जिम्बाब्वे ने इस शृंखला में आने से पहले बांग्लादेश को टी20 और एकदिवसीय सीरीज में मात दी थी, मगर भारत के खिलाफ पहले मैच में टीम का रंग फीका नजर आया।

बंगलादेश के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़ने वाले इनोसेंट काइया, तदीवनाशे मरूमानी, वेस्ले माधेवेरे और तकुद्ज़वनाशे काइटानो को पिच पर समय बिताकर मध्य क्रम के बल्लेबाजों के लिये मंच तैयार करना होगा। टीम को सिकंदर रज़ा और रायन बर्ल से भी विशेष उम्मीदें होंगी।

दीपक चहर, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के खिलाफ जिम्बाब्वे की मानसिकता उनके लिये निर्णायक साबित होगी।

# मुश्किल वक्त में भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ : पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ

इस्लामाबाद, 19 अगस्त। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ सहानुभूति जतायी है।

गौरतलब है कि विश्व फुटबॉल की संचालक संस्था फीफा ने मंगलवार को 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए एआईएफएफ को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद भारत से अक्टूबर में होने वाली अंडर-17 महिला विश्व कप की मेज़बानी भी छिन गयी। फीफा ने पिछले वर्ष पीएफएफ को भी इसी कारण से निलंबित कर था, लेकिन जून 2022 में उसने निलंबन को वापस ले लिया था। पीएफएफ ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, भारतीय फुटबॉल महासंघ और सभी भारतीय प्रशंसकों के साथ सहानुभूति, अपनी टीम को खेलते हुए न देख पाना दुख देता है। भारतीय फुटबॉल हमेशा निडर और मजबूत रहा है। आशा है कि भारतीय फुटबॉल इस निलंबन से जल्द बाहर आये और आने वाले वर्षों में हमें रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। पीएफएफ ने बयान में कहा, प्यार और दोस्ती के साथ आपके मुश्किल वक्त में हम आपके साथ खड़े हैं।

उच्चतम न्यायालय ने कल भारत सरकार को आदेश दिया कि वह निलंबन को समाप्त करने और महिला विश्व कप की मेज़बानी सुनिश्चित करने के लिये फीफा के साथ सक्रिय भूमिका निभाये। फीफा ने कहा है कि प्रशासनिक समिति की नियुक्त के फैसले को निरस्त करने और एआईएफएफ के रोजमर्रा के कार्य महासंघ की कार्यकारी समिति के हाथों में आने के बाद ही निलंबन को हटाया जाएगा।

## एफसी गोवा ने वायुसेना को हराकर वापसी की

कोलकाता, 19 अगस्त। मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा ने शुक्रवार को यहां भारतीय वायुसेना को 1-0 से हराकर डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट में शानदार वापसी की।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। (1) निविदा संख्या : G-450-NFR-Two Wheeler Packing-2022, (2) कार्य का नाम : Open E-Tender for Licensing of Two-Wheeler Packing at Parcel office Jaipur Railway Station of Jaipur Division for 05 years. (3) कार्य का आरक्षित मूल्य: ₹ 13,14,000/- प्रथम वर्ष के लिये (4) जमा की जाने वाली बयाना राशि: ₹ 1,39,600/- (IRPES पोर्टल पर केवल ऑनलाइन नेट बैंकिंग व पेमेन्ट गेटवे के द्वारा) (5) निविदा प्रस्तुत करने एवं निविदा खोलने की अंतिम तिथि व समय: निविदा प्रस्तुत करवाने की अंतिम तिथि: दिनांक 14.09.2022 को 15:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि व समय: दिनांक 14.09.2022 को 15:05 बजे पश्चात्।

638-DP/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


# एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिये भारतीय टीम बहरीन रवाना

नई दिल्ली 19 अगस्त। बहरीन में 20 अगस्त से शुरू होने वाली नौवी एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय पुरुष यूथ हैंडबॉल टीम के कुछ सदस्य बहरीन के लिये रवाना हो चुके हैं जबकि अन्य खिलाड़ी शुक्रवार देर रात उड़ान भरेंगे। चैंपियनशिप के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम चयनित की गयी है।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व महासचिव डा.तेजराज सिंह ने बताया कि बहरीन में नौवीं एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 20 से 31 अगस्त 2022 तक किया जा रहा है।

इसमें हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम के कुछ सदस्य 18 अगस्त को रवाना हुए थे जबकि कुछ सदस्य 19 अगस्त को देर रात रवाना होंगे। चैंपिनशिप के लिए भारतीय टीम के दल प्रमुख डा.आनन्देश्वर पाण्डेय बनाए गए है। उन्होंने भारतीय टीम को चैंपियनशिप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

भारतीय यूथ पुरुष हैंडबॉल टीम:

दीक्षांत वशिष्ठ, आर्यन पटियाल, सौरभ कुमार शर्मा (हिमाचल प्रदेश), नयन शेखावत, दिनेश कुमार गुर्जर (राजस्थान), दीपक कुमार (झारखंड), सुबीर रॉय (पश्चिम बंगाल), आर्यन ब्राहमण (ओडिशा), विशाल बलदेव साहू, स्वपनिल अनिल गावली (महाराष्ट्र), विपुल, यश, हिमांशु (हरियाणा), अमनिंदर सिंह, मनीष राज (चंडीगढ़), रवि कार्तिकेयन, अश्वथ मारुथासलामूर्ति, अनबुशिम अरमुगम (एसटीसी पांडिचेरी)।

**टीम आफिशियल:** सचिन कुमार भारद्वाज, नागा राजू कम्पराजू, अभिजीत पुरुषोत्तम राउत, अजय कुमार

दल प्रमुख : डा.आनन्देश्वर पाण्डेय।

## पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप : अर्जुन शर्मा को एकल बढ़त

कोयंबटूर, 19 अगस्त। अर्जुन शर्मा ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के तीसरे दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर कुल 11 अंडर 205 के कुल स्कोर के साथ एकल बढ़त हासिल की।

पूर्व पीजीटीआई फीडर टूर विजेता अर्जुन (67-69-69) ने इससे पीजीटीआई में अपने पहले खिताब की उम्मीद जीवंत रखी है। एशियाई टूर के विजेता और पूर्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन खलिन जोशी (69-68-69) ने भी तीसरे दौर में 69 का स्कोर बनाया और वह दूसरे स्थान पर हैं।

बेंगलुरु के 21 वर्षीय अक्षय निरंजन ने लगातार तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 68 का स्कोर बनाया। वह कुल नौ अंडर 207 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। निरंजन का यह पहला पेशेवर टूर्नामेंट है।

# सभी देश फ्रेंचाइजी लीग खेलेंगे तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप तक सिमट जाएगा: कपिल देव



सिडनी,19 अगस्त। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर एवं पूर्व कप्तान कपिल देव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि यदि सभी देश फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेलेंगे तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप तक सिमट कर रह जाएगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से सामने आने वाली टी20 प्रतियोगिताओं के चलन पर कई क्रिकेट विशेषज्ञों ने चिंता जताई है, जिनमें एक नाम कपिल देव का भी है। एक तरफ जहां ये लीग आर्थिक रूप से सफल हैं, वहीं कई विशेषज्ञों का मानना है कि इससे टेस्ट क्रिकेट और एकदिवसीय क्रिकेट को खतरा है।

कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और द एज से कहा, मेरे अनुसार यह (टेस्ट क्रिकेट) समाप्त हो रहा है। आईसीसी के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि इस खेल को किस तरह बचाया जाए। यह यूरोप में फुटबॉल के रास्ते पर चल रहा है। वहां देश चार साल में एक बार के सिवा (विश्व कप के दौरान) एक दूसरे के खिलाफ नहीं खेलते। क्या क्रिकेट का भी यही हाल होगा, सिर्फ एक विश्व कप और फिर हर समय क्लब क्रिकेट?

उन्होंने कहा, क्या क्रिकेटर आईपीएल या बिगबैश या ऐसा ही कुछ खेलेंगे? आईसीसी को इसमें और समय लगाकर देखना चाहिये कि वह किस तरह एकदिवसीय क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को जिन्दा रख सकता है, न कि सिर्फ क्लब क्रिकेट को।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और दक्षिण अफ्रीका ने भी हाल ही में अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी टी20 लीग की घोषणा की है, जो जनवरी-फरवरी 2023 में आयोजित हो सकती है।

कपिल देव ने कहा, थोड़ा-बहुत क्लब क्रिकेट ठीक है। बिग बैश ठीक है, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी लीग और यूएई लीग भी अब शुरू हो रही है। अगर सभी देश क्लब क्रिकेट खेलेंगे तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप तक सिमटा रह जाएगा।


**न्यायालयः- अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश नं.-2 हिण्डौनसिटी**

मुकदमा नम्बर-09/2022

D.No.-281

17.08.22

जससिंह आदि बनाम हरखास आम

प्रार्थना-पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयसिंह पुत्र स्व. प्रतापसिंह आयु-53 साल, जाति राजपूत, निवासी-ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील-सूरौठ, जिला-करौली (राज.) मधु देवी पुत्री स्व. प्रतापसिंह, पत्नी श्री नन्द सिंह भाटी, आयु-56 साल, जाति-राजपूत, निवासी-ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील-सूरौठ, जिला-करौली (राज.) हाल निवासी पूजारियो का मोहल्ला, वार्ड नम्बर 10 उनियारा जिला टोंक, (राज.) मंजू सिंह पुत्री स्व. प्रतापसिंह, पत्नी श्री सुरेश सिंह, आयु-50 साल, जाति-राजपूत, निवासी ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील-सूरौठ, जिला-करौली (राज.) हाल निवासी अनंतपुरा, कोटा, (राज.) अनीता पुत्री स्व. प्रतापसिंह, पत्नी श्री निर्भय सिंह, आयु-41 साल, जाति-राजपूत, निवासी-ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील-सूरौठ, जिला-करौली, (राज.) हाल निवासी जटवाडी, तहसील सपोटरा, जिला-करौली, (राज.) ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर मृतक श्रीमती उमा देवी पत्नी स्व. श्री प्रतापसिंह जाति-राजपूत, निवासी-ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील-सूरौठ, जिला-करौली, (राज.), तथा श्री प्रतापसिंह पुत्र श्री रामवक्स कोठारी निवासी ग्राम/पो. सूरौठ, तहसील सूरौठ, जिला करौली (राज.) के द्वारा SBI शाखा सूरौठ में खाता संख्या-70101056822 पर लॉकर संख्या 72 को खुलवा कर उसमें जमा धन राशि (चल व उचल सम्पति) को प्राप्त करने के लिए आवेदगण नम्बर 1 के हक में प्रार्थना-पत्र बावत दिलाये जाने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किये जाने के सभी आवेदकगण ने आवेदन किया है।

लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना-पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 07.9.22 का समय 10.30 ए.एम. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, वर्ना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ती स्वीकार नहीं हागी एवं प्रार्थना-पत्र यकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 17.8.22 को जारी किया गया।

(मुहर) आज्ञा से

सीनीयर रीडर

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश

हिण्डौन सिटी


## स्टाइरिस ने ढाई माह के आईपीएल का समर्थन किया

ऑकलैंड, 19 अगस्त। न्यूज़ीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ स्कॉट स्टाइरिस ने पुरुषों के भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) 2023-27 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को 2.5 माह की विंडो दिये जाने का समर्थन किया है।

आईसीसी ने हाल ही में अगले पांच सालों के लिये पुरुषों की एफटीपी की घोषणा की जिसमें शीर्ष टी20 लीग आईपीएल के लिये निर्धारित समय को बढ़ाकर 2.5 माह कर दिया गया। स्टाइरिस ने स्पोर्ट्स 18 के एक कार्यक्रम में आईपीएल की हिमायत करते हुए कहा कि वह 10 साल पहले भी इसका समर्थन करते थे और अब भी करते हैं।

स्टाइरिस ने कहा, मेरे अनुसार यह (आईपीएल) केंद्र बिंदु बन जाएगा जो दुनिया भर से सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता की परवाह किये बिना एक साथ आकर खेलने का अवसर देगा। इसमें कुछ बुराई नहीं है। मैं 10 साल पहले भी इसके समर्थन में था और अब भी इसके समर्थन में हूं।

# फीफा, एएफसी से भारतीय क्लबों को खेलने की अनुमति देने का आग्रह

नयी दिल्ली, 19 अगस्त। खेल मंत्रालय ने विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) से अनुरोध किया है कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर प्रतिबंध के बावजूद भारतीय क्लबों श्री गोकुलम केरल एफसी और एटीके मोहन बागान को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दें।

फीफा द्वारा सोमवार की देर रात एआईएफएफ को निलंबित करने से अजीब स्थिति पैदा हो गई क्योंकि गोकुलम केरल की महिला टीम अपनी दूसरी एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान पहुंच चुकी थी। महिला टीम को कारशी में 23 अगस्त को ईरान की एक टीम और 26 अगस्त को मेजबान देश की एक टीम के खिलाफ खेलना है जबकि एटीके मोहन बागान सात सितंबर को बहरीन में एएफसी कप 2022 (अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल) में खेलने की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय ने फीफा और एएफसी को ईमेल लिखकर उन्हें इस तथ्य से अवगत कराया गया कि फीफा के एआईएफएफ के निलंबन की घोषणा करने से पहले ही गोकुलम केरल की टीम उज्बेकिस्तान पहुंच गई थी। मंत्रालय ने एक विज्ञिप्त में कहा, "फीफा और एएफसी से अनुरोध किया गया है कि युवा खिलाड़ियों के हित में टीम को एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप (पश्चिम क्षेत्र) में खेलने की अनुमति देने पर विचार करें।" मंत्रालय ने कहा कि वह "टीम को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए हम उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतावास के संपर्क में है।

## प्रज्ञानानंदा की लगातार चौथी जीत, आरोनियन को हराया

मियामी, 19 अगस्त। भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने एफटीएक्स क्रिप्टो कप शतरंज में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी लेवोन आरोनियन को 3 . 1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की ।

सत्रह वर्ष के प्रज्ञानानंदा अब 12 अंक लेकर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ शीर्ष पर हैं । कार्लसन ने चीन के कुआंग लियेम ली को 3 . 1 से हराया।

पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरा मुकाबला जीता । इसके बाद चौथे मुकाबले में 44 चालों में जीत दर्ज करके पूरे अंक हासिल किये । उन्होंने पहले अलीरजा फिरोजा को , फिर अनीश गिरी और तीसरे दौर में हैंस नीमैन को हराया था । फिरोजा के प्रज्ञानानंदा और कार्लसन से चार अंक कम हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। आठ खिलाड़ियों का यह टूर्नामेंट चैम्पियंस शतरंज टूर का अमेरिकी फाइनल है । इसमें सभी खिलाड़ी एक दूसरे से खेलेंगे और हर मैच जीतने पर 7500 डॉलर मिलेंगे ।

# सितंबर में भारत दौरे के लिये न्यूजीलैंड की मजबूत ए टीम

क्राइस्टचर्च, 19 अगस्त। न्यूजीलैंड ने सितंबर में चार दिवसीय मैचों और सीमित ओवरों के भारत दौरे के लिये मजबूत 'ए' टीम का ऐलान किया जिसमें सात अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल है ।

यह 2018 के बाद पहली बार है जब न्यूजीलैंड की ए टीम विदेश में खेलेगी । उस समय न्यूजीलैंड ए ने संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था । भारत दौरे पर न्यूजीलैंड टीम तीन चार दिवसीय मैच और तीन वनडे मैच बेंगलुरू और चेन्नई में खेलेगी । न्यूजीलैंड ए टीम ने 2017 में आखिरी बार भारत दौरा किया था । अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा 15 सदस्यीय टीम में पांच नये खिलाड़ी भी हैं जिनमें चाड बोवेस, मैट फिशर, बेन लिस्टर, रॉबी ओडोनेल और जो वाकर पहली बार न्यूजीलैंड ए के लिये खेलेंगे ।

टॉम ब्रूस और ओडोनेल को संयुक्त कप्तान बनाया गया है । टीम 26 अगस्त को भारत रवाना होगी ।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने एक बयान में कहा ," ए टीमों के दौरों की वापसी अच्छी है और विदेश में खेलने से बढिया क्या हो सकता है । इससे खिलाड़ियों को अलग अलग हालात में खेलने का अनुभव मिलेगा ।"

**न्यूजीलैंड ए टीम** : टॉम ब्रूस , रॉबी ओडोनेल ( कप्तान ), चाड बोवेस, जो कार्टर, मार्क चैपमैन, डेन क्लीवेर, जैकब डफी, मैट फिशेर, कैमरन फ्लेचर, बेन लिस्टर, रचिन रविंद्र, माइकल रिप्पोन, सीन सोलिया, लोगान वान बीक, जो वॉकर ।

न्यूजीलैंड ए और भारत ए के मैचों का कार्यक्रम : पहला चार दिवसीय मैच : एक से चार सितंबर ( बेंगलुरू)। दूसरा चार दिवसीय मैच : आठ से 11 सितंबर ( बेंगलुरू)। तीसरा चार दिवसीय मैच : 15 से 18 सितंबर ( बेंगलुरू )।

पहला वनडे : 22 सितंबर ( चेन्नई )।

दूसरा वनडे : 25 सितंबर ( चेन्नई )

तीसरा वनडे : 27 सितंबर ( चेन्नई )

# भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा पर आसान नहीं होगी राह

## राजस्थान के मानवेन्द्र सिंह भी दौड़ में

नयी दिल्ली, 19 अगस्त। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया लेकिन इस पूर्व खिलाड़ी की राह आसान नहीं होगी क्योंकि राजनीतिक समर्थन वाले कई उम्मीदवार मैदान में हैं।

पूर्व फुटबॉलर से राजनेता बने लोगों के अलावा राजनेता भी मैदान में हैं जो खेल प्रशासन में शामिल होना चाहते हैं। इसके अलावा लंबे समय से खेल प्रशासक की भूमिका निभा रहे लोग भी एआईएफएफ में शीर्ष पद पर काबिज होने की इच्छा रखते हैं।

नामांकन दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई। लंबे समय से लंबित रहे ये चुनाव 28 अगस्त को होने हैं।

पूर्व कप्तान भूटिया के नाम का प्रस्ताव राष्ट्रीय टीम के उनके साथी रहे दीपक मंडल ने रखा और 'प्रतिष्ठित महिला खिलाड़ी' मधु कुमारी ने उनका समर्थन किया।

भूटिया की सफलता के लिए हालांकि यह जरूरी होगा कि मतदाता सूची से पूर्व खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाए। खेल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा के नियम पूर्व खिलाड़ियों को मतदाता के रूप में स्वीकृति नहीं देते। सोमवार को इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय की सुनवाई के बाद तस्वीर साफ होगी।

भूटिया को सबसे बड़ी चुनौती मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर कल्याण



चौबे से मिलेगी जो पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं।

फुटबॉलर के रूप में चौबे भूटिया को कोई टक्कर नहीं देते लेकिन उनके नाम का प्रस्ताव गुजरात फुटबॉल संघ ने रखा है और अनुमोदन अरूणाचल प्रदेश ने किया है जो उनके प्रभाव को दिखाता है।

भारत के दो सबसे बड़े राजनेता (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह) गुजरात से हैं जबकि अरूणाचल प्रदेश पूर्व खेल मंत्री और मौजूदा कानून मंत्री किरेन रीजीजू का गृह राज्य है।

अध्यक्ष पद की दौड़ में आईएफए (पश्चिम बंगाल) अध्यक्ष अजीत बनर्जी भी हैं जो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के बड़े भाई हैं। अगर उन्हें पार्टी नेतृत्व से अनुमति नहीं मिली होती तो वह मैदान में नहीं उतरते।

सूची में तीसरे फुटबॉलर और सबसे कम उम्र के उम्मीदवार 36 वर्षीय भारत के पूर्व मिडफील्डर युगेंसन लिंगदोह हैं जो अब विधायक हैं। वह मेघालय में प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी यूनाईटेड डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सुनील छेत्री के साथ भारत के लिए खेलने वाले लिंगदोह ने सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उनके पिता का निधन हो गया और मावफलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता।

कर्नाटक राज्य फुटबॉल संघ से एनए हैरिस भी दौड़ में हैं जो कांग्रेस विधायक हैं और एआईएफएफ की राजनीति में बहुत सक्रिय हैं।

राजस्थान के मानवेंद्र सिंह के रूप में कांग्रेस का एक अन्य सदस्य चुनौती पेश कर रहा है जो पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ रह चुका है। वह लोकसभा सदस्य रहे हैं और पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय जसवंत सिंह के बेटे हैं।

फीफा में काम करने वाले फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरन ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है लेकिन उन्हें भी पता है कि उनकी राह बिलकुल भी आसान नहीं होने वाली।

अधिकतर देखा गया है कि प्रतिष्ठित नामों के मैदान पर उतरने की स्थिति में काफी उम्मीदवार अपना नाम वापस ले लेते हैं।

भूटिया ने 'प्रतिष्ठित खिलाड़ी' के रूप में नामांकन भरा है और उन्होंने कहा, "मैंने प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के प्रतिनिधि के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। खिलाड़ियों को अनुमति देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों को भारतीय फुटबॉल की सेवा करने का मौका मिल सकता है। हम दिखाना चाहते हैं कि हम न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासक के रूप में भी अच्छे हो सकते हैं।"

इस हफ्ते की शुरुआत में एआईएफएफ पर फीफा के प्रतिबंध से कुछ घंटे पहले भारत में फुटबॉल का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने फीफा की इच्छा के अनुसार 'प्रतिष्ठित' खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार दिए बिना खेल निकाय के चुनाव कराने पर सहमति व्यक्त की थी।

चौबे कार्यकाल से अधिक समय तक पद पर रहने के लिए प्रफुल्ल पटेल को हटाने के मामले में याचिकाकर्ता रहे थे।

राष्ट्रीय टीम के रिजर्व गोलकीपर रहे चौबे ने कहा, "मैंने गुजरात और अरुणाचल से अपने नामांकन के लिए समर्थन हासिल किया है और मैं खुद एक पूर्व खिलाड़ी रहा हूं।"

बनर्जी ने उन्हें सिर्फ उनकी छोटी बहन से जोड़ने पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

बनर्जी से जब पूछा गया कि उन्हें मुख्यमंत्री से कितना सक्रिय समर्थन मिलेगा, तो उन्होंने कहा, "लोग कुछ भी कहें लेकिन मेरा कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। मैं 50 साल से अधिक समय से फुटबॉल की सेवा कर रहा हूं और उन्होंने (ममता बनर्जी) कभी हस्तक्षेप नहीं किया।"

## राष्ट्रीय कयाकिंग प्रतियोगिता के लिए तैयारियां जोरों पर

गूलरभोज/ नैनीताल, 19 अगस्त। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में होने वाली राष्ट्रीय कयाकिंग एवं केनोइंग प्रतियोगिता के लिये तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतियोगिता गदरपुर के गूलरभोज बांध में 22 से 25 अगस्त के बीच आयोजित की जायेगी। विभिन्न राज्यों की 24 टीमें भाग लेंगी और 5000, 1000, 500, 200 मीटर इवेंट की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।


**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3270-71 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-16.08.2022

श्री विजय कुमार पुत्र श्री मंगलचन्द निवासी वार्ड नम्बर 28 अम्बेडकर पार्क के पास, हरिजन बस्ती कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.28 अम्बेडकर पार्क के पास, हरिजन मोहल्ला, श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में गोपाल व कानाराम का मकान, पश्चिम दिशा में चोथूराम का मकान, उत्तर दिशा में आम रास्ता व दक्षिण दिशा में मथुरा व भूराराम का मकान अवस्थित हैं। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 20 फुट उत्तर से दक्षिणी 46 फुट कुल क्षेत्रफल 102.22 वर्गगज या 85.45 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.08.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत खीप का पुरा पंचायत समिति हिण्डौन जिला-करौली**

क्रमांक:-सामग्री/ई-निविदा/ग्रा.पं./2022-23/SPL-1 दिनांक: 18.08.2022

**ई-निविदा सूचना 2022-23**

ग्राम पंचायत खीपका पुरा हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में (निविदा प्रभावी होने की तिथि से) महानरेगा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं (विभाग द्वारा समय-2 पर विभिन्न परिपत्र के अनुसार) में संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति यथा ग्रेबल, ईट, पत्थर रेत/बजरी, क्रेशर ब्रोकण/हैण्ड ब्रोकण, गिट्टी सीमेन्ट, चूना, पट्टिया बाईडिंग वायर, लोहा सरिया, लोहे के दरवाजे एवं खिडकियों पानी टैंकर सप्लाई एवं परिवहन इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 31.03.2023 तक या आगामी आदेश तक निविदायें आमंत्रित की जती हैं। निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता का वाणिज्यकर विभाग में जी.एस.टी अधिनियम 2017 में पंजीयन होना आवश्यक है। सप्लायर्स/विक्रेता जिनके पास जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रक्यूरमेंट प्रक्रिया से बेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण वशर्त www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है निविदा का विवरण निम्नानुसार है। निर्माण सामग्री हेतु निविदाऐं

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | निविदा धरोहर राशि | अनुमानित लागत प्रति ग्राम पंचायत ( लाखों में ) | ऑन लाईन/निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क/ अमानत राशि एवं तकनीकि बिड भौतिक रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कराने की अंतिम दिनांक एवं समय | वित्तीय/तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय स्थान :-ग्राम पंचायत कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत खीप का पुरा | 02 प्रतिशत | 30.00 | 18.08.2022 से 25.08.2022 सांय 5.00 बजे तक | 27.08.2022 साय: 5.00 बजे तक | 30.08.2022 निविदा खुलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक |

निविदा शुल्क रूपये 500/- का डी.डी. सरपंच संबंधित ग्राम पंचायत एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस रू. 500/- का डी.डी. MDRISL जयपुर के नाम बनवाकर बीड सबमीशन कन्फर्मेशन स्लीप के साथ संलग्न कर निर्धारित दिनांक को साय: 5.00 बजे तक हार्ड कॉपी संबंधित ग्राम पचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने पर ही ई-निविदायें मान्य होगा। ई-निविदा अपलोड करने में यदि किसी प्रकार की त्रुटि/गलती रहती है तो संवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा। नोट:- निर्माण सामग्री की वास्तविक मांग कार्य स्वीकृती के पश्चात उत्पन्न होती है। अत: BOQ में अंकित सामग्री की मात्रायें पूर्णत: अनुमानित है। मात्रा कम/अधिक हो सकती है। निविदा वार्षिक दर संविदा हेतु न्यूनतम दर प्राप्ति के लिए आमंत्रित की गई है।

NIB No.-ZKR2223A0328

UBN No. ZKR2223WSRC000378

ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत खीप का पुरा



*मैक्सिको के चिहुआहुआ शहर में एक छोटी सी दुकान है। जहां दुल्हन के कपड़े व अन्य वस्तुएं मिलती हैं। दुकान के शो केस में एक खूबसूरत, छरहरी आकृति दुल्हन की पोशाक में नज़र आती है। गत 90 सालों से "ला पॉपुलर" नाम की इस दुकान में रखे सजीव नज़र आते इस पुतले को जो भी देखता है हैरत में पड़ जाता है। पुतले की ज़र्द त्वचा, हाथों पर दिखती नसें, हथेली की सलवटें और नाखून देखकर बहुत से लोगों को यकीन है कि यह पुतला नहीं बल्कि बहुत ही अच्छी तरह से संरक्षित कोई शव है। "ला पास्क्युलीटा" नाम की यह मैनेक्विन पहले 25 मार्च 1930 को इस ब्राइडल स्टोर में नज़र आई थी। इसकी बड़ी चमकीली आंखें, लाल बाल, चमकती हुई त्वचा देखने वालों को आकर्षित कर लेती थीं। कुछ लोगों ने महसूस किया कि इस पुतले और स्टोर मालिक की मृत बेटी (जिसका तब कुछ अर्सा पूर्व ही निधन हुआ था) में बहुत सी समानताएं हैं। बस इसके बाद तो अफवाहों का बाज़ार गर्म हो गया। कहा जाता है कि, स्टोर की मालकिन पास्क्युला एस्पाज़ी की एक खूबसूरत बेटी थी, जो अपने प्रेमी से शादी करने जा रही थी, पर शादी के दिन ही उसे ज़हरीले ब्लैक विडो स्पाइडर ने काट लिया और उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत से दुखी पास्क्युला ने अपनी बेटी के शव को संरक्षित करवाया और दुकान के शो केस में सजा दिया, ताकि वो सदा दुल्हन बनी रहे, क्योंकि जीते जी वह दुल्हन नहीं बन पाई थी। जैसे-जैसे यह अफवाह फैली स्थानीय लोग बहुत नाराज़ हो गए, स्टोर मालकिन को बुरा-भला कहने लगे। मालकिन ने इन आरोपों का खंडन किया व कहा कि यह बहुत ही उत्कृष्ट कोटि का पुतला है, पर किसी ने उसकी बात नहीं मानी। बाद के वर्षों में इस कहानी पर लोगों का यकीन और बढ़ गया तथा कई अन्य अफवाहें चल निकलीं। स्टोर का वर्तमान मालिक इन कहानियों को जिंदा रखना चाहता है। सप्ताह में दो बार पर्दा लगा कर उसके वस्त्र बदले जाते हैं तथा कुछ विश्वस्त नौकर ही यह काम करते हैं। इन कहानियों में यकीन करने वाले लोग पुतले को संत मानते हैं और दुकान के बाहर श्रद्धांजलि स्वरूप फूल रख जाते हैं, मोमबत्तियां जलाते हैं। दुकान मालिक मारिओ को यह प्रसिद्धी अच्छी लग रही है, इससे उसकी दुकान में भारी भीड़ लगी रहती है। पुतले के शो केस पर एक नोट पर लिखा "द होम ऑफ ला पास्क्युलीटा।"*

# 'आज नहीं तो कल राहुल गांधी को अध्यक्ष पद के लिए तैयार होना होगा'

## राज्य के मु.मंत्री अशोक गहलोत ने स्वयं को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने संबंधी सवाल को काल्पनिक बताते हुए यह बात कही

- **गहलोत ने कहा, मेरी अध्यक्ष बनने की कोई इच्छा नहीं है, ना ही मेरा अध्यक्ष बनना तय है, सिर्फ राहुल ही हैं जो मौजूदा हालात में भाजपा और मोदी का मुकाबला कर सकते हैं।**
- **गहलोत ने कहा, प्रदेश के अंदर मेरा जादू परमानैंट है, मैं परमानैंट जादूगर हूँ, मेरा जादू अपने आप चलता रहता है, बाकी जनता चुनाव हरवा देती है, उसमें हम क्या कर सकते हैं।**

जयपुर, 19 अगस्त (का.प्र.)। राहुल गांधी लगभग मन बना चुके हैं कि अब वे पार्टी अध्यक्ष नहीं बनेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के अन्य दावेदारों के जो नाम सामने आए हैं, उनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम भी शामिल है, लेकिन खुद गहलोत ने अपनी दावेदारी से इनकार करते हुए कहा है कि "मैं किसी भी स्थिति में अध्यक्ष नहीं बन रहा और यह काल्पनिक सवाल है।"

दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि "मेरी अध्यक्ष बनने कोई इच्छा नहीं है और न ही मेरा अध्यक्ष बनना बनता है। पूरी पार्टी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाना चाहती है।" गहलोत ने कहा कि "देश भर में कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ताओं को लगता है कि राहुल गांधी ही वो नेता हैं, जो वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा और नरेंद्र मोदी से मुकाबला कर सकते हैं। मुझे अगर ऐसा लगता कि मेरे अध्यक्ष बनने से कोई बड़ा बदलाव आ सकता है, तो मैं ख़ुद इस बारे में बात करता, लेकिन अल्टीमेटली आज नहीं तो कल राहुल गांधी को अध्यक्ष पद संभालने के लिए तैयार होना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस के कार्यकर्ता निराश होकर घर बैठ जाएंगे।" इसी के साथ जब गहलोत से यह पूछा गया कि यदि राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद उनसे अध्यक्ष बनने को कहे तो, इस पर गहलोत ने सिर्फ यही कहा कि यह एक काल्पनिक सवाल है।

राजस्थान के संदर्भ में गहलोत ने कहा है कि "प्रदेश के अंदर मेरा जादू परमानेंट है। मैं परमानेंट जादूगर हूं, मेरा जादू अपने आप चलता रहता है। मेरा जादू अलग तरह का जादू है, वो जादू देख लीजिए आप कि मुझे सेवा करने का लगातार अवसर मिला है। मेरा तो जिंदगी का मकसद है अंतिम सांस तक गरीब, असहाय की सेवा करना। जो गांधीजी ने कहा था उसमें सब आ जाते हैं। गरीब चाहे ब्राह्मण-वैश्य ही क्यों न हो, मैं गरीब के साथ खड़ा हूं। उससे संतोष मिलता है। सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन मैं गरीबों के लिए खड़ा रहता हूं। मेरा रास्ता था, मैंने दोनों टर्म में शानदार गवर्नेंस दी, एक से बढ़कर एक स्कीम दी हैं। इस बार जनता कृपा करे हम पर, सरकार रिपीट करवाए।"

उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए काम करने पर संतोष मिलता है, अच्छा लगता है, बाकी जनता चुनाव हरवा देती है, उसमें हम क्या कर सकते हैं। इस बार मैं चाहता हूं जनता हमें वापस जिताए, सरकार रिपीट करवाए। इतने हमने काम किए हैं, हर परिवार में हमारी कोई न कोई स्कीम पहुंच गई है। मुफ्त इलाज की सुविधा मिल गई, यह कम बात है क्या? नहीं है। पब्लिक से आव्हान करूंगा कि इस बार कृपा करो हम पर। सरकार बदलती है तो हमारी स्कीम्स बंद हो जाती हैं।

गहलोत ने महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान काले कपड़े पहनने को काला जादू कहने के प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर कहा कि पीएम काले जादू की बातें करने लग गए, काला जादू आ गया है, काला जादू आ गया है। काला जादू है ये ? जादू-टोने हैं ? हम तो बचपन से ही जादू-टोने के खिलाफ रहे हैं। मैजिक अलग चीज है जिस पर मेरा विश्वास है। वो ट्रिक होती है और ये काला जादू जो होता है, ये जादू तो होता नहीं है।

मुख्यमंत्री गहलोत के इन बयानों को लेकर अपने अपने तरीके से सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसा कहकर अशोक गहलोत ने स्वयं को कांग्रेस अध्यक्ष पद की दावेदारी से अलग रखने का संदेश दे दिया है कि वे दिल्ली की राजनीति में नहीं जाना चाहते और राजस्थान में रहकर ही राजनीति करना चाहते हैं। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार की गुड गवर्नेंस की बातें अपने मुंह से करके कांग्रेस आलाकमान को एक बार फिर स्पष्ट रूप से संदेश देने का काम किया है कि वही सरकार चलाने में सक्षम हैं।

## ग्रैच्युटी

जयपुर, 19 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण ने गैर अनुदानित शिक्षण संस्था के कर्मचारियों को भी ग्रैच्युटी पाने का हकदार माना है। इसके साथ ही अधिकरण ने शाह गोवर्धन लाल काबरा पब्लिक स्कूल, जोधपुर, की प्रबंध समिति को निर्देश दिए हैं कि, स्कूल से प्रधानाध्यापक पद से रिटायर हुए प्रेम सुख गौड़ के उत्तराधिकारियों को ग्रैच्युटी की राशि का भुगतान करे। अधिकरण ने यह आदेश प्रेम सुख के उत्तराधिकारियों के दावे पर दिए।

प्रार्थी पक्ष की ओर से अधिवक्ता डीपी शर्मा ने बताया कि, प्रेम सुख गौड़ को जुलाई 1977 में सहायक अध्यापक के तौर पर नियुक्ति मिली थी। उसके बाद जुलाई, 1981 में उन्हें पदोन्नत कर प्रधानाध्यापक बनाया गया।

- **राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण ने कहा है कि, गैर अनुदानित स्कूलों के कर्मचारी भी ग्रैच्युटी पाने के हकदार हैं।**

इसके बाद अगस्त, 2008 में वो इस पद से रिटायर हो गए। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने उन्हें ग्रैच्युटी राशि का भुगतान नहीं किया। अधिकरण को बताया गया कि गौड़ ने पांच साल से ज्यादा की सेवा अवधि पूरी की थी। ऐसे में, पेमैंट ऑफ ग्रैच्युटी एक्ट के तहत उन्हें ग्रैच्युटी पाने का अधिकार है। इसके जवाब में स्कूल प्रबंधन ने कहा कि सरकार से कोई अनुदान राशि नहीं मिलती है, ऐसे में गौड़ ग्रैच्युटी पाने का अधिकारी नहीं हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अधिकरण ने स्कूल प्रबंधन को ग्रैच्युटी राशि का भुगतान करने को कहा है।

गौरतलब है कि दावा पेश करने के कुछ माह बाद प्रेम सुख गौड़ की मौत हो गई थी। इस पर उनके आश्रितों ने दावे को जारी रखा था।

# जयपुर में शुक्रवार को एक ही दिन में तीन सौ नए करोना संक्रमित मिले

## इनमें सबसे ज्यादा 35 मरीज सांगानेर में और मानसरोवर में 30 नए संक्रमित सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 19 अगस्त । राजधानी जयपुर में करोना संक्रमण के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को यहां एक ही दिन में तीन सौ के करीब नए संक्रमित मिले हैं। वहीं प्रदेशभर में 748 नए मरीज सामने आए हैं। इस बीच दो लोगों की मौत भी हुई है।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 69 स्थानों पर 297 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 35 मरीज सांगानेर इलाके में पाए गए हैं। वहीं मानसरोवर में 30, मालवीय नगर में 15, जगतपुरा में 14, इंदिरा गांधी नगर में 12 और प्रताप नगर में 10 नए

- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 748 नए संक्रमित पाए गए हैं।**
- **राज्य में लगातार चौथे दिन भी शुक्रवार को करोना से दो और लोगों की मौत हुई है।**

संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों पर इससे कम संख्या में रोगी पाए गए हैं।

उधर पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश के 22 जिलों में 748 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 803 रोगी पाए गए थे। आज अलवर में 94, अजमेर में 51, भरतपुर में 43, जोधपुर में 38, चित्तौडगढ़ में 34, सीकर में 30, सवाईमाधोपुर में 26, उदयपुर व दौसा में 22-22, नागौर में 19, भीलवाड़ा में 15, कोटा में 11, चूरू व जैसलमेर में 10-10, बांसवाड़ा में 7, झलावाड़ में 3, जालोर व पाली में 2-2, हनुमानगढ़ व सिरोही में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में जांच के लिए 24 हजार 327 सैम्पल लिए हैं।

राज्य में शुक्रवार को नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम हुई है। इस दौरान 404 मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 4407 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 1494 मरीजों का जयपुर में इलाज चल रहा है। वहीं अलवर में 629, भरतपुर में 427 और उदयपुर में 330 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में लगातार चौथे दिन शुक्रवार को भी करोना संक्रमण से हो रही मौतों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान झालावाड़ और प्रतापगढ़ में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9603 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## "गैर स्थानीय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बढ़ाया गया जिससे यहां की कुल विधानसभा सीटों की संख्या 46 से बढ़कर 47 हो गई।

मतदाता सूची में प्रस्तावित बदलावों ने राज्य के नेताओं को परेशान कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस कदम को "क्षेत्र के चुनावी लोकतंत्र के ताबूत में आखिरी कील" की संज्ञा दी। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने भाजपा पर "चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को आयात करने का प्रयास करने" का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को जम्मू तथा कश्मीर के वास्तविक मतदाताओं से समर्थन की उम्मीद नहीं हैं।

इस मुद्दे पर जहां कश्मीर की राजनीतिक पार्टियों का गुस्सा और आक्रोश समझ में आता है, वहीं भाजपा के नेताओं को उम्मीद है कि भाजपा कश्मीर के निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त प्राप्त करेगी। भाजपा को कश्मीर घाटी में भी अपना खाता खुलने की उम्मीद है, जहां वह अब तक एक भी सीट नहीं जीत पायी है।

## सी.बी.आई. ने दिल्ली के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक्साइज़ कमिश्नर के घर पर भी रेड की गई। केजरीवाल सरकार ने गत माह आबकारी नीति रद्द कर दी थी क्योंकि नई दिल्ली के उप राज्यपाल ने इसे गलत पाया था और कहा था कि इस नीति के तहत दिए गए लाइसैंस सिर्फ एक माह अगस्त तक ही मान्य होंगे और सिर्फ सरकारी एजेंसियों को ही लाइसैंस देने की अनुमति दी जो एक सितम्बर से दुकानें चलाएंगी। हालांकि सी.बी.आई. की अधिकृत वेबसाइट पर छापों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, वेबसाइट पर आखिरी खबर 11 करोड़ रू. के सिक्कों में हुए कथित फ्राड से संबंधित केस की है।

आप नेताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सिसोदिया के घर सी.बी.आई. की रेड करवाई है क्योंकि 18 अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स के मुख पृष्ठ पर दिल्ली के एजुकेशन मॉडल को लेकर सकारात्मक खबर छपी थी। सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा मंत्री होने के साथ आबकारी मंत्री भी है।

सी.बी.आई. की रेड से अप्रभावित केजरीवाल ने अपने मिस्ड कॉल अभियान की घोषणा की और लोगों से अपने नैशनल मिशन में शामिल होने का अनुरोध किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि, देश का नम्बर वन बनाने के हमारे नैशनल मिशन में शामिल होने के लिए 9510001000 पर मिस कॉल दीजिए। आइए भारत को सबसे ऊपर ले जाएं। आप के प्रवक्ता संजय सिंह ने सी.बी.आई. एक्शन को प्रधानमंत्री की ओछी सोच बताया वही केजरीवाल ने सी.बी.आई. को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि उन्हें उप मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ नहीं मिलेगा।

आप के राघव चड्डा ने कहा कि सी.बी.आई. को अपनी पिछली रेड्स में कुछ नहीं मिला और इस बार भी उसे उनके आवास पर पैन्सिल्स और ज्यॉमैट्री बाक्सेस के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि उसने अरविंद केजरीवाल के आवास पर छापा मारा था, लेकिन उसे वहां सिर्फ चार मफलर मिले। इस बीच, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि उनकी पार्टी ने बोगस कम्पनियों को शराब लायसैंसों के अवैध वितरण वाले करोड़ों के घोटाले को लेकर तत्कालीन पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना को गत जून माह में पत्र लिखा था और नियमों के कथित उल्लंघन तथा प्रक्रियागत खामियों को लेकर पार्टी ने सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए कई विरोध प्रदर्शन भी किए थे। सी.बी.आई. ने अपने छापों की सूचना शाम को लीक करते हुए दावा किया कि अपने जनता के एक सेवक के आवास से नई आबकारी नीति से संबंधित दस्तावेजों की आधिकारिक गोपनीय फाइलें बरामद की गई हैं। उसने बताया कि इन्हें उनके आवास पर शायद नहीं रखा जाना था। यद्यपि एजेंसी ने यह खुलासा नहीं किया कि जनता का वह सेवक कौन है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि वह दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त अरावा गोपी कृष्ण हो सकते हैं जो इस सौदे में सिसोदिया के साथ शामिल थे।

नई आबकारी नीति में अनियमितताओं का पता लगाने वाली एक जांच रिपोर्ट के आधार पर इन छापों की अनुमति दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा दी गई। सी.बी.आई. ने चार सरकारी सेवकों-सिसोदिया, दो आई.ए.एस. अधिकारियों और दिल्ली राज्य कैडर के एक अधिकारी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने से पूर्व धारा 17 ए के अधीन सक्सेना से अनुमति प्राप्त की। एफ.आई.आर. में 15 के नाम: कथित आबकारी घोटाले में दर्ज एफ.आई.आर. में सिसोदिया सहित 15 जनों के नाम हैं। छापे ना केवल दिल्ली में बल्कि सात राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मारे गए। उप राज्यपाल द्वारा सी.बी.आई. जांच की सिफारिश करने और इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को निलम्बित करने के बाद आबकारी नीति संदेह के दायरे में आ गई थी। सिसोदिया ने स्वयं भी सी.बी.आई. जांच की मांग की थी।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के मुख्य सचिव द्वारा जुलाई माह में दायर एक रिपोर्ट के आधार पर सी.बी.आई. जांच की सिफारिश की गई थी। इस रिपोर्ट में जी.एन.सी.टी.टी. एक्ट 1991, ट्रांजैक्शन ऑफ बिजनैस रुल्स (टी.ओ.बी.आर.) 1993, दिल्ली एक्साइज़ एक्ट -2009 और दिल्ली एक्साइज़ रुल्स, 2010 का प्रथम दृष्ट्य उल्लंघन पाया गया था। इसी बीच, भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने यह प्रशन करते हुए भाजपा पर प्रहार किया कि यदि आबकारी नीति इतनी ही साफ-सुथरी थी तो उसे वापस क्यों लिया गया? उन्होंने कहा कि "क्योंकि केजरीवाल जानते थे कि उनकी कलई खुलने वाली है।" जब आप कर दाताओं का करोड़ों रुपया लूट चुके हैं और आपने शराब माफिया के साथ बैठकर आबकारी नीति बनाई है तो आप की जगह अन्य कहीं नहीं बल्कि जेल में है।"

## 'मीरवाइज़ ना तो नज़रबंद और ना ही हिरासत में'

श्रीनगर 19 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि कश्मीरी अलगाववादी नेता मीरवाइज़ उमर फारुक नजरबंद नहीं है।

सिन्हा ने बीबीसी से कहा कि उमर फारुक घर में कैद नहीं है। एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में उनके पिता की मौत हो गई थी इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी उनके पास रहते हैं। उन्होंने कहा कि मीरवाइज न तो गिरफ्तार है और न ही हिरासत में हैं। उन्हें यह निर्णय करना चाहिए कि वह क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में भी मीरवाइज़ फारुक को जन सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में नहीं लिया गया था।

# 'मछलियों का कोविड टैस्ट करो...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अब आकर महामारी का प्रसार कुछ कम हुआ है क्योंकि चीन सरकार ने वहाँ अपनी सारी ताकत लगा दी है। लेकिन महामारी अनेकानेक बड़े नगरों तथा आर्थिक गतिविधि के केन्द्रों में फैल रही है। मुफ्त आवागमन को सीमित एवं नियंत्रित रखने के सरकारी प्रयासों के कारण अर्थव्यवस्था को जबरदस्त नुकसान पहुँच रहा है।

निरन्तर चल रही "ज़ीरो-कोविड पॉलिसी" के दुष्प्रभावों के चलते, चीन की आर्थिक ग्रोथ जबरदस्त रूप से घटती जा रही है। आर्थिक ग्रोथ, जो पहले 5:2 प्रतिशत तय की गई थी, को संशोधन के पश्चात घटाकर इस समय 3:2 प्रतिशत कर दिया गया है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि इतनी कम ग्रोथ भी अनिश्चित दिखाई दे रही है क्योंकि देश के बहुत बड़े हिस्सों में माँग घटती जा रही है।

इसे कोढ़ में खाज ही कहा जायेगा कि खरीदारों द्वारा "मॉर्गेज पेमेन्ट्स" का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार भी इस समय कोविड-संक्रमण की तरह ही जबरदस्त रूप से बढ़ता जा रहा हैं और इसके चलते, अर्थ-तंत्र बिल्कुल डगमगा रहा है। खरीदारों ने मकान-निर्माण कम्पनियों को भुगतान करने के लिये बैंकों से कर्ज ले लिया था, लेकिन चूँकि उनको घर नहीं मिले हैं, इसलिये कर्जदारों ने मॉर्गेज की बकाया राशि चुकाने से इंकार कर दिया है।

बैंकों से ऋण लेने वालों का यह कदम कई बैंकों के अस्तित्व के लिये चुनौती बन गया है तथा बैंकों के डूबने से लोगों की निजी बचतें भी डूब जायेंगी।

हो सकता है कि चीन का यह कदम हास्यास्पद लगे, लेकिन पकड़ी गई जीवित मछलियों की कोविड-जाँच कराने की चीन की कोशिशें कोविड-संक्रमण के सिद्धांत पर ही आधारित हैं।

चीनी लोगों का मानना है कि कोविड वायरस उन मछलियों तथा मछुआरों के द्वारा फैल रहा है जो इस व्यवसाय से जुड़े अन्य लोगों एवं व्यापारियों के सम्पर्क में आ रहे हैं।

चीन का मानना है कि मछलियों की शीतलन प्रक्रिया कोविड महामारी के लिये जिम्मेदार है तथा पैकेजिंग का ठंडा वातावरण कोविड वायरस को पोषित कर रहा है।

दुनिया के किसी भी अन्य देश में यह विचार न तो मान्य है और न इसके अनुरूप आचरण ही किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सिद्धांत को मानने का न तो कोई आधार है और न आँकड़े ही इसकी पुष्टि करते हैं।

कोविड को फैलने से रोकने के मामले में चीन की हताशा की स्थिति दिन-पर-दिन बढ़ती ही जा रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इसके प्रसार को रोकने का कोई उपाय नहीं है।

खासतौर से, चीन "ज़ीरो-कोविड पॉलिसी" के कारण आम जनता इससे बचाव के सहज उपाय एवं साधन भी नहीं अपना पा रही है। और इसका नतीजा यह हुआ है कि जहाँ भी कोविड पहुँच गया है, वहाँ यह आँधी-तूफान का रूप ले रहा है।

## 7 लाख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्रेन से गिर गया। इसकी वजह से उसका टखने तक दायां पांव और बाएं हाथ की चार अंगुलियां कट गईं। ऐसे में उसे मुआवजा दिलाया जाए। जवाब में रेलवे की ओर से कहा गया कि, दुर्घटना का कोई गवाह नहीं है। इसके अलावा रिकॉर्ड में ऐसी कोई दुर्घटना दर्ज नहीं है। इसलिए ऐसे में क्लेम याचिका को खारिज किया जाए। तथापि, दोनों पक्षों को सुनने के बाद अधिकरण ने रेलवे को हर्जाना राशि अदा करने को कहा।

# जलवायु परिवर्तन से सारस पर संकट मंडरा रहा है

## माना जा रहा है कि मानसून की लेट लतीफी के कारण सारस पक्षी का प्रजनन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है

इटावा, 19 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के इटावा में अमर प्रेम के प्रतीक सारस पक्षी का प्रजनन जलवायु परिवर्तन के कारण बुरी तरह से प्रभावित होने का अनुमान लगाया जा रहा है ।

सारस पक्षी की गणना करने वाली पर्यावरणीय संस्था सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के चेयरमैन डा.राजीव चौहान ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि मानसून की लेट लतीफी के चलते सारस पक्षी के प्रजनन के बुरी तरह से प्रभावित होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। सामान्यता जुलाई में सारस के अंडे धान के खेतो में दिखने लगते थे लेकिन इस दफा यह नजर नही आ रहे है। उन्होंने बताया कि वो और उनकी टीम दो महीने के सर्वे करने मे जुटी हुई है जहॉ केवल तीन या चार नेस्ट ही मिले है। उनकी संस्था वन विभाग के सहयोग से पिछले 20 सालो से सारस गणना का काम करने मे जुटे हुए है लेकिन

- **देश में सारस की कुल आबादी का 70 फीसदी यूपी में निवास करता है। इसके साथ ही देश के जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान में भी कहीं कहीं यह निवास करते हैं।**
- **भारत के अलावा नेपाल, पाकिस्तान, चाइना, म्यानमार, कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम व आस्ट्रेलिया में भी सारस पाए जाते हैं । सैफई के निकट समान कटरा वैटलैण्ड क्षेत्र में सारस विश्व में सबसे अधिक संख्या में पाए जाते हैं। यही कारण है कि सैफई में सारस पर विश्व स्तर की कॉन्फ्रैंस आयोजित की गई।**



पहली दफा ऐसे हालत नजर आते हुए दिख रहे है। इस पहले इस अवधि मे कम से कम 60 नेस्ट देखने को मिल जाया करते थे । पिछले साल 45 के आसपास नेस्ट मिले थे इस दफा अभी तक मात्र 4 या 5 ही नेस्ट मिले है। उनका उम्मीद जतायी कि सितंबर मध्य तक हालात कुछ बेहतर हो सकते हैं।

देश में सारस की कुल आबादी की 70 फीसदी यूपी में निवास करती है। इसके साथ ही देश के जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान में भी कहीं कहीं यह निवास करते हैं। भारत के अलावा सारस नेपाल, पाकिस्तान, चाइना, म्यानमार, कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम व आस्ट्रेलिया में भी पाए जाते हैं । सैफई के निकट समान कटरा वेटलेंड क्षेत्र पर सारस विश्व में सबसे अधिक संख्या में पाए जाते हैं। यही कारण है कि सैफई में विश्व स्तर की कान्फ्रेंस आयोजित की गई । उत्तर प्रदेश का इटावा जिला सारस पक्षी के सबसे बडे आशियाने के तौर पर देश दुनिया के मानचित्र पर काबिज है।सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2002 में इटावा के सभी तालाबों,झाबरों को ऊसर सुधार योजना के तहत समाप्त किया जा रहा था तब इलाहबाद उच्च न्यायालय में बाइल्ड ट्रस्ट आफॅ इडिण्या ने एक याचिका दायर कर इस परियोजना से तालाबों को होने वाले नुकसानों को रोकने की पहल की।

किसानों का मित्र माना जाने वाले सारस का वजन औसतन 12 किग्रा, लम्बाई 1.6 मीटर तथा जीवनकाल 35 से 80 वर्ष तक होता है। सारस वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनूसूची में दर्ज हैं। देश में सारस की 6 प्रजातियां है। इनमें से 3 प्रजातियां इंडियन सारस क्रेन,डिमोसिल क्रेन व कामन क्रेन है, भारतीय उपमहादीप में सारस पक्षियों की अनुमानित संख्या 8 हजार है,इनमें अकेले इटावा में 2500 सारस है अनूकूल भौगोलिक परिस्थितियां सारसों को अपनी ओर आकर्षित करती रहती है।

## रिज़र्व बैंक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार की योजना है कि इन्हें कम कर के, इसकी संख्या एक कर दी जाये। उन्होंने कहा कि आर.बी.आई. ने साफ तौर पर कहा है कि ऐसा करना सर्वनाश को आमन्त्रण देना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा ही अपनी "मनमानी" की है क्योंकि इसने नोट बंदी के मामले में भी आर.बी.आई. की सलाह नहीं मानी थी। इस बीच, आर.बी.आई. ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि "सम्बन्धित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के विचार हैं तथा वे विचार भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।" सम्बन्धित लेख आर.बी.आई. के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित हुआ था तथा इसके लेखक स्नेहल एस हरवाडकर, सोनाली गोयल तथा रिषुका बंसल हैं, जो आर.बी.आई. के डिपार्टमेंट ऑफ इकॉनॉमिक एंड पॉलिसी रिसर्च की बैंकिंग रिसर्च डिवीजन में कार्यरत हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908